
# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शुक्रवार 21 नवंबर 2025


## महाराष्ट्र के सांगली में फेरे लेंगे पलाश-मंधाना
## मुंबई में रिसेप्शन, कई सेलेब होंगे शामिल



**इंदौर।** महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना और पलाश मुछाल महाराष्ट्र के सांगली गांव में सात फेरे लेंगे। 23 नवंबर को दोनों विवाह सूत्र में बंधेंगे। इस हाईप्रोफाइल शादी के आमंत्रण कार्ड इंदौर में मुछाल परिवार के रिश्तेदारों व मेहमानों को भी बंटे हैं।




पीएम मोदी ने गमछा लहराकर उत्साहवर्धन किया

### बिहार में सीएम नीतीश समेत 27 मंत्रियों ने ली शपथ, पीएम मोदी अमित शाह-नायडू और मप्र के सीएम डॉ. यादव भी रहे मौजूद

# 10वीं बार मुख्यमंत्री बने नीतीश सम्राट व सिन्हा 'डिप्टी सीएम' बने

### भाजपा के 14 और जदयू के 8 मंत्री शामिल

### नए मंत्रियों में 1 मुस्लिम, 3 महिलाएं और 3 नए विधायक भी शामिल



एजेंसी ▶▶पटना

बिहार चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत के बाद अब सूबे में नई सरकार का गठन हो गया। पटना के गांधी मैदान में आयोजित समारोह में नीतीश कुमार 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। सीएम नीतीश ने 10वीं बार शपथग्रहण कर नया इतिहास रच दिया है। नीतीश के साथ ही नई सरकार के 26 मंत्रियों ने भी पद और गोपनीयता की शपथ ली।

भाजपा के कोटे से सरकार में दो डिप्टी सीएम बनाए गए हैं- सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा। नीतीश मंत्रिमंडल में शपथ लेने वाले मंत्रियों में मंगल पाण्डेय, अशोक चौधरी, लेशी सिंह, श्रेयसी सिंह, रमा निषाद, मदन सहनी भी शामिल हैं। नीतीश कुमार के शपथग्रहण में मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के साथ एनडीए की सरकार वाले राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद थे।

**किस पार्टी से कितने मंत्री?**

- भाजपा :14
- जेडीयू : 8
- लोजपा-आर : 2
- हम और रालोमो:1-1



सीएम डॉ. यादव पीएम मोदी का अभिवादन करते हुए

### पीएम ने फिर अपना गमछा लहराया

शपथ ग्रहण समारोह समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अनोखा अंदाज देखने को मिला। सबसे पहले वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का हाथ थामकर मंच के आगे की ओर बढ़े। इसके बाद पीएम मोदी ने पांच बार झुककर जनता का अभिवादन किया। फिर जनता की ओर मुड़कर अपना गमछा लहराया। बदले में गांधी मैदान में मौजूद लोगों ने भी अपना अपना गमछा लहराकर उनका अभिवादन स्वीकार किया।

### ये भी मंत्री

रालोमो कोटे के दीपक प्रकाश किसी सदन के सदस्य नहीं हैं। उपेंद्र कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश को विधान परिषद में लाया जाएगा। जीतनराम मांझी ने अपने बेटे संतोष सुमन को हम कोटे से दोबारा मंत्री बनवाया है। चिराग पासवान ने महुआ से मुकेश रौशन व तेज प्रताप यादव को हराने वाले संजय कुमार सिंह व बखरी से सीपीआई को हराकर आए संजय पासवान को मंत्री बनवाया है।

### समारोह में ये दिग्गज हुए शामिल

शपथ ग्रहण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव शामिल हुए। मंच पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा सांसद मनोज तिवारी और भोजपुरी कलाकार पवन सिंह दिखाई दिए।

**शहीद आशीष शर्मा का पार्थिव शरीर देख फूट-फूटकर रोया पुलिस महकमा**

## शहीद पंचतत्व में विलीन, सीएम ने दिया कंधा छोटे भाई को 'सब इंस्पेक्टर' बनाने का ऐलान




सीएम ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की

### सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा-परिवार को 1 करोड़ रुपए की सम्मान निधि देंगे



शहीद को भावुक विदाई दी गई

**नरसिंहपुर।** बालाघाट में नक्सली मुठभेड़ में शहीद होने वाले इंस्पेक्टर आशीष शर्मा का गुरुवार को उनके गृहग्राम बोहानी (नरसिंहपुर) में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों ने उनकी पार्थिव देह को मुखाग्नि दी।

## अल फलाह यूनिवर्सिटी चेयरमैन के घर पर चलेगा बुलडोजर!

दिल्ली ब्लास्ट का मुख्य आरोपी डॉ. उमर उन नबी अल फलाह यूनिवर्सिटी के जनरल मेडिसिन डिपार्टमेंट में असिस्टेंट प्रोफेसर था

### महू कैंट बोर्ड का नोटिस...तीन दिन में खुद हटाओ नहीं तो तोड़ने का खर्च भी वसूलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶इंदौर

महू कैंटोनमेंट बोर्ड ने अल फलाह ग्रुप के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी के घर को तोड़ने का नोटिस जारी हुआ है। कैंटोनमेंट बोर्ड कहा है कि अगर तीन दिनों के अंदर खुद घर नहीं हटाया तो स्ट्रक्चर को गिरा दिया जाएगा।

कैंटोनमेंट इंजीनियर एचएस कलोया ने कहा कि हमने मरहूम मौलाना हम्माद के घर को एक नोटिस जारी किया है, जो जवाद अहमद सिद्दीकी के पिता हैं। नोटिस के अनुसार डिपार्टमेंट ने पहले भी 1996 और 1997 में कैंटोनमेंट्स एक्ट 1924 की संबंधित धाराओं के तहत बिना इजाजत कंस्ट्रक्शन को हटाने का निर्देश देते हुए कई कम्युनिकेशन जारी किए थे। कलोया ने कहा कि लेकिन बार-बार नोटिस देने के बावजूद कंस्ट्रक्शन को नहीं हटाया गया।



इस मकान को ढहाया जाना है


### कई आतंकियों का यूनिवर्सिटी से संबंध

दिल्ली ब्लास्ट से जुड़े कई आतंकियों का यूनिवर्सिटी से संबंध था, जिससे जांच करने वालों को इंस्टीट्यूशनल रिकॉर्ड, फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन और एडमिनिस्ट्रेटिव अप्रूवल की जांच करने के लिए कहा गया। हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी 10 नवंबर को दिल्ली में हुए ब्लास्ट केस में जांच का केंद्र बन रही है। दिल्ली ब्लास्ट में 15 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे।




## खबर संक्षेप

### सजा के बाद बच्ची की मौत, शिक्षिका गिरफ्तार



**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में देर से स्कूल आने पर कथित तौर पर 100 उठक-बैठक लगाने के लिए मजबूर किए जाने के कारण छठी कक्षा की एक छात्रा की मौत के मामले में एक महिला शिक्षिका को गिरफ्तार किया गया है। वालिव पुलिस ने बताया किवसई क्षेत्र के सातिवली स्थित निजी स्कूल से शिक्षका को हटा दिया गया था।

### दहशत फैलाने वाला अरेस्ट,कट्टा-गोली जब्त



**मधुबनी।** नरहिया थाना पुलिस ने मंगलवार देर शाम गश्त के दौरान त्वरित कार्रवाई करते हुए फायरिंग कर दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उ एक देसी कट्टा, आठ जिंदा कारतूस तथा घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया है। एसडीपीओ ने बताया कि दहशत फैलाने की नियत से फायरिंग की सूचना मिली।

### मराठी न बोलने की सजा मौत? इंसाफ दें



**कल्याण।** महाराष्ट्र के कल्याण में 19 वर्षीय कॉलेज छात्र अर्नव खैरे की आत्महत्या ने उसके पिता जितेंद्र खैरे को पूरी तरह तोड़ दिया है। पिता का आरोप है कि लोकल ट्रेन में मराठी न बोलने पर हुई मारपीट ने बेटे को इतना डराया कि उसने जान दे दी। खैरे बताते हैं कि 18 नवंबर को अर्नव अंबरनाथ-कल्याण लोकल से मुलुंड के केलकर कॉलेज जा रहा था।

### दिल्ली के स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी



**चाणक्यपुरी।** दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में गुरुवार सुबह बड़े निजी स्कूल को बम धमकी की ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया। स्कूल प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और छात्रों व स्टाफ को सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया। तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है, लेकिन जांच जारी है। ग 10:45 बजे स्कूल प्रशासन को एक अज्ञात ईमेल मिला।

### टिकट दो वरना नोटा का बटन दबाएंगेः शिया



**मुंबई।** महाराष्ट्र में बीएमसी के चुनाव को लेकर गहमागहमी तेज हो गई है। महायुति से लेकर विपक्षी महाविकास अघाड़ी में शामिल दल चुनावी रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। मुंबई के शिया समुदाय ने राज्य के सेकुलर राजनीतिक दलों के सामने एक बड़ी मांग रख दी है। उनका कहना है कि अगर उनके समुदाय के नेताओं को टिकट नहीं दिया गया तो नोटा दबाएंगे।

## सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज सहित 175 हस्तियों ने लिखा खुला पत्र

# विपक्ष बिहार का जनादेश अस्वीकार करे सरकार बदलाव पर 'मनमानी' कर रही

### हम पूरी तरह पारदर्शी, जवाबदेह, मुक्त और निष्पक्ष चुनावों की मांग कर रहे



सुप्रीम कोर्ट

एसआईआर को बताया धोखाधड़ी

**सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज भी इसमें शामिल रहे**



एसआईआर प्रक्रिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज बी. सुदर्शन रेड्डी सहित 175 प्रमुख हस्तियों ने बिहार चुनाव, चुनाव आयोग और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर खुला पत्र लिखा है। इन हस्तियों ने बिहार चुनाव परिणाम को धोखाधड़ी माना है और विपक्षी से आग्रह किया है कि वह इन नतीजों को स्वीकार न करे। पत्र में कहा गया कि हम देश के नागरिक पूरी तरह पारदर्शी, जवाबदेह, मुक्त और निष्पक्ष चुनावों की मांग करते हैं। हम बिहार चुनाव परिणाम को धोखाधड़ी मानते हैं और विपक्ष से भी यही मांग करते हैं कि वह इन परिणामों को स्वीकार न करे। इन स्थतियों ने कहा कि एसआईआर की मौजूद प्रणाली एक ऐसी सरकार की इच्छा पूरी करती है, जो किसी भी तरह सत्ता बनाए रखना चाहती है। बदलाव के नाम पर मनमानी चुनाव प्रक्रिया होती है। हमने दर्शक, विश्लेषक और टिप्पणीका के रूप में यह सब देखा है कि यह बदली हुई व्यवस्था कैसे लोकतंत्र पर असर डालती है और पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के सिद्धांतों को नजरअंदाज करती है।

### मतदाताओं को जानबूझकर हटाया जा रहा

उन्होंने कहा, यह हमारे लोकतंत्र और हमारे संविधान की रक्षा की लड़ाई का एक नया अध्याय है। अब धोखाधड़ी का खेल खुले तौर पर सामने आ गया है। मतदाताओं को जानबूझकर हटाया जा रहा है और उतनी ही सावधानी से नए मतदाता जोड़े जा रहे हैं, ताकि एक खास ताकत के उम्मीदवार जीत सकें। हम बिहार की जनता के साथ खड़े हैं और इन चुनाव परिणामों को अस्वीकार करते हैं।

#### सर में चालाकी से हर मतदाता के लिए एक नया फॉर्म जोड़ दिया

पत्र में कहा गया कि चुनाव आयोग के अनुसार एसआईआर प्रक्रिया 2003 की प्रक्रिया पर आधारित है, लेकिन वास्तव में उससे कोई मेल नहीं खाती। इसमें चालाकी से हर मतदाता के लिए एक नया फॉर्म जोड़ दिया गया है, जिससे उन्हें दोबारा मतदाता सूची में नाम लिखवाना पड़ता है। नाम हटाने की प्रक्रिया और अंतिम सूची किसी तरह की पारदर्शिता नहीं दिखाती और कोई जवाबदेही नहीं लेती।

#### कोई भी योग्य मतदाता नहीं छूटना चाहिए

हस्तियों ने कहा, हम मतदाताओं के रूप में एकजुट होकर खड़े हैं। हम मानते हैं कि कोई भी योग्य मतदाता नहीं छूटना चाहिए। हमें राजनीतिक विपक्ष से निराशा है, क्योंकि उन्होंने इस बदली हुई चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लिया। लोगों के बीच मतदाता अधिकार यात्रा को समर्थन मिलने के बावजूद चुनाव में शामिल होना धोखाधड़ी से बनी इस सरकार को वैधता देता है।

#### विपक्ष ने भी काम करने की कम क्षमता दिखाई

इसके अलावा, विपक्ष ने देश के जमीनी नागरिक संगठनों के साथ रणनीतिक रूप से काम करने की भी कम क्षमता दिखाई है। नागरिक समाज ने इस चुनावी संकट के दौर में कई प्रभावी कदम उठाए हैं।

#### चुनाव आयोग सही काम नहीं कर रहा



उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे आगे 12 और राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया लागू होने वाली है, हम चुप नहीं बैठेंगे। चुनाव आयोग अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल दिख रहा है और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रहा है। सही काम नहीं कर रहा।

#### हस्तियों में ये रहे शामिल

खुले पत्र में हस्ताक्षर करने वाली हस्तियों में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज बी सुदर्शन रेड्डी, पूर्व अधिकारी देवश्याम एमजी, अर्थशास्त्री और लेखक पराकला प्रभाकर, हाईकोर्ट के पूर्व जज शंकर केजी, फिल्म अभिनेता प्रकाश राज, माधव देशपांडे, राम शरण आदि शामल हैं।

## शरजील केस में बोली दिल्ली पुलिस

# जब बुद्धिजीवी आतंकवादी हो तो वह बेहद खतरनाक होता है

### भड़काऊ भाषणों का आरोप दोहराया



दिल्ली दंगा का नजारा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में 2020 में हुए राष्ट्रीय राजधानी में दंगों के मामले में सुनवाई के दौरान 'बुद्धिजीवी आतंकवादियों' पर बड़ी बात कही। पुलिस ने कहा कि जब बुद्धिजीवी आतंकी बनते हैं तो अन्य आतंकवादियों से ज्यादा खतरनाक हो जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को कई सालों से जेल में बंद उमर खालिद, शरजील इमाम की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान, दिल्ली पुलिस ने लाल किला ब्लास्ट और व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल के भंडाफोड़ का जिक्र किया। पुलिस ने कहा कि एक नैरेटिव बनाया जा रहा है कि ये सब बुद्धिजीवी हैं और परेशान किया जा रहा है। ऐसा नहीं है, बुद्धिजीवी कई गुना ज्यादा खतरनाक होते हैं।

#### पुलिस ने अदालत में कुछ गंभीर वीडियो दिखाए

2020 के उत्तर-पूर्व दिल्ली दंगों से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में कुछ वीडियो दिखाए, जिनमें शरजील इमाम को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देते हुए दिख रहा है। पुलिस ने दावा किया कि इन भाषणों से माहौल बिगड़ा और लोगों को उकसाने का काम हुआ। बता दें कि शरजील इमाम पर आरोप है कि उन्होंने सीएए और एनआरसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के दौरान ऐसे भाषण दिए, जिनसे सरकार के मुताबिक कानून-व्यवस्था पर असर पड़ा। शरजील आरोपों से इनकार करता रहा।

#### प्रदर्शन से सिर्फ सच्चाई पर पर्दा डाला गया

दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि जब बुद्धिजीवी आतंकवादी बन जाते हैं तो वे जमीनी स्तर पर काम करने वाले आतंकवादियों से अधिक खतरनाक हो जाते हैं। सीएए का विरोध प्रदर्शन सिर्फ दिखावा और सच्चाई पर पर्दा डालने का प्रयास था, असली मकसद सत्ता परिवर्तन और अर्थव्यवस्था का गला घोंटना था। बताया जा रहा है कि दिल्ली पुलिस की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि एक ट्रेंड सामने आया है जिसमें बुद्धिजीवी सरकारी फंडिंग का इस्तेमाल डॉक्टर और इंजीनियर बनने और फिर देश विरोधी कामों में शामिल होने के लिए कर रहे हैं।

**राष्ट्रपति ने देश में उनके योगदान को किया याद**

# आदिवासी समुदाय लोकतंत्र की जननी, इतिहास उनके बिना अधूरा

### जनजातीय गौरव दिवस समारोह में शिरकत की

एजेंसी ▶▶ अंबिकापुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में जनजातीय गौरव दिवस समारोह में शिरकत की। उन्होंने आदिवासी समुदायों के योगदान को याद करते हुए कहा कि भारत का इतिहास उनके बिना अधूरा है और यही समुदाय हमारे लोकतंत्र की सच्ची जननी है।प्राचीन काल के गणराज्यों से लेकर आज तक आदिवासी परंपराओं में लोकतांत्रिक मूल्य जीवंत रहे हैं। बस्तर का मुरिया दरबार इसका जीता-जागता उदाहरण है। उन्होंने बताया कि छग, ओडिशा और झारखंड जैसे राज्यों में आदिवासी विरासत की जड़ें बहुत गहरी हैं।



जनजातीय गौरव में राष्ट्रपति

#### सरकार के काम को सराहा

उन्होंने खुशी जताई कि छग सरकार ने पूरे राज्य में भव्य स्तर पर आदिवासी गौरव पखवाड़ा मनाया। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का भी जिक्र किया। 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' देश के 50 मिलियन से भाई-बहनों तक पहुंचेगा।

#### 'आदि कर्मयोगी अभियान' भी अहम

'आदि कर्मयोगी अभियान' की चर्चा करते हुए राष्ट्रपति ने बताया कि इसके तहत देशभर में करीब 20 लाख स्वयंसेवकों का नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। ये स्वयंसेवक गांव-गांव जाकर आदिवासी समुदायों के विकास में सीधे योगदान देंगे।

# खाई में गिरी एसयूवी, पिकनिक मनाए गए छह

एजेंसी ▶▶ रायगढ़

महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में दर्दनाक हादसे में 6 युवकों की जान चली गई। ये पिकनिक मनाने गए थे लेकिन उनकी एसयूवी 400 फीट गहरी खाई में गिर गई। यह घटना मंगलवार तड़के हुई लेकिन पुलिस को गुरुवार को जानकारी मिली।एक अधिकारी ने बताया कि ड्रोन कैमरे की मदद से वाहन का पता लगाया गया। पुलिस ने बताया कि 18 से 22 साल की उम्र के ये सोमवार देर शाम पुणे से एक थार एसयूवी में सवार होकर निकले थे।तमहिनी घाट सड़क रायगढ़ और पुणे जिलों को जोड़ती है। और एक बेहद सुंदर सड़क है। यह एक लोकप्रिय पिकनिक स्थल है।

### कोयंबटूर में पीएम ने किसानों से की बात

# वाराणसी वाले खाते हैं यहां का पान? किसान बोला- बिल्कुल

एजेंसी ▶▶ कोयंबटूर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोयंबटूर में दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन में किसानों के साथ हुई बातचीत का एक वीडियो गुरुवार को एक्स पर पोस्ट किया। सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने केले के अवशेषों से बने कपड़े-बर्तन, मोरिंगा पाउडर, पारंपरिक चावल की सैकड़ों किस्में, सफेद चाय, जीआई टैग वाले पान के पत्ते और शहद जैसे उत्पाद देखकर काफी प्रभावित हुए। प्रधानमंत्री सबसे पहले केले की खेती करने वाले किसानों के स्टॉल पर रुके। उन्होंने पूछा, कि क्या ये पूरे भारत में ऑनलाइन बिकते हैं? इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कुंभकोणम के पान के पत्ते और मदुरै की मोगरा चमेली देखकर उन्होंने हल्के अंदाज में पूछा कि वाराणसी वाले भी पान खाते हैं न? किसानों ने हंसते हुए कहा, जी बिल्कुल।



किसानों से बात करते प्रधानमंत्री

### डिफेंस डीलर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में चार्जशीट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ब्रिटेन स्थित रक्षा डीलर संजय भंडारी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। इससे कथित विदेशी संपत्तियों और अवैध वित्तीय संबंधों की लंबे समय से चल रही जांच फिर से शुरू हो गई है। ये चार्जशीट दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट में दायर की गई है। अधिकारियों के अनुसार पीएमएलए के तहत वाड्रा का बयान इसी वर्ष जुलाई में दर्ज किया गया था। एजेंसी ने उन पर डिफेंस डीलर भंडारी से जुड़ी विदेशी संपत्तियों और वित्तीय लेन-देन से जुड़े होने का आरोप लगाया है।

### बारकोड डालते ही मतदाता सूची में गड़बड़ आई सामने

# 4 जिलों में एक मतदाता के 36 व दूसरे के 33 वोट पाए गए

एजेंसी ▶▶ मेरठ

यहां एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) में फर्जी वोटर का पर्दाफाश होने लगा है। एक मतदाता के 36 और दूसरे के 33 वोट विभिन्न जिलों में पाए गए हैं। जागृति विहार में राकेश कुमार त्यागी नामक मतदाता के चार अलग-अलग जिलों में 36 वोट मिले हैं और उनके पड़ोसी गोपाल के 33 वोट कई जिले में पाए गए हैं। इस चौंकाने वाले खुलासे ने बीएलओ को हैरान कर दिया है और प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित कर दिया है। जागृति विहार सेक्टर-8 स्थित प्राइमरी स्कूल में एसआईआर अभियान में गणना प्रपत्र जमा करने की प्रक्रिया बीएलओ द्वारा कराई जा रही थी। राकेश और गोपाल ने फॉर्म देकर उसे ऑनलाइन ब्योरा दर्ज कराने के लिए कहा। बीएलओ ने दोनों फॉर्म के बारकोड को सर्च किया तो उनकी दूसरे जनपदों में वोट मिली।



लोगों के मतदाता कार्ड की जांच करते अधिकारी

#### कई मतदाताओं के अलग- अलग वोटर कॉर्ड

राकेश ने बताया है कि उनकी वोट मेरठ और प्रतापगढ़ सहित 36 अलग-अलग स्थानों पर दर्ज है। उम्र अलग-अलग दर्ज थी। गोपाल के 33 वोट मेरठ, अलीगढ़, मथुरा जैसे कई जनपदों में पाए गए। ये दो ही मतदाता नहीं हैं अन्य बहुत सारे मतदाताओं के फर्जी वोट बने हैं। एक-एक मतदाता के कई वोट अलग-अलग जनपदों में होने की जानकारी लगने पर लोगों की भीड़ लग गई और अपने अपने फॉर्म पर बने बारकोड को सर्च करने लगे।

#### मतदाता, पिता का नाम और फोटो एक

राकेश और गोपाल की जो वोट फर्जी मिली हैं। उनके मतदाता, उनके पिता का नाम व फोटो एक ही हैं। कुछ वोटों में आयु भी एक ही लिखी गई है, जबकि पता अलग-अलग लिखा गया है। आशंका है कि सिमकार्ड आदि लेने के लिए दिए गए आधार कार्ड आदि की कॉपी से उनके नाम की फर्जी वोट बनाई गई हैं।



# हरिभूमि

जबलपुर

शुक्रवार, 21 नवंबर 2025

- अगहन मास कृष्ण पक्ष -1
- वर्ष : 20, अंक : 203
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 26
न्यून. 10

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा

## सोशल मीडिया अपने कंटेंट की जिम्मेदारी ले



**नई दिल्ली।** सिंगापुर में आयोजित ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डिजिटल दुनिया की चुनौतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए मंत्री ने कहा कि डीपफेक, सिंथेटिक सामग्री और तेजी से फैलने वाली अफवाहें नागरिकों और संस्थाओं के बीच भरोसे को प्रभावित कर रही हैं।

सीएम डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र में पर्यटन को मिली नई उड़ान

# गाजे-बाजे के साथ शुरू हुई 'पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र ने हवाई पर्यटन के क्षेत्र में एक गौरवशाली अध्याय शुरू किया है। प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी को सुदृढ़ कर पर्यटकों की संख्या में वृद्धि करने के उद्देश्य से मप्र टूरिज्म बोर्ड की ओर से 'पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा' का संचालन गुरुवार से विधिवत शुरू हो गया है। परंपरागत गाजे-बाजे, उत्साह, रंगों और स्थानीय जनता के गर्मजोशी भरे स्वागत के साथ यह सेवा शुरू हुई। पहले दिन जनप्रतिनिधियों ने तीन सेक्टरों में शेड्यूल के अनुसार भोपाल से मढ़ई और मढ़ई से पचमढ़ी के लिए उड़ान भरी। इंदौर से उज्जैन एवं ओंकारेश्वर और जबलपुर से कान्हा तथा बांधवगढ़ के बीच हेली सेवा संचालित हुई।

### भोपाल, इंदौर और जबलपुर से जनप्रतिनिधियों ने भरी पहली उड़ान


माननीयों ने पहले दिन सफर किया

### किफायती किराया समय भी बचेगा

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्रप्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बताया कि यह सेवा आध्यात्मिक, प्राकृतिक और वन्यजीव पर्यटन को एक तेज, सुगम और किफायती हवाई मार्ग प्रदान करेगी। अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति, गृह तथा प्रबंध संचालक, मप्र टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि किफायती किराए और कम समय में गंतव्य तक पहुंचना।

### पहली यात्रा में ये माननीय रहे मौजूद

भोपाल से मढ़ई के लिए सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया सिंह नारोलिया, श्रीमती प्रीति शुक्ला, योगेंद्र राजपूत और संदेश पुरोहित ने यात्रा की। मढ़ई से पचमढ़ी तक की उड़ान में इनके साथ पिपरिया विधायक ठाकुर दास नागवंशी और सोहागपुर विधायक विजय पाल सिंह भी जुड़े। इंदौर से महेंद्र हडिया, रमेश मेंदोला, सुनीता मिश्रा और श्रवण सिंह चावड़ा ने उज्जैन और ओंकारेश्वर के लिए उड़ान भरी। उज्जैन में आयोजित 10 मिनट की जॉय-राइड में महंत आनंद पुरी, महंत मंगल दास, महंत रामेश्वर गिरी और महंत डॉ. रामेश्वर दास शामिल हुए।

### अब मिनटों में हवाई सफर

**धार्मिक सेक्टर :** उज्जैन–ओंकारेश्वर अब मिनटों में

| | | |
|---|---|---|
| इंदौर–उज्जैन (20 मिनट) | उज्जैन–ओंकारेश्वर (40 मिनट) | ओंकारेश्वर–इंदौर (25 मिनट) |

**ईको टूरिज्म सेक्टर :** भोपाल–मढ़ई–पचमढ़ी तक तेज कनेक्टिविटी

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल–मढ़ई (40 मिनट) | मढ़ई–पचमढ़ी (20 मिनट) | सीधी उड़ानः भोपाल–पचमढ़ी (60 मिनट) |

**वाइल्डलाइफ़ सेक्टर :** जबलपुर से जबलपुर-मैहर- चित्रकूट- कान्हा- बांधवगढ़- अमरकंटक की तेज पहुंच



| | | |
|---|---|---|
| जबलपुर–मैहर (60 मिनट) | | मैहर–चित्रकूट (30 मिनट) |
| जबलपुर–बांधवगढ़ (45 मिनट) | जबलपुर–अमरकंटक (60 मिनट) | चित्रकूट–मैहर (30 मिनट) |


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### 10 करोड़ की साइबर लूट पुलिस ने पकड़े 3 आरोपी



**बैतूल।** जिले में पुलिस ने एक ऐसी साइबर ठगी का खुलासा किया है। वर्षों से निष्क्रिय पड़े बैंक खातों के जरिए लगभग 10 करोड़ रुपए का लेनदेन किया गया। इनमें एक मृत व्यक्ति का खाता भी शामिल है। जिले में करीब 9 करोड़ 84 लाख 95 हजार की साइबर धोखाधड़ी का मामला है। पुलिस ने इंदौर के दो युवकों और बैतूल के एक युवक को गिरफ्तार किया गया है।

### हनुमान मंदिर में 10 लाख की चोरी, सीसीटीवी में कैद



**विदिशा।** शहर के प्राचीन रंगई स्थित हनुमान मंदिर में गुरुवार तड़के बड़ी चोरी की घटना सामने आई। दो लोग मंदिर की दान पेटी तोड़कर 8 से 10 लाख रुपए की नकदी लेकर फरार हो गए। सुबह पूजा के लिए पहुंचे साधु-संतों ने टूटी दान पेटी देखी और तुरंत महंत को सूचना दी। सीसीटीवी में दिखा कि रात करीब 3:30 बजे चोर मंदिर परिसर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया।

### कार से बाइक सवार घायल लोगों ने एसआई को पीटा



**खंडवा।** जिले के भेरूखेड़ा गांव के पास बुधवार शाम एक सड़क हादसे के बाद तनाव की स्थिति बन गई। नर्मदा नगर थाने के एसआई अशोक नरगावे की कार ने दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी, जिसमें तीन लोग घायल हो गए।

**मुद्दा था...**

**क्या न्यायालय यह तय कर सकता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल को बिलों पर कब तक निर्णय लेना चाहिए?**

▶▶ सीजेआई बीआर गवई की अगुवाई वाली पीठ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तरफ से भेजे गए 14 सवालों का जवाब देते हुए अपनी राय दी

# अदालत बिल की मंजूरी के लिए टाइमलाइन तय नहीं कर सकती

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अदालत राज्य विधानसभा की तरफ से पास किए गए बिलों को मंजूरी देने के लिए राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए समय सीमा तय नहीं कर सकती। सीजेआई बीआर गवई की अगुवाई वाली पीठ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तरफ से भेजे गए 14 सवालों का जवाब देते हुए अपनी राय दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रपति के उस संदर्भ पर अपना फैसला सुनाया है, जिसमें पूछा गया था कि क्या कोई सांविधानिक अदालत, राज्य विधानसभाओं से पारित विधेयकों को मंजूरी देने के लिए राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए समय-सीमा तय कर सकती है। इस मामले में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर की संविधान पीठ ने 10 दिनों तक दलीलें सुनीं और 11 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रपति और राज्यपाल को राज्य विधानसभा से पारित विधेयकों पर अनुमोदन देने के लिए न्यायपालिका कोई समयसीमा तय नहीं कर सकती।

**अदालत ने माना कि** विधायी प्रक्रिया में राष्ट्रपति और राज्यपाल की भूमिका संवैधानिक कर्तव्य है, पर न्यायिक हस्तक्षेप के जरिए इसकी समय सीमा तय नहीं की जा सकती

लेकिन, अत्यधिक देरी लोकतांत्रिक शासन की आत्मा को क्षति पहुंचाती है, इसलिए इन पदों से अपेक्षा है कि वे उचित समय के भीतर निर्णय लें



- **संविधान पीठ ने 10 दिनों तक दलीलें सुनीं और 11 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था**
- **पीठ ने कहा कि यह विषय संवैधानिक पदाधिकारियों के विवेक और संघीय ढांचे की मर्यादा से जुड़ा**

### संवैधानिक प्रावधान और राष्ट्रपति का कदम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मई में संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी थी। उन्होंने पूछा था कि क्या न्यायालय यह तय कर सकता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल को बिलों पर कब तक निर्णय लेना चाहिए। राष्ट्रपति ने अपने पांच पन्नों के संदर्भ पत्र में 14 सवाल रखे हैं, जिनका जवाब सुप्रीम कोर्ट से मांगा गया है। यह सवाल मुख्य रूप से अनुच्छेद 200 और 201 से जुड़े हैं, जिनमें राज्यपाल और राष्ट्रपति की शक्तियों का जिक्र है।

### तमिलनाडु केस और समय सीमा

8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु विधानसभा से पास हुए बिलों पर फैसला देते हुए पहली बार यह कहा था कि राष्ट्रपति को राज्यपाल की तरफ से भेजे गए किसी भी बिल पर तीन महीने के भीतर निर्णय लेना होगा। यह फैसला अपने आप में ऐतिहासिक माना गया क्योंकि इससे पहले ऐसी कोई समय सीमा तय नहीं थी।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से पूछे ये 14 सवाल

- राज्यपाल के समक्ष अगर कोई विधेयक पेश किया जाता है तो संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत उनके पास क्या विकल्प हैं?
- क्या राज्यपाल इन विकल्पों पर विचार करते समय मंत्रिपरिषद की सलाह से बंधे हैं?
- क्या अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल द्वारा लिए गए फैसले की न्यायिक समीक्षा हो सकती है?
- क्या अनुच्छेद 361 राज्यपाल द्वारा अनुच्छेद 200 के तहत लिए गए फैसलों पर न्यायिक समीक्षा को पूरी तरह से रोक सकता है?
- क्या अदालतें राज्यपाल द्वारा अनुच्छेद 200 के तहत लिए गए फैसलों की समयसीमा तय कर सकती हैं, जबकि संविधान में ऐसी कोई समयसीमा तय नहीं की गई है?
- क्या अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा लिए गए फैसले की समीक्षा हो सकती है?
- क्या अदालतें अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा फैसला लेने की समयसीमा तय कर सकती हैं?

### भारत में जन्मी चीता 'मुखी' ने 5 शावकों को दिया जन्म




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क से एक बार फिर खुशखबर मिली है। यहां मादा चीता मुखी ने एक साथ पांच शावकों को जन्म दिया है। खास बात यह है कि मादा चीता मुखी ऐसी पहली भारतीय मादा जीता है, जिसने भारत की धरती पर कूनो नेशनल पार्क में जन्म लिया ।

- अब कूनो में चीतों की कुल संख्या 29

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी बधाई

**यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में भारत में जन्मी मादा चीता मुखी द्वारा पांच शावकों को जन्म देने पर प्रसन्नता व्यक्त कर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत में चीता पुनरुत्पादन पहल के लिए यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि है।

**भोपाल में बड़ी साइबर ठगी**

## बैंक से रिटायर्ड मैनेजर और पत्नी को किया डिजिटल अरेस्ट, 68 लाख ठगे

दिल्ली धमाके में आतंकियों से 70 लाख रुपए लेने का लगाया आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैंक ऑफ इंडिया से रिटायर्ड मैनेजर दयाराम देशमुख (65) और उनकी पत्नी स्नेहलता को डिजिटल अरेस्ट किए जाने का मामला सामने आया है। सायबर जालसाजों ने उन्हें दिल्ली ब्लास्ट में शामिल होने का कहकर डिजिटल तौर पर गिरफ्तार कर लिया। दो दिन तक उन्हें अरेस्ट रखा। बुजुर्ग मैनेजर के बेटे ने कहा कि बैंक की बावड़िया कला ब्रांच ने बिना उनके कंफर्मेशन के पिता की एफडी तोड़ दी।

**सुको ने** तेलंगाना हाईकोर्ट का जिक्र किया

### मप्र न्यायिक अधिकारियों की नौकरी अब 61 साल तक




- चार हफ्ते बाद अंतिम सुनवाई होगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा बढ़ा दी है। अब वहां के न्यायिक अधिकारी 60 की जगह 61 साल की उम्र में सेवानिवृत्त होंगे। मामले में चार हफ्ते बाद अंतिम सुनवाई होगी। चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई और जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने अंतरिम आदेश में तेलंगाना हाईकोर्ट के इसी तरह के फैसले का जिक्र किया।

एसआईआर सर्वे में लापरवाही पर एक्शन

### 9 बीएलओ सस्पेंड, 3 एसडीएम और 15 तहसीलदारों को नोटिस



- झाबुआ में बीएलओ की मौत

**सागर।** जिले वोटर लिस्ट सर्वे के कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जीआर और जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले में अब तक कुल 9 बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसके अलावा एसआईआर सर्वे में काम धीमा होने और प्रगति शून्य पाए जाने पर 3 एसडीएम और 15 तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

**अनिल अंबानी** समूह पर ईडी का शिकंजा

### 1400 करोड़ रु. की नई अटैचमेंट जब्त संपत्तियां 9000 करोड़ के पार



- कर्ज की बकाया राशि 40,185 करोड़ रु.

**नई दिल्ली।** ईडी ने पीएमएलए के तहत अनिल अंबानी समूह से जुड़ी नवी मुंबई, चेन्नई, पुणे और भुवनेश्वर स्थित 1400 करोड़ रुपए की संपत्तियों को अटैच किया है। ताजा कदम के बाद इस मामले में जब्त संपत्तियों का कुल मूल्य बढ़कर लगभग 9,000 करोड़ रुपए हो गया है। एजेंसी ने यह कार्रवाई मनी लांड्रिंग निरोध कानून (पीएमएलए) के तहत की है। इससे पहले एजेंसी ने इसी जांच के हिस्से के रूप में 7,500 करोड़ की संपत्तियां अटैच की थीं।

**लिव इन पार्टनर** से हुआ झगड़ा

### छठी मंजिल से कूदकर स्वीमिंग कोच ने जान दी



- युवती ने आग लगाने की कोशिश भी की

**इंदौर।** यहां छठी मंजिल से कूदकर 33 वर्षीय महिला स्वीमिंग कोच निकिता कजरिया ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और महिला के लिव-इन पार्टनर असीम राजन को हिरासत में ले लिया है। राऊ पुलिस के मुताबिक यह घटना बुधवार रात करीब 1 बजे राऊ इलाके के बायपास पर पलाश परिसर की है। एसपी कृष्णा लालचंदानी और टीआई राज राठौर शामिल मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया।






**13 दिन बाद प्रदेशभर के पारे में मामूली बढ़त, कोल्ड वेव जारी, 24 नवंबर के बाद सामान्य होगा मौसम**


प्रदेश में अब औसत न्यूनतम पारा 10 डिग्री के ऊपर

## आज दर्जनभर जिलों में शीतलहर का अलर्ट सीवियर कोल्ड वेव से राहत रहेगी, कोहरे का 'असर' बढ़ेगा

### 7 जिलों में 9 डिग्री से कम रहा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में गुरुवार को करीब 13 दिन बाद अधिकांश जिलों में सीवियर कोल्ड वेव से राहत रही है, लेकिन शीतलहर का असर अभी जारी है। प्रदेशभर में दिन और रात के तापमान में मामूली बढ़त के बावजूद सभी जिलों में दिन-रात का पारा अभी सामान्य से औसतन 4 डिग्री तक कम है। इससे कड़ाके की सर्दी अभी जारी है। 24 नवंबर के बाद हवाएं बदलने से प्रदेशभर में मौसम का पारा सामान्य स्तर पर आने की उम्मीद है।


भोपाल के बाणगंगा इलाके में शाम को कोहरे से दृश्यता कम हो गई

### 6 जिले अब भी 8 डिग्री तक पारा

गुरुवार को प्रदेश के पांच सबसे कम न्यूनतम तापमान में वाले शहरों में रात का पारा 8 डिग्री के करीब रहा है। इनमें सबसे ठंडे रहे राजगढ़ में रात का पारा 7.5, पचमढ़ी 7.6, शाजापुर 7.8, इंदौर और शिवपुरी 8, नौगांव में 8.3 डिग्री दर्ज किया गया है। भोपाल में दिन और रात का पारा 1.4 डिग्री बढ़कर क्रमशः 27 और 9.2 डिग्री रहा। दिन का तापमान सामान्य से 2.1 और रात का पारा 5.2 डिग्री कम रहा है। इससे तीव्र शीतलहर से राहत रही है।



दक्षिण अफ्रीका में पहला जी20 सम्मेलन

# केंद्र में रहेंगे पीएम मोदी, ग्लोबल साउथ के कई एजेंडों पर करेंगे बात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी आज से तीन दिवसीय दौरे पर दक्षिण अफ्रीका जा रहे हैं। वह वहां जोहांसबर्ग में होने वाले जी20 सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी के इस दौरे के कई अंतर्राष्ट्रीय मायने हैं। सम्मेलन के दौरान पीएम कई देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे।

इस सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग जैसे राष्ट्राध्यक्ष मौजूद नहीं रहेंगे। ऐसे में पीएम मोदी की मौजूदगी और उनका संबोधन वैश्विक मंच पर और भी ज्यादा अहमियत रखेगा। दक्षिण अफ्रीका के जोहांसबर्ग में 22 और 23 नवंबर को आयोजित इस सम्मेलन में पीएम मोदी पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। इस बार जी20 सम्मेलन का थीम 'एकजुटता, समानता और स्थिरता' है। यह थीम भी ग्लोबल साउथ के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

*पीएम मोदी सम्मेलन के तीन सत्रों को संबोधित करेंगे*

*पीएम आईबीएसए फोरम की बैठक में भी भाग लेंगे*

*इस बार थीम 'एकजुटता, समानता और स्थिरता'*

## *ग्लोबल साउथ की आवाज उठाता रहा है भारत*


फाइल फोटो

विदेश मंत्रालय के सचिव सुधाकर दलेला के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका में जी20 सम्मेलन में पीएम मोदी पर मुख्य रूप से पांच वजहों से फोकस रहेगा। अफ्रीकी यूनियन को जी20 की सदस्यता भारत की अध्यक्षता में 2023 में दिलाई गई थी, जिसमें पीएम मोदी की भूमिका सबसे अहम रही। पीएम मोदी वैश्विक मंच पर लगातार ग्लोबल साउथ की आवाज उठाते रहे हैं। अफ्रीका महाद्वीप के देश ग्लोबल साउथ में आते हैं। सम्मेलन में ट्रंप, पुतिन और शी जिनपिंग की गैर-मौजूदगी में एक शक्तिशाली देश के मुखिया के रूप में पीएम मोदी की उपस्थिति बाकी सदस्य देशों का ध्यान अपनी ओर खींचेगी। पीएम मोदी तीनों सत्रों को संबोधित करेंगे। जिसमें समावेशी और सतत आर्थिक विकास, एक लचीली दुनिया और सभी के लिए साफ सुथरे भविष्य का निर्माण मुख्य हैं।

**जी-20 के दृष्टिकोण को दुनिया के सामने रखेंगे पीएम मोदी**

*भारत की अध्यक्षता में ही अफ्रीकी यूनियन को जी20 की स्थाई सदस्यता मिली थी। ऐसे में अफ्रीकी महाद्वीप में पहली बार जी20 का आयोजन होना और पीएम मोदी की मौजूदगी अपने आप में बहुत अहम है। दक्षिण अफ्रीका में होने वाला यह जी20 सम्मेलन कई मायनों में अभूतपूर्व है। यह जी-20 का चौथा सम्मेलन है, जिसका लगातार ग्लोबल साउथ के देश में आयोजन किया जा रहा है। पीएम इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में भारत के जी-20 के दृष्टिकोण को समूह के साथ ही दुनिया के सामने रखेंगे।*

### कई द्विपक्षीय बैठकें करेंगे टैरिफ पर उठाएंगे आवाज

जी20 सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी दक्षिण-अफ्रीका की मेजबानी में आयोजित किए जाने वाले आईबीएसए यानी इंडिया, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका फोरम की बैठक में भी भाग लेंगे। मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों और व्यापार से जुड़े ट्रंप टैरिफ जैसे मुद्दों के बीच इस बैठक में पीएम मोदी के विचारों पर न केवल इन तीनों देशों, बल्कि दुनिया के बाकी देशों की भी गहरी नजर रहेगी। पीएम मोदी कई देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। इनमें जापान की नवनिर्वाचित पीएम साना तकाईची और ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानिज से द्विपक्षीय बैठक भी संभावित है। पीएम मोदी की यह उपस्थिति ग्लोबल साउथ और अफ्रीका की आवाज को वैश्विक मंच पर मजबूती दिलाने में अत्यंत अहम साबित होगी।

### जी20 एक अहम मंच

जी20 एक अनौपचारिक वैश्विक मंच है, जिसका मुख्य उद्देश्य दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच नीतिगत समन्वय करना है। इसमें कुल 21 सदस्य हैं। यह मंच वैश्विक जीDP का 85%, विश्व व्यापार का 75% और दुनिया की लगभग 60% आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। भारत की अध्यक्षता में अफ्रीकी यूनियन को जी20 की सदस्यता दिलाना पीएम मोदी की एक बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि है।

## खबर संक्षेप

### जैसलमेर में वायुसेना के ड्रोन की इमरजेंसी लैंडिंग



**जैसलमेर।** भारतीय वायुसेना (आईएफ) का एक रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट (आरपीएम) को उस समय मजबूरन उतारना पड़ा, जब वह नियमित प्रशिक्षण मिशन पर था और अचानक इंजन में तकनीकी खराबी आ गई। यह घटना राजस्थान के जैसलमेर के पास हुई, जहां वायुसेना ने सुरक्षित आपात लैंडिंग कराकर एक संभावित बड़े हादसे को टाल दिया। इस हादसे में किसी भी तरह के नुक्सान की खबर नहीं है। ड्रोन नियमित ट्रेनिंग सोर्टी पर था।

### अमेरिका में पकड़ा गया नोनी राणा



**नई दिल्ली।** मोस्ट वांटेड गैंगस्टर नोनी राणा को अमेरिका में गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार, अमेरिकी एजेंसियों ने उसे नियाग्रा बॉर्डर इलाके से उस समय हिरासत में लिया, जब वह अमेरिका से कनाडा भागने की कोशिश कर रहा था। बॉर्डर एरिया की सुरक्षा जांच के दौरान ही उसे दबोच लिया गया। नोनी राणा मूल रूप से हरियाणा का रहने वाला है और कुख्यात गैंगस्टर काला राणा का छोटा भाई बताया जा रहा है।

## जम्मू में कश्मीर टाइम्स अखबार के दफ्तर पर एसआईए का छापा

# एके राइफल के राउंड्स, कारतूस, पिस्टल राउंड्स व 3 ग्रेनेड लीवर जब्त, जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू में कश्मीर टाइम्स अखबार के दफ्तर पर स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) की छापेमारी ने पूरे मीडिया जगत और सुरक्षा एजेंसियों को चौंका दिया है। सूत्रों के अनुसार एसआईए को दफ्तर से एके राइफल के राउंड्स, कारतूस, पिस्टल राउंड्स और तीन ग्रेनेड लीवर मिले हैं। ऐसे हथियार एक मीडिया ऑफिस में कैसे पहुंचे इसी सवाल ने माहौल गरमा दिया है। एसआईए की यह कार्रवाई उस मुकदमे से जुड़ी है, जिसमें अखबार और उसके प्रमोटर्स पर देश की संप्रभुता के खिलाफ सामग्री प्रकाशित करने का आरोप लगाया गया था। इसी केस में गुरुवार को दफ्तर की गहन तलाशी ली गई।

पूरे परिसर की जांच की गई, जिसके बाद हथियारों का यह जखीरा मिलने की जानकारी सामने आई। सूत्रों ने बताया कि रेड के दौरान सुरक्षा एजेंसियों को दफ्तर के अंदर मौजूद अलमारियों और स्टोरेज की तलाशी में ये हथियार मिले। जांच अधिकारी अब यह पता लगाने में जुटे हैं कि ये राउंड्स, कारतूस और ग्रेनेड लीवर वहां कब और कैसे छुपाए गए थे। इसकी विस्तृत तकनीकी जांच शुरू कर चुकी है। हथियारों की बरामदगी को लेकर फोरेंसिक रिपोर्ट और इंटेलिजेंस इनपुट आने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई तय करेगी। छापे में कंप्यूटर भी खगाले गए। कई दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड बरामद किए गए। अधिकारियों ने कंप्यूटर सिस्टम की फोरेंसिक जांच शुरू कर दी है।

ये हथियार कब और कैसे छिपाए गए इस जांच में जुटे अधिकारी

दस्तावेज और कंप्यूटर सिस्टम की फोरेंसिक जांच शुरू कर

फोरेंसिक रिपोर्ट और इंटेलिजेंस इनपुट आने के बाद लेंगे एक्शन

### *अखबार की प्रतिक्रिया- 'हमें चुप कराने की कोशिश'*



कश्मीर टाइम्स अखबार के दफ्तर के बाहर सुरक्षाकर्मी

कश्मीर टाइम्स ने बयान जारी करते हुए कहा, यह कार्रवाई 'सत्य बोलने' वाले मीडिया को डराने की कोशिश है। हम इसलिए निशाने पर हैं क्योंकि हम सत्ता से सवाल पूछते हैं। हमारे खिलाफ लगाए गए आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। हमारा काम है सच बोलना, और हम चुप नहीं होंगे। ऐसे कदम हमें 'डराने व बदनाम' करने के लिए उठाए जा रहे हैं।

### पहले से दर्ज थी एफआईआर

कश्मीर टाइम्स के खिलाफ एसआईए ने उस समय एफआईआर दर्ज की थी, जब अखबार पर ऐसे लेख प्रकाशित करने का आरोप लगा जो सार्वजनिक कानून-व्यवस्था और देश की अखंडता के लिए नुकसानदेह बताए गए थे। अक्टूबर 2020 में भी कार्यालय को प्रशासन ने सील किया था।

### गलत किया है तो कार्रवाई होः डिप्टी सीएम

राज्य के डिप्टी सीएम सुरिंदर सिंह चौधरी ने कहा कि किसी भी एजेंसी को कार्रवाई तभी करनी चाहिए जब कोई वास्तविक गलत काम सामने आए। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने गलत किया है तो कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन अगर सिर्फ दबाव बनाने के उद्देश्य से हो रही है तो यह गलत होगा।

*लाल किले के पास धमाका*

### 4 और आरोपी गिरफ्तार, जम्मू कश्मीर से हिरासत में लिया गया


पटियाला कोर्ट में आरोपियों को पेश करती पुलिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किले के बाहर हुए विस्फोट में शामिल चार और मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पटियाला हाउस कोर्ट के जिला सत्र न्यायाधीश के पेशी आदेश पर एनआईए ने चारों आरोपियों को जम्मू और कश्मीर से हिरासत में लिया है। यह चारों वही लोग हैं जिन्होंने ब्लास्ट में इस्तेमाल हुई आई20 कार का इंतजाम, मूवमेंट और सुरक्षित ट्रांसफर कराया था। ये चारों डॉक्टर हैं। इनमें से एक मुफ्ती का भी काम करता था। एनआईए ने आरोपियों की पहचान पुलवामा (जम्मू-कश्मीर) निवासी डॉ. मुजम्मिल शकील गनई, अनंतनाग (जम्मू-कश्मीर) निवासी डॉ. अदील अहमद राथर, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) निवासी डॉ. शाहीन सईद और शोपियां (जम्मू-कश्मीर) निवासी मुफ्ती इरफान अहमद वागे के रूप में की है। इन्हें श्रीनगर में गिरफ्तार किया।

## व्यापारिक शिखर सम्मेलने में बोले गोयल

# भारत में इजराइल की कंपनियों के लिए निवेश के बड़े अवसर



सम्मेलन को संबोधित करते पीयूष गोयल

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

भारत, इजराइल की कंपनियों के लिए निवेश और साझेदारी के व्यापक अवसर उपलब्ध करा रहा है। भारत के वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को अपने इजराइल दौरे पर भारत-इजराइल व्यापारिक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि दोनों देश उद्योग के बुनियादी ढांचा विकास, विनिर्माण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे भविष्य-उन्मुख क्षेत्रों में सहयोग को और तेज कर सकते हैं। सहयोग के अन्य संभावित क्षेत्रों में फिनटेक, कृषि-तकनीक, मशीन लर्निंग, क्वांटम कंप्यूटिंग, फार्मास्यूटिकल्स, अंतरिक्ष तकनीक और रक्षा शामिल हैं। दोनों देशों के बीच संभावनाएं असीमित हैं। यह पहली बार है जब कोई भारतीय वाणिज्य मंत्री इजराइल के आधिकारिक दौरे पर गया है। उनके साथ 60 सदस्यीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल है।

### निवेश को आकर्षक बनाएंगे 10डी

पीयूष गोयल ने कहा कि भारत को निवेश का आकर्षक केंद्र बनाने वाले 10 डी हैं। ये हैं लोकतंत्र, जनसांख्यिकीय लाभांश, डिजिटलीकरण, तेजे गति से विकास, निर्णायक नेतृत्व समेत अन्य कारक। उन्होंने कहा कि भारत निवेशकों और कारोबारियों के लिए बेहद अनुकूल माहौल प्रदान करता है। यह दोनों देशों के उद्योगों के लिए अपार अवसर खोलता है।

### *भारत अगली बड़ी शक्तिः इजराइल*

इजराइल के अर्थव्यवस्था मंत्री नीर बरकत ने कहा कि भारत, इजराइल के लिए एक 'बेहतरीन पार्टनर' है। भारत अगली बड़ी शक्ति है। भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियां इजराइल में आकर बड़े प्रोजेक्ट्स के लिए बोली लगा सकती हैं। बरकत ने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) को भी सहयोग बढ़ाने के बड़े अवसर के तौर पर रेखांकित किया। आईएमईसी का उद्देश्य भारत, सऊदी अरब, अमेरिका और यूरोप को सड़क, रेल और समुद्री मार्गों के नेटवर्क से जोड़ना है।

## नौसेना उप प्रमुख संजय वात्सायन का खुलासा

# पाकिस्तान को जहाज और पनडुब्बियां दे रहा चीन, हर गतिविधि पर हमारी 'नजर'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाइस एडमिरल संजय वात्सायन ने कहा कि भारतीय नौसेना इस बात से अवगत है कि चीन पाकिस्तान को पनडुब्बियां और जहाज दे रहा है और नौसेना हर गतिविधि की बहुत ध्यान से निगरानी कर रही है, ताकि समुद्री सुरक्षा और देश के हितों की रक्षा की जा सके। भारतीय नौसेना के 'स्वावलंबन 2025' कार्यक्रम को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेस में उन्होंने यह बात कही। यह कार्यक्रम 25-26 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी के मानेकशॉ केंद्र में होगा। इस बार का आयोजन नई तकनीकों, स्वदेशी समाधान और भारतीय नौसेना की आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रगति को प्रदर्शित करेगा। भारतीय नौसेना का 'स्वावलंबन 2025' एक ऐसा मंच है जो नवोन्मेषकों, स्टार्टअप्स, उद्योगों और सशस्त्र बलों को एक साथ लाएगा। उनके अनुसार, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी स्वावलंबन 2025 में शामिल होंगे।

### मुकाबले के लिए नौसेना पूरी तरह से तैयार


संजय वात्सायन

### दो साल में मिलेंगे कई नए विमान

उन्होंने बताया कि भारतीय नौसेना को भी अगले दो साल में कई नए विमान मिलने वाले हैं। कुछ विमान बन रहे हैं अगले दो साल में हमें मिल जाएंगे।

वाइस एडमिरल वात्सायन ने कहा कि चीन पाकिस्तान को पनडुब्बियां दे रहा है और जल्द ही उनकी पनडुब्बियों को शामिल करने की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। लेकिन हम भी पूरे क्षेत्र में हर स्थिति पर नजर रख रहे हैं। जो कुछ भी हमें करना है और जिसका मुकाबला करना है, हम उसकी तैयारी कर रहे हैं। हमें यह भी पता है कि पनडुब्बी-रोधी युद्ध के लिए हमें कैसी क्षमताओं की जरूरत है। भारतीय नौसेना उन तकनीकों और क्षमताओं पर भी नजर रख रही है जो अन्य देश भी दे रहे हैं।

## भारतीय नाविकों को राहत

# केंद्र ने आव्रजन प्रणाली रद्द की, बंदरगाहों के बीच अब आसानी से होगी आवाजाही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश के तटीय क्षेत्रों में विशेष रूप से संचालित होने वाले सभी भारतीय जहाजों के लिए साइन-ऑन, साइन-ऑफ और शोर लीव पास की दशकों पुरानी जरूरत को खत्म कर दिया है। भारतीय नाविकों को राहत देते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दो दशक पुरानी आव्रजन प्रक्रियाओं को खत्म कर दिया। गृह मंत्रालय ने जो दो मुख्य नियम खत्म किए हैं, उनके तहत भारतीय ध्वज वाले जहाजों, जैसे ड्रेजर, अनुसंधान पोत और अन्य, जो केवल भारतीय बंदरगाहों की सीमा के भीतर ही संचालित होते हैं, के चालक दल के लिए साइन-ऑन और साइन-ऑफ प्रणाली और शोर


जहाज

लीव पास (एसएलपी) प्रक्रिया अपनानी पड़ती थी। इसके तहत पहले नाविकों को भारतीय बंदरगाहों के बीच आवागमन के बावजूद अंतर्राष्ट्रीय आव्रजन मंजूरी जैसी पेचीदा कागजी प्रक्रिया का सामना करना पड़ता था। इसके अलावा नाविक को जहाज से उतरने और किनारे पर जाने (शोर लीव) के लिए एक आवर्ती आव्रजन पास (एसएलपी) की जरूरत होती थी। इन दोनों प्रक्रियाओं को खत्म कर नाविकों को राहत दी गई है।

## नेपाल में पुलिस और जेन-जेड के बीच झड़प



**काठमांडू।** नेपाल के एक जिले में गुरुवार को उस समय नए सिरे से तनाव पैदा हो गया, जब 'जेन जेड' के युवाओं की अपदस्थ पीएम केपी शर्मा ओली की पार्टी के सदस्यों के साथ झड़प में 10 लोग घायल हो गए। इसके बाद अधिकारियों को भारत की सीमा से लगे नेपाल के बारा जिले में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए फिर से कर्फ्यू लगाना पड़ा। बारा जिले के सिमारा चौक पर उस समय तनाव बढ़ गया जब युवक ओली की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल( यूनिफाइड मार्क्सवादी-लेनिनवादी) (सीपीएन-यूएमएल) के कार्यकर्ताओं के साथ झड़प के एक दिन बाद सड़कों पर लौट आए और पुलिस से भिड़ गए। प्रदर्शनकारियों द्वारा कर्फ्यू का उल्लंघन किए जाने और आगे बढ़ने पर अधिकारियों ने आंसू गैस के छह गोले दागे और हवा में दो चक्र गोलियां चलाईं। प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों पर पथराव भी किया, जिसमें छह पुलिसकर्मी और जेन-जेड के चार प्रदर्शनकारी भी घायल हो गए।

## अमेरिका और भारत के बीच 92.8 मिलियन डॉलर की दो बड़ी आर्म डील


# यूएस देगा 100 जेवलिन मिसाइल और एक्सकैलिबर टैक्टिकल

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

दुश्मन के छक्के छुड़ाने के लिए भारतीय सेना की ताकत बढ़ने वाली है। अमेरिका ने भारत को जेवलिन मिसाइल देने को मंजूरी दे दी है। इस मिसाइल को कंधे से टारगेट पर दागा जा सकता है। दरअसल, अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट ने भारत को एक्सकैलिबर प्रोजेक्टाइल और उससे जुड़े इक्विपमेंट की संभावित फॉरेन मिलिट्री सेल को मंजूरी देने का फैसला किया है। अमेरिकी अधिकारियों की ओर से साझा जानकारी के अनुसार, जेवलिन मिसाइल की अनुमानित कीमत 47.1 मिलियन डॉलर है। वहीं, भारत और अमेरिका के बीच लगभग 92.8 मिलियन डॉलर की डील हुई है। डिफेंस सिक्योरिटी कॉपरेशन एजेंसी ने जानकारी दी। इससे अमेरिका-भारत के स्ट्रेटेजिक रिश्ते को मजबूत करने और एक बड़े डिफेंस पार्टनर की सुरक्षा को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

*कंधे पर रखकर दागी जा सकेगी मिसाइल*

*रूस के खिलाफ युद्ध में यह अच्छी साबित हुई*


जेवलिन मिसाइल


एक्सकैलिबर प्रोजेक्टाइल

### एक्सकैलिबर टैक्टिकल प्रोजेक्टाइल में कई तकनीकी उपकरण शामिल

भारत सरकार ने 216 एम982ए1 एक्सकैलिबर टैक्टिकल प्रोजेक्टाइल की मांग की है। इसमें एंसिलरी आइटम, इम्प्रूव्ड प्लेटफॉर्म इंटीग्रेशन किट (आईपीआईके) के साथ पोर्टेबल इलेक्ट्रॉनिक फायर कंट्रोल सिस्टम (पीईएफसीएस), प्राइमर, प्रोपेलेंट चार्ज, अमेरिकी सरकार की टेक्निकल मदद, टेक्निकल डेटा, रिपेयर और रिटर्न सर्विस, और लॉजिस्टिक्स और प्रोग्राम सपोर्ट के दूसरे संबंधित एलिमेंट शामिल होंगे। इस डील में मुख्य कॉन्ट्रैक्टर आरटीएक्स कॉर्पोरेशन होगा, जो अर्लिंग्टन, वीए में है।

### मिसाइल खुद ढूंढ लेती है अपना शिकार

वहीं, दूसरी डील के तहत भारत ने 100 एफजीएम-148 जेवलिन राउंड, 1 जेवलिन फ्लाई-टू-बाय मिसाइल और 25 हल्के कमांड लॉन्च यूनिट (एलडब्ल्यूसीएलयू) या ब्लॉक-1 सीएलयू की मांग की है। जेवलिन एडवांस पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल है। इसका निर्माण अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन और रेटियॉन ने मिलकर किया है। इसमें जवान को टारगेट पर निशाना बनाए रखने की जरूरत नहीं होगी। मिसाइल में एक बार टारगेट लॉक करने के बाद यह खुद हिट करने वाले निशाने को ढूंढ लेता है। यूक्रेन के लिए रूस के खिलाफ युद्ध में यह मिसाइल कारगर साबित हुई है। इसकी वजह से इसे 'टैंक किलर' भी कहते हैं। इस मिसाइल को लॉन्च करने के लिए किसी भी खास वाहन या लॉन्चर की जरूरत नहीं होती है। इसे सेना के जवान अपने कंधे पर रखकर दाग सकते हैं। मिसाइल को टारगेट पर लॉक करके इसे दागने के बाद पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं होती।

## तालिबानी अधिकारी का दावा

# एक ही दिन में पाकिस्तान और ईरान से निकाले गए 10000 से ज्यादा अफगानी

एजेंसी ▶▶ काबुल

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के तनाव के बीच ईरान और पाक से अफगान शरणार्थियों के भारी संख्या में निकाले जाने की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। तालिबान के एक अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि बुधवार को एक ही दिन में 10,000 से ज्यादा अफगान शरणार्थियों को पाकिस्तान और ईरान से जबरदस्ती निकाल दिया गया। इस संबंध में हाई कमीशन फॉर एड्रेसिंग माइग्रेंट्स इश्यूज की रिपोर्ट भी साझा की है।

रिपोर्ट साझा करते हुए तालिबान के डिप्टी प्रवक्ता हमदुल्ला फितरत ने बताया कि बुधवार को 1,763 अफगान परिवार, जिनमें 10,405


अफगानी नागरिक

लोग थे, अफगानिस्तान वापस लौटे। उन्होंने कहा कि अफगान रिफ्यूजी कंधार में स्पिन बोल्डक, हेलमंद में बहरामचा, हेरात में इस्लाम कला क्रॉसिंग, निमरोज में पुल-ए-अब्रेशम और नंगरहार में तोरखम क्रॉसिंग के रास्ते पाकिस्तान से लौटे। 2,222 अफगान रिफ्यूजी परिवारों को अपने-अपने इलाकों में ले जाया गया। इन परिवारों में कुल 13,303 लोग शामिल थे। वहीं 1,534 को मानवीय सहायता दी गई।

### व्यापारियों में आक्रोश, प्रदर्शन चौतरफा विरोध का असर

# लूटकांड के बाद बंद रही थोक व फुटकर अनाज मंडी





जबलपुर।

व्यापार किसी भी शहर की आर्थिक रीढ़ होता है और जब व्यापारी ही खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे, तो पूरे शहर की व्यवस्था पर संकट खड़ा हो जाता है। बुधवार को जबलपुर की कृषि उपज मंडी में हुई दिनदहाड़े लूट की वारदात ने यही हालात पैदा कर दिए हैं। गुरुवार को जबलपुर कृषि उपज मंडी में थोक नीलामी पूरी तरह ठप रही और फुटकर बाजार भी दिनभर बंद रहा। मंडी बंदी का असर शहर के अन्य बाजारों में भी देखने को मिला, जहां व्यापारियों ने सांकेतिक हड़ताल और विरोध प्रदर्शन किया। इस घटना के बाद जबलपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स, महाकौशल चेंबर ऑफ कॉमर्स सहित कई व्यापारी संगठनों ने बयान जारी कर नाराजगी जताई और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की।

गौरतलब है की निवाड़गंज गल्ला मंडी निवासी अनाज व्यापारी वीरेंद्र केसरवानी के यहां बीते 20 वर्षों से कार्यरत कर्मचारी विकास साहू को व्यापारी के पुत्र सतीश उर्फ सत्तू केसरवानी ने किसानों के भुगतान के लिए एचडीएफसी बैंक से 19 लाख रुपये निकलवाकर मंडी भेजा था। विकास साहू पैसों से भरा बैग एक्टिवा स्कूटर में आगे रखकर जब मंडी के गेट नंबर-1 के पास पहुंचा, तभी वहां पहले से घात लगाए खड़े एक युवक ने उसके सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले से विकास नीचे गिर पड़ा और इसी दौरान युवक बैग लेकर भाग गया। मौके पर पहले से मौजूद उसका एक साथी स्कूटर लेकर खड़ा था, दोनों आरोपी उसी स्कूटर से फरार हो गए।

#### दिन भर बंद रहा फुटकर व्यापार

कृषि उपज मंडी में जहां सुबह से नीलामी प्रक्रिया नहीं हुई जिससे सैंकड़ों टन सब्जियों आदि की खरीद फरोख्त नहीं हो सकी. वहीं दिन भर निवाड़गंज मंडी सहित अन्य फुटकर मंडी बंद रही. देर शाम पुलिस के आश्वासन के बाद फुटकर मंडी में कारोबार शुरु हो गया, लेकिन नीलामी प्रक्रिया से जुड़े थोक व्यापारियों में आक्रोश बरकरार है, उनका कहना है की जब तक दोषी पकड़े नहीं जाएंगे, वो कारोबार नहीं शुरु करेंगे.

#### चेंबर ऑफ कॉमर्स ने जताया आक्रोश

इस घटना के बाद व्यापारियों में जबरदस्त आक्रोश और भय का माहौल है। जबलपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पदाधिकारियों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि जब व्यापारी सुरक्षित नहीं रहेंगे तो व्यापार कैसे आगे बढ़ेगा। चेंबर के कमल ग्रोवर, प्रेम दुबे, अजय अग्रवाल, अजय बख्तावर, बलदीप सिंह मैनी, पंकज माहेश्वरी, सतीश जैन, दीपक नौगरैया, वीरेंद्र केसरवानी, दीपक जैन, मुकेश जैन, मुकेश अग्रवाल (बंसाला), राधेश्याम अग्रवाल, राजीव बडेरिया, दीपक सेठी, राकेश श्रीवास्तव, भीमलाल गुप्ता, रजनीश त्रिवेदी, अरुण पवार, संदेश जैन, जितेंद्र पचौरी, विनीत गोकलानी, राजा सराफ, गुरमीत सिंह छाबड़ा, नरिंदर सिंह पांधे, मुनींद्र मिश्रा, मुकेश प्यासी, रवि गुप्ता (मनेरी उद्योग संघ), शशिकांत पांडेय सहित कई व्यापारियों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

#### पुलिस जांच में जुटी, शहरभर में नाकेबंदी

वारदात की सूचना मिलते ही विजयनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मंडी के मुख्य गेट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। प्रवेश और निकास मार्गों पर नाकेबंदी कर दी गई है और भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस द्वारा बताया गया कि आसपास के सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और स्कूटर सवार दोनों आरोपियों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

#### बढ़ते अपराधों से बढ़ी चिंता

इस घटना ने एक बार फिर शहर में बढ़ते अपराधों पर चिंता खड़ी कर दी है। व्यापारियों और आम नागरिकों का कहना है कि बीते कुछ समय से लूट, चाकूबाजी और अन्य आपराधिक घटनाओं में तेजी आई है, जिससे कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब देखना होगा कि पुलिस इस मामले में कितनी तेजी से कार्रवाई करती है और अपराधियों को कब तक गिरफ्तार किया जाता है।

# प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों से सेवानिवृत्त जजों को नहीं देना होगा लाइफ सर्टिफिकेट

### राज्य शासन ने हाई कोर्ट में परिपत्र वापस लेने की पेश की जानकारी

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों से सेवानिवृत्त जजों के हक में राहतकारी आदेश पारित किया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने उन्हें लाइफ सर्टिफिकेट प्रस्तुत करने की औपचारिकता से निजात दे दी। पूर्व में उन्हें प्रतिवर्ष नवंबर माह में भत्तों के भुगतान के लिए लाइफ सर्टिफिकेट देना पड़ता था। हाई कोर्ट के निर्देश पर राज्य शासन की ओर से जवाब प्रस्तुत किया गया। जिसमें अवगत कराया गया कि इस सिलसिले में जारी परिपत्र को वापस ले लिया गया है। सरकार के जवाब को अभिलेख पर लेकर हाई कोर्ट लाइफ सर्टिफिकेट की अनिवार्यता को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं का निराकरण कर दिया।दरअसल, फार्मर जजेस वेलफेयर एसोसिएशन इन्दौर के महासचिव गुलाब शर्मा और जेपी राव की ओर से दायर याचिकाओं में कहा गया था कि प्रदेश की निचली अदालतों से रिटायर होने वाले जजों को प्रदेश सरकार मेडिकल व घरेलू भत्तों का भुगतान करती है। 13 दिसंबर, 2024 को प्रदेश सरकार के वित्त विभाग ने एक आदेश जारी करके यह बाध्यता लगा दी कि इन भत्तों को पाने के लिए निचली अदालतों से रिटायर हो चुके जजों को उसी जिले में जाकर नवम्बर माह में अपना लाइफ सर्टिफिकेट जमा, जहां से वो रिटायर हुए हैं। याचिका में कहा गया है कि रिटायरमेंट के बाद अधिकांश जज देश के दूसरे प्रदेशों या फिर विदेश में रहने लगे हैं। ऐसे में उन्हें लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने के लिए बाध्य किया जाना अनुचित है। मामले पर हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से शासकीय अधिवक्ता अनुभव जैन ने बेंच को बताया कि हाल ही में 13 दिसंबर, 2024 को जारी परिपत्र को पूरी तरह से वापस ले लिया गया है। इस बयान के मद्देनजर बेंच ने याचिकाओं का निराकरण कर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से वरियहष्ठ अधिवक्ता संजय राम ताम्रकार, अधिवक्ता अविनाश कुमार और सतीश कुमार श्रीवास्तव ने पक्ष रखा।

**हाई कोर्ट ने मांग पूरी होने के आधार पर याचिका का कर दिया निराकरण**

# निगम की टीमों ने शिकायतकर्ताओं से चर्चा कर किया समस्याओं का संतुष्टिपूर्वक समाधान



जबलपुर।

निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के सतत प्रयास एवं मा निटरिंग रंग लाई है। सी.एम. हेल्पलाइन के माध्यम से नगर निगम को प्राप्त अधिकांश शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर नगर निगम ने वेटेज स्कोर के आधार पर 98.58 प्रतिशत प्राप्त कर प्रदेश में जबलपुर नगर निगम अव्वल आया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा कुल 3 हजार 5 सौ 39 शिकायतों में से लगभग 59.34 प्रतिशत शिकायतों का शिकायतकर्ताओं से चर्चा कर उनकी संतुष्टि के उपरांत निराकरण कराया गया है। नगर निगम को इसके लिए मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जारी ग्रेडिंग लिस्ट में प्रदेश में प्रथम रैंक प्राप्त करते हुए ए ग्रेड प्राप्त किया है। इस प्रकार नगर निगम जबलपुर के द्वारा अधिकतम प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक एवं साकारात्मक निराकरण किया गया।

सी.एम. हेल्प लाइन की प्रभारी तथा सहायक आयुक्त श्रीमती शिवांगी महाजन ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन स्तर पर प्रतिमाह नगर निगम के कार्यो की ग्रेडिंग जारी की जाती है। जिसके अंतर्गत माह अक्टूबर 2025 की ग्रेडिंग जारी हुई है, जिसमें जबलपुर को ए ग्रेड और प्रदेश के सभी नगर निगमों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह निगम के लिए बड़ी उपलब्धि है।श्रीमती महाजन ने बताया कि सभी शिकायतों के निराकरण के लिए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा सही दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन दिये गए, जिसके परिणाम स्वरूप नगर निगम जबलपुर द्वारा यह उपलब्धि हासिल की गई है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अब आगे भी इसी प्रकार रैंकिंग बनाए रखने की दिशा में टीम भावना से मेहनत करेगें।

# एसआईआर अभियान में मतदाताओं का सहयोग करें भाजपा कार्यकर्ता : हितानंद

### भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री की बैठक




जबलपुर।

एसआईआर अभियान में भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता सहभागी बनें और मतदाताओं का सहयोग करें इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता प्रतिदिन समय निकालकर अपने वार्ड के प्रत्येक बूथ पर जाएं, यह बात भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर आयोजित जबलपुर नगर निगम के पार्षद, पार्षद प्रत्याशियों एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक को भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में संबोधित करते हुए कही।बैठक में जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव भी उपस्थित थे। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा एसआईआर अभियान वर्तमान की मतदाता सूची को पारदर्शी तथा और विश्वसनीय बनाने का माध्यम है इसके लिए पार्टी की ओर से तय कार्यकर्त्ता अपने अपने क्षेत्र में जाकर 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नव मतदाता, परिवार में विवाह के पश्चात नये सदस्ययों के नाम जुड़वाना है। हितानंद जी ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया का कार्य लम्बे समय में होता है इस हेतु हमारे कार्यकर्त्ताओ को संकल्प के साथ इस कार्य में सहयोग करना होगा क्योंकि हमारे संगठन में समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ता हैं जो हर कार्य को पुरे प्रण प्राण से पूरा करता है और संगठन की भी यह मंशा है कि हमारा कार्यकर्त्ता बीएलओ से सतत सम्पर्क करते हुये एसआईआर के कार्यों में सहभागिता कर मतदाताओं की मदद करें। बैठक को जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर अभय सिंह ठाकुर, कमलेश अग्रवाल, राम शुक्ला, शंकर वास्तव, नंदकुमार यादव, जय सचदेवा, रमेश रैकवार, सुशील चौबे, राजेश बड़गैया, लोचन साहू, उपस्थित थे।

# शहर में बढ़ते अपराध पर पुलिस कप्तान एक्शन में

### 10 टीआई इधर से उधर किए गए, 4 लाईन अटैच

**जबलपुर**। जबलपुर कृषि उपज मंडी में लूट के बाद भड़के आक्रोश पर पुलिस कप्तान एक्शन में नजर आए। विजयनगर थाना प्रभारी ने कहने को हटा दिया गया लेकिन उससे अच्छा थाना उन्हें दे दिया गया। उन्हें विजयनगर से हटाकर माढ़ोताल थाना प्रभारी बना दिया गया। वहीं शहर में बढ़ रहे अपराधों के बाद पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने अपने तरीके से समीक्षा की और 10 थाना प्रभारियों के प्रभार बदल दिए हैं। चार थाना प्रभारियों को लाईन अटैच कर दिया गया हैं। इनका काम संतोषजनक नहीं पाया गया। जबकि अन्य अधिकारियों को नए थानों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नए आदेश के अनुसार वीरेंद्र पवार को विजयनगर से माढोताल थाना प्रभारी बनाया गया है। राजेंद्र मस्कोले को गोसलपुर से स्थानांतरित कर विजयनगर थाना की कमान दी गई है। गाजीवती कोसाम को महिला थाना से हटाकर गोसलपुर थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है।इसके अलावा रमन सिंह मरकाम को गोराबाजार से खितौला थाना भेजा गया है, जबकि संजीव त्रिपाठी को पुलिस लाइन से गोराबाजार थाना की जिम्मेदारी मिली है। पूर्वा चौरसिया को पुलिस लाइन से यातायात गढ़ा में पदस्थ किया गया है।

#### चार लाईन अटैच

पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने संतोषजनक काम नहीं करने वाले चार थाना प्रभारियों से थाना की कमान छीनते हुए उन्हें लाईन अटैच कर दिया। माढ़ोताल टीआई नीलेश दोहरे, खितौला थाना प्रभारी अर्चना जाट, घमापुर थाना प्रभारी श्रीमति प्रतीक्षा मार्को एवं गढ़ा यातायात थाना प्रभारी हरिकिशन आटनेरे को लाईन अटैच किया गया हैं।

# आमजन को एसआईआर के लिए प्रेरित किया

**जबलपुर**। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, राघवेन्द्र सिंह ने भेड़ाघाट क्षेत्र का दौरा कर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति का व्यक्तिगत रूप से जायजा लिया। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण का उद्देश्य निर्वाचन संबंधी गतिविधियों की जमीनी हकीकत को समझना और कार्य में गति लाना था। श्री सिंह ने इस दौरान सर्वप्रथम गणना पत्रकों के संग्रहण की प्रक्रिया का गहन अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी आंकड़े त्रुटिरहित ढंग से संकलित किए जाएं। इसके साथ ही, उन्होंने मतदाता सूची संबंधी डेटा के डिजिटाइजेशन कार्य की वर्तमान स्थिति और उसकी गुणवत्ता के विषय में विस्तृत जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान, जिला निर्वाचन अधिकारी ने केवल प्रशासनिक कार्यों तक ही स्वयं को सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्होंने भेड़ाघाट में उपस्थित आम नागरिकों से सीधे बातचीत की। इस संवाद का मुख्य उद्देश्य लोगों को निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था। उन्होंने आमजन को एसआईआर की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया, जिससे लोग बिना किसी परेशानी के इस सुविधा का लाभ उठा सकें और मतदाता सूची को और अधिक शुद्ध एवं अद्यतन बनाने में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पुनरीक्षण कार्य को समय-सीमा में, पूर्ण पारदर्शिता और सटीकता के साथ संपन्न करें।

# भेड़ाघाट से पीएमश्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा का शुभारंभ

### जबलपुर से कान्हा और बांधवगढ़ की यात्रा होगी और आसान



जबलपुर।

जबलपुर से कान्हा और बांधवगढ़ पहुंचना अब और आसान हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप जबलपुर से 20 नवंबर गुरुवार को पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा का लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने शुभारंभ किया। इस हेली पर्यटन सेवा के जरिये सप्ताह में 5 दिन पर्यटक जबलपुर से बांधवगढ़ और कान्हा तक हेलीकॉप्टर से पहुंच सकेंगे।

लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने इस अवसर पर कहा कि जबलपुर स्वाभिक रूप से टूरिस्ट हब है, यहां पर पर्यटन की असीम संभावनाएं है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी सोच ने मध्यप्रदेश में पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा शुरू की है और इसमें जबलपुर को जोड़ा है। भेड़ाघाट से विधिवत इसकी शुरूआत हुई है। जिसके माध्यम से पर्यटक कान्हा, बांधवगढ़, मैहर, चित्रकूट ऐसे सभी स्थानों पर जा सकेंगे और वापस आ सकेंगे। उन्होंने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में एक बड़ी आवागमन की सुविधा मिली है। अब पर्यटक सीमित समय में अधिक से अधिक पर्यटन स्थल पहुंचकर पर्यटन कर सकेंगे। यह सेवा पर्यटन के साथ-साथ रोजगार की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होगी। इस अवसर पर विधायक अशोक रोहाणी, नीरज सिंह, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, भाजपा के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल और कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। पीएम हेली पर्यटन सेवा के शुभारंभ के दिन वरिष्ठ पत्रकार द्वय संजीव चौधरी, विपल्व अग्रवाल तथा समाज सेवी ध्रुव नारायण दुबे व अनिल तिवारी ने भेड़ाघाट से बांधवगढ़ और कान्हा का पर्यटन किया।

# एसआईआर में वैध मतदाता वंचित न हों : तोगड़िया

### जल्दबाजी में पात्र नाम कटना लोकतंत्र के लिये घातक




जबलपुर।

**अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कई सवाल किए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में शामिल संदिग्ध और अपात्र नाम हटाए जाएं लेकिन वास्तविक भारतीय नागरिकों के अधिकार प्रभावित न हों।**

जबलपुर प्रवास पर आए श्री तोगड़िया यहां पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर अवैध रूप से रह रहे लोग, विशेषकर बांग्लादेशी घुसपैठिए, एक ही व्यक्ति के नाम कई जगह पंजीकरण करवा लेते हैं। ऐसे मामलों में सख्त सत्यापन जरूरी है, ताकि मतदाता सूची की पवित्रता बनी रहे। साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जांच के नाम पर किसी भी वास्तविक भारतीय नागरिक का नाम बिना ठोस कारण के सूची से नहीं हटाया जाना चाहिए। उनका कहना था कि कई बार अपूर्ण दस्तावेज़ों या किसी अधिकारी की जल्दबाजी के कारण सही मतदाताओं के नाम भी कट जाते हैं, जो लोकतंत्र के लिए घातक है। प्रवीण तोगड़िया ने चुनाव आयोग से अपील की है कि वह ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करे, जिससे हर पात्र नागरिक को मतदान का अधिकार मिले और कोई भी वैध मतदाता वंचित न हो।

#### हर शनिवार एक लाख हनुमान चालीसा पाठ

इस दौरान उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद हर शनिवार "एक लाख हनुमान चालीसा पाठ" का संकल्प लेकर समाज को संगठित करने का प्रयास कर रही है। साथ ही उन्होंने बताया कि नवरात्रि के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय महिला परिषद द्वारा लाखों घरों में सरस्वती पूजा, कन्याभोज एवं 24 घंटे चलने वाले 14 भंडारों का आयोजन किया गया।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
कल के अंक में देखें
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# हाईकोर्ट की अनुमति के बिना एक भी पेड़ न काटा जाए

**सख्त आदेश : सात अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश**

**सुनवाई में 488 नहीं 8000 से अधिक पेड़ों की कटाई का तथ्य हुआ उजागर**



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि हाईकोर्ट की अनुमति के बिना राजधानी भोपाल में एक भी पेड़ न काटा जाए। मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने कहा कि इस दौरान कार्यपालक अभियंता पीडब्ल्यूडी, अंडर सेक्रेटरी, विधानसभा सचिवालय, एडमिनिस्ट्रेटिव अफिसर-कम-अंडर सेक्रेटरी, विधानसभा सचिवालय, आयुक्त, नगर निगम, भोपाल, प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटर आफ फारेस्ट, प्रमुख सचिव, विधानसभा सचिवालय व महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे व्यक्तिगत रूप उपस्थित रहेंगे। दरअसल, हाई कोर्ट ने भोपाल के समीप भोजपुर-बैरसिया रेलवे प्रोजेक्ट अंतर्गत रोड निर्माण के लिए 488 पेड़ों की कटाई के समाचार पर संज्ञान लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई प्रारंभ की है। मामले की सुनवाई के दौरान यह तथ्य उजागर हुआ कि प्रकरण महज 488 नहीं बल्कि 8000 से अधिक पेड़ों की कटाई से जुड़ा है। इसी के साथ कोर्ट ने सख्ती बरतते हुए पेड़ों की कटाई और ट्रांसप्लांट करने पर रोक लगा दी। यह रोक किसी भी विभाग, प्रोजेक्ट या सरकारी अनुमति पर प्राथमिकता से लागू होगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण कानून की अवहेलना को आड़े हाथों लेते हुए तल्ख टिप्पणी में कहा कि अब फाइलों से नहीं बल्कि अधिकारियों कोर्ट में बुलाकर वस्तुस्थिति जानी जाएगी। साथी ही ट्रासप्लांट पेड़ों की फोटो भी देखी जाएगी।

सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि सड़क चौड़ीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग, रायसेन ने बिना अनुमति के 488 पेड़ काट दिए। नियमानुसार नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत राज्य सरकार को पेड़ काटने से जुड़े मामलों के लिए एक कमेटी का गठन करना होता है। किसी प्रोजेक्ट के लिए पेड़ काटने की जरूरत हो तो उक्त समिति से अनुमति लेना अनिवार्य है। इस मामले में राज्य सरकार द्वारा गठित नौ सदस्यीय समिति या वृक्ष अधिकारी से कोई अनुमति नहीं ली गई है। सरकार की तरफ से प्रस्तुत जवाब में कहा गया था कि कलेक्टर द्वारा 448 पेड़ों को स्थानांतरित करने की अनुमति दी गई थी। जिन पेड़ों को स्थानांतरित नहीं किया जा सका, उनसे 10 गुना अधिक पेड़ लगाए जाएंगे। इसके अलावा 253 पेड़ों का प्रत्यारोपण किया गया है। इस मामले की विगत पिछली सुनवाई के दौरान युगलपीठ ने याचिका में भोपाल निवासी नितिन सक्सेना से हस्ताक्षेपकर्ता बनने के आवेदन को स्वीकार करते हुए अपने आवेदन में कहा था कि तस्वीरों से स्पष्ट है कि किसी भी पेड़ को प्रत्यारोपित नहीं गया है। पेड़ों को पूरी तरह से काटा गया है और उसके तने जमीन में गड़े हुए है, जिनमें से कुछ में अंकुर निकलने लगे हैं। हाई कोर्ट ने प्रत्यारोपित किए गए पेडो की जीपीएस के साथ सेटेलाइट फोटो पेश करने के निर्देश दे दिए। हस्ताक्षेपकर्ता की ओर से बताया गया कि भोपाल में मंत्री-विधायकों के रेजिडेंशियल काम्प्लेक्स बनाने के लिए 244 और पेड़ काटने की मांग की गई है। शिफ्टिंग की आड़ में पेड़ों को काटने का एक नया तरीका अपनाया गया है। पेड़ों को काटने की परमिशन लेना मुश्किल है और इसलिए पेड़ों को ट्रांसप्लांट करने का एक प्रपोज़ल है जिसके लिए किसी अनुमति की आवश्यकता नहीं है।

राज्य सरकार की तरफ से बताया गया कि प्रदेश कोई ट्री-ट्रांसप्लांटेशन पालिसी लागू नहीं है। फोटोग्राफ से पता चलता है कि ट्रांसप्लांटेशन का तरीका पेड़ की सभी टहनियों और पत्तियों को पूरी तरह से हटाना और पेड़ के तने को दूसरी जगह लगाना था। विधानसभा बिल्डिंग कंट्रोलर के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर द्वारा विधानसभा सेक्रेटेरिएट के प्रिंसिपल सेक्रेटरी को 30 अक्टूबर, 2025 को कम्युनिकेशन कर बताया गया था कि रेजिडेंशियल काम्प्लेक्स के कंस्ट्रक्शन के कारण, कई पेड़ रास्ते में आ रहे हैं और उन्हें हटाना पड़ रहा है। जिसके कारण बड़ी संख्या में टहनियों को काटा जा रहा है और भारी मात्रा में लकड़ी इकट्ठा की जा रही है। कंस्ट्रक्शन के रास्ते में आ रहे पेड़ों से काटी गई इन टहनियों और लकड़ी का इस्तेमाल करने का अनुरोध किया गया है। जिससे स्पष्ट है कि किसी भी तरह से किसी पेड़ को बचाने या ट्रांसप्लांट करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। जहां तक ट्रांसल्पांटेशन का सवाल है, परिवहन के दौरान उनके जीवित रहने की संभावना नहीं है।

**गांव-गांव पक्की सड़कें बन रही है : राकेश सिंह**

# सिहोरा को मिली चार सड़कों की सौगात



**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने सिहोरा विधानसभा अंतर्गत 8.27 करोड़ की लागत से पिटकुही से पंडुटोला मार्ग एवं जैतपुरी से निवास मार्ग, नारायणपुर से पिपरिया तथा बटुआ से घुघरा मार्ग का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मंत्री श्री सिंह ने कहा कि एक समय था जब छोटी-छोटी सड़कों के लिए संघर्ष करना पड़ता था। लेकिन अब प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विकासात्मक सोच के कारण गांव-गांव पक्की सड़कें बन रही है। एक-एक विधानसभा क्षेत्र में 100-150 करोड़ के काम यह साबित करते हैं कि पूरे देश में विकासवादी सोच है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार विकासवादी सोच की सरकार है। लगभग 2 साल में लोक निर्माण विभाग द्वारा 3 हजार 500 करोड़ की सड़के बनी है। उन्होंने कहा कि आज जिन सड़कों का भूमिपूजन हुआ है वे सड़कें मार्च तक गुणवत्ता के साथ पूर्ण होगें। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि पहले किसी ने नहीं सोचा था कि बेटियां, लाडली लक्ष्मी बनेंगी और यह भी नहीं सोचा था कि बहनें, लाडली बहना बनेंगी। माता व बहने परिवार में संकट के समय अपने गुल्लक से सहायता करती हैं, सुख-दुख में साथ देती है, इसी कारण हमारे समाज में मातृ शक्ति का सम्मान है। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक संतोष बरकड़े ने मंत्री श्री सिंह का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक श्रीमती नंदिनी मरावी, सुभाष तिवारी रानू, डॉ. रविन्द्र चनपुरिया सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**बरेला पड़वार मार्ग का भूमिपूजन**



लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पनागर विधानसभा अंतर्गत 28.34 करोड़ की लागत से 10 किलोमीटर लंबी बरेला से पड़वार मार्ग निर्माण कार्य भूमिपूजन किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक सुशील इंदु तिवारी ने बरेला से पड़वार की सड़क के लिए उनके द्वारा किये गये प्रयासों के बारे में बताया। साथ ही लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के माध्यम से यह कार्य साकार होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि अब इससे लगभग 50 गांव जुड़ेंगे और क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन आयेगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, सुभाष तिवारी रानू सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# हनुमानताल में तलवार चली, 2 घायल

जबलपुर



हनुमानताल थाना अतंर्गत झिन्ना मोहल्ला बारुद खाना के पास और बड़ा मदार छल्ला में मारपीट की दो वारदातें सामने आई है। मारपीट की इस वारदात में बदमाशों ने एक युवक पर तलवार से और दूसरे के साथ मारपीट कर धक्का देकर गिरा दिया।

हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार झिन्ना मोहल्ला बारुद खाना के पास हनुमानताल निवासी दीपक चौधरी गत रात 9.30 बजे झिन्ना मोहल्ला बारूद खाना के पास पान टपरे में खड़ा था उसी समय मोहल्ले के रहने वाला रंजीत चौधरी अपने साथी मोहित चौधरी और सूरज चौधरी के साथ आया और पुराने विवाद पर गालीगलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर रंजीत चौधरी ने तलवार से उस पर हमला कर घायल कर दिया तथा मोहित चौधरी, सूरज चौधरी ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(1), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर आपियों की तलाश जारी है।

इसी तरह हनुमानताल बड़ा मदार छल्ला निवासी 18 वर्षीय सरफराज शाह गत रात 9.30 बजे मोहल्ले में अपने दोस्त सोहिल के साथ बैठकर बातचीत कर रहा था तभी मोहल्ले का रहने वाला गुलफाम वहां से निकला और कोई है मुझसे लड़ने वाला कहकर गालीगलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर उसे धक्का देकर गिरा दिया और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351 (3, बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# आज नजर आ सकता है जमादी-उल-आखिर का चाँद : मौलाना

**मुस्लिम समाज विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को गंभीरता से ले**



**जबलपुर।** मुफ़्ती-ए-आज़म मध्य प्रदेश हज़रत मौलाना डॉ. मुशाहिद रज़ा क़ादरी बुरहानी के अनुसार 21 नवंबर जुमा मुताबिक 29 जमादी-उल-अव्वल को माहे जमादी-उल-आखिर का चाँद नज़र आने की उम्मीद है। लिहाजा शाम मगरिब की नमाज़ के वक्त चाँद देखने की कोशिश करें। चाँद दिखाई देने पर तुरंत मौलाना साहब को उनके मोबाइल नंबर 9302256729 पर सूचना दें, ताकि समय पर चाँद का ऐलान किया जा सके। इसी के साथ, मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश मौलाना डॉ. मुशाहिद रज़ा क़ादरी बुरहानी ने मुस्लिम समाज से विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान को गंभीरता से लेने की भी अपील की। उन्होंने बताया कि इस सरकारी प्रक्रिया के तहत मतदाताओं के नाम वर्ष 2003 की वोटर लिस्ट से जोड़े जा रहे हैं, जिससे प्रत्येक व्यक्ति का नाम अपने माता-पिता के साथ सरकारी रिकॉर्ड में ठीक प्रकार से दर्ज हो सके। उन्होंने सलाह दी कि यदि एसआईआर फॉर्म सही ढंग से भरकर बीएलओ को जमा न किए गए, तो मतदाता सूची से नाम हटने का खतरा हो सकता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे बीएलओ से या ऑनलाइन फॉर्म प्राप्त कर साफ-सुथरी लिखावट में सारी जानकारी भरें और एक प्रति बीएलओ से दस्तखत कराकर अपने पास सुरक्षित रखें। साथ ही मोहल्लों में कैंप लगाने को भी उपयोगी बताया, ताकि अधिक से अधिक लोग आसानी से प्रक्रिया पूरी कर सकें।

मौलाना साहब ने इमाम साहिबान से भी अनुरोध किया कि वे जुमे की नमाज़ से पहले अपनी तक़रीर में एसआईआर प्रक्रिया के महत्व पर विशेष रूप से रोशनी डालें, क्योंकि मौजूदा हालात में नागरिकता को जन्मसिद्ध आधार पर सिद्ध करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। अंत में उन्होंने कहा कि समुदाय अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के मद्देनज़र एसआईआर प्रक्रिया को 3 दिसंबर से पहले पूरा करें।

# एसबीआई ग्राहक सेवा केंद संचालकों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग



मझौली/जबलपुर

मध्य प्रदेश बैंक मित्र संगठन के बैनर तले जबलपुर, सिहोरा व मझौली क्षेत्र के एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों ने कलेक्टर जबलपुर को ज्ञापन सौंपकर FI Manager श्रीमती राजदीप कौर और संभागीय अधिकारी सरिता कोष्टा के विरुद्ध गंभीर शिकायतें दर्ज कराई हैं। संचालकों का आरोप है कि बीमा लक्ष्य पूरा न होने पर उनकी CSP IDs बिना पूर्व सूचना के बंद कर दी गईं, जिससे लाड़ली बहना, किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था पेंशन जैसी योजनाओं के कार्य प्रभावित हुए। संचालकों के अनुसार, अधिकारियों ने उनसे मिलने से इंकार किया और समस्याएँ सुनने से भी मना कर दिया। संगठन ने कहा कि लगभग 75–80 CSP IDs बंद हैं और पुनः सक्रिय करने का कोई आश्वासन नहीं दिया गया। संचालकों ने इस व्यवहार को असम्मानजनक बताते हुए संबंधित अधिकारियों को पद से निलंबित करने की मांग की है। ज्ञापन की प्रति एलएचओ भोपाल भेजी गई है ताकि समाधान निकाला जा सके।

**नर्मदा जी आयी ही हैं पुण्य के लिए : ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूप जी**

# नर्मदा कथा में हुआ शंकराचार्य महाराज का आगमन



**जबलपुर।** रमनगरा जबलपुर में चल रही नर्मदा पुराण के चतुर्थ दिवस में पूज्य ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूप महाराज ने बताया कि मां नर्मदा जी में दीपदान कब करना चाहिए। दीपदान जो है संध्या काल में बहुत अच्छा माना जाता है, यह काल शंकर जी का काल है प्रदोष काल है वैसे दिन में किसी भी समय दीपदान के लिए निषेध नहीं है आप कर सकते हैं कभी भी, मगर अर्ध रात्रि को दीपदान का महत्व नहीं है। कई लोगों का कहना है कि दीपदान से नर्मदा जी को दूषित करते हैं दीपदान करने से कचरा होता है, तो पूज्य श्री ने बताया कि पत्ते के दोना एवं आटा के दीपक से दीपदान करना चाहिए उससे जल दूषित नहीं होता है, प्लास्टिक उपयोग करने में स्वभाविक है प्रदूषण होगा, इसलिए प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए और जो आटा बगैरह होते है वो मछली आदि सब खा जाते हैं साथ ही कहा कि समान्य रूप से सभी मनुष्यों को नर्मदा जी को स्वच्छ करना चाहिए। मगर सरकार की जिम्मेदारी है कि वो नर्मदा जी की साफ-सफाई करे।

नर्मदा जी आयी ही हैं पुण्य के लिए इसलिए इसमें दीपदान का निषेध नहीं होना चाहिए। पूजा का निषेध नहीं होना चाहिए। पूजा करना, दीपदान करना हम सनातनियों का मौलिक अधिकार है। मूल बात तो ये है कि पूजा करने से नर्मदा जी दूषित नहीं होतीं नास्तिक लोग ये भ्रांति फैलते हैं कई बार। पूजा से तो वो प्रसन्न होती हैं पूजा न करने से नाराज होती हैं। इस प्रकार से पूज्य कथा व्यास महाराज अनेक दिव्य-दिव्य नर्मदा जी की महिमा का बखान कर रहे हैं। साथ ही कथा में पूज्य द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य महाराज का आगमन हुआ, पूज्य शंकराचार्य महाराज ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि नर्मदा जी के दर्शन मात्र से कल्याण हो जाता है, नर्मदा जी का महात्म्य कौन बतायेगा? तो शंकराचार्य महाराज ने बताया कि नर्मदा पुराण सुनने से ही नर्मदा जी के महात्म्य का पता चलेगा, माँ नर्मदा में दीपदान, पूजन करना चाहिए ये सब नर्मदा पुराण सुनने से पता चलेगा।

# रामेश्वरम कालोनी में वृहत सुहागलों का आयोजन



**जबलपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की वार्ड संयोजिका पूर्ति दुबे के द्वारा विजय नगर रामेश्वरम कालोनी में वृहत सुहागलों का आयोजन किया गया जिसमें अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा से कविता दुबे, कीर्ति पांडे, अपर्णा तिवारी, सपना मिश्रा, सविता शर्मा, सुनीता दुबे, श्वेता दुबे, एकता दुबे, शिवांगी दुबे, आकृति दुबे, विनीता दुबे, सीमा त्रिपाठी, रूबी शर्मा, मंजू, अर्चना, रीना शर्मा एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# एमपी ट्रांसको के 48 वर्ष पुराने सब स्टेशन के रिमॉडलिंग का कार्य पूर्ण

जबलपुर।

प्रदेश में विद्युत पारेषण तंत्र को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने के लिए जहां नये सबस्टेशन, ट्रांसमिशन लाइनें और उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर स्थापित किए जा रहे हैं, वहीं पुराने सबस्टेशनों को भी वर्तमान तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप उन्नत किया जा रहा है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा जबलपुर स्थित व्हीकल फैक्ट्री उपकेन्द्र के उन्नयन के बाद अब पिपरिया में 48 वर्ष पुराने 132 के.वी. सबस्टेशन का रिमॉडलिंग कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है।



**'गुणवत्ता पूर्ण बिजली' : तोमर**

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस महत्वपूर्ण रिमॉडलिंग कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए एमपी ट्रांसको के इंजीनियरों एवं समस्त कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सुधार पिपरिया उपकेन्द्र की विश्वसनीयता, वहन क्षमता और विद्युत आपूर्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित करेगा। इससे क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अधिक स्थिर, सुरक्षित और निर्बाध बिजली आपूर्ति प्राप्त होगी।

**लोड बढ़ने के कारण आवश्यक था उन्नयन**

एमपी ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता पी. एस. राघव ने बताया कि 06 अगस्त 1977 को स्थापित इस सबस्टेशन की प्रारंभिक क्षमता 28.5 एमवीए थी तथा यह सिंगल पैंथर कंडक्टर आधारित मैन बस पर संचालित होता था। अब सबस्टेशन की क्षमता बढ़कर 126 एमवीए हो जाने के कारण पुरानी मैन बस पर लोड अत्यधिक बढ़ गया था, जिसके चलते कई स्थानों पर क्षति के संकेत मिल रहे थे। इसी कारण इसका आधुनिकीकरण अत्यंत आवश्यक हो गया था। तकनीकी मानकों के अनुसार सिंगल पैंथर कंडक्टर को हटाकर अब इसे उच्च दक्षता वाले आधुनिक ट्विन ज़ेबरा कंडक्टर से प्रतिस्थापित किया गया है।

उपलब्ध सीमित स्थान के बावजूद पूरे रिमॉडलिंग कार्य को ऑक्ज़िलरी बस स्ट्रक्चर पर ही सावधानीपूर्वक इरेक्शन करते हुए समयबद्ध, सुरक्षित और सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

# युवक ने फांसी लगाई


**जबलपुर।** तिलवारा थाना अतंर्गत मीत चौराहा शास्त्रीनगर स्थित एक किराए के मकान में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नाजिराबाद नई बस्ती सतना निवासी 20 वर्षीय अरसान हासमी जबलपुर में तिलवारा शास्त्रीनगर स्थित मीत चौक के पास किराए के मकान में रहकर ज्ञान गंगा कॉलेज में पढ़ाई करता था। गत शाम उसका दोस्त नेहरु नगर गढ़ा निवासी चेतन अविनाश सिंह अपने दोस्त अरसान से मिलने उसके कमरे पहुंचा एवं उसे आवाज लगाया। काफी देर तक आवाज लगाने पर भी जब दरवाजा नहीं खुला तो उसने खिड़की का पल्ला खोलकर देखा तो अरसान कमरे में पंखे में चादर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।



**श्रीमति विमला दुबे-** गौर सालीवाड़ा निवासी पंडित अरुण दुबे की मातुश्री एवं कर्मचारी नेता पंडित नरेन्द्र दुबे, पंडित योगेन्द्र दुबे की चाची, तथा स्व. नारायण प्रसाद दुबे की पत्नी श्रीमती विमला दुबे का निधन हो गया, उनकी अंतिम यात्रा आज शुक्रवार को दोपहर 12 बजे गौर स्थित निज निवास से गौर सालीवाडा मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।



**श्रीमती जयंती बाई तनखीवाले -** विजयनगर निवासी श्रीमती जयंती बाई तनखीवाले का 100 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे स्वर्गीय सी. वाय. तनखीवाले की पत्नी, डा. जयंत तनखीवाले की माताजी, एसजी धांडे की सास और सुबोध व योगेश धांडे की नानी थीं। अंतिम संस्कार यात्रा आज 21 नवम्बर को प्रातः 10 बजे निवास स्थान से ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।



**श्रीमती शोभा माहेश्वरी-** रामनगर आधारताल निवासी श्री धर्मेश माहेश्वरी (होलानी) की धर्मपत्नी श्रीमती शोभा माहेश्वरी का 56 वर्ष की आयु में निध हो गया। आप डॉक्टर ओ. पी.माहेश्वरी एवं श्री राम माहेश्वरी के लघु भ्राता की धर्मपत्नी एवं श्रीमती निर्मला माहेश्वरी (होलानी ) की देवरानी थी। अंतिम यात्रा आज शुक्रवार को प्रातः 11 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिए उनके निवास स्थान से रवाना होगी।

**श्रीमती शशिकला गोयल-** एकता परिसर मदनमहल निवासी श्री हीरा लाल गोयल की धर्मपत्नी श्रीमती शशिकला गोयल (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री हरिशचंद्र जाटव-** अवधपुरी कॉलोनी गौरीघाट निवासी श्री हरिशचंद्र जाटव (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सावित्री केवट-** कांचघर शीतलामाई वार्ड निवासी श्री छगन लाल केवट की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री केवट (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम प्रसाद रजक-** ग्वारीघाट रेलवे स्टेशन के पास निवासी श्री राम प्रसाद रजक (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम बाबू कोल-** छुई खदान खेरमाई मंदिर के पास निवासी श्री राम बाबू कोल (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री धर्मदास विश्वकर्मा-** प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री धर्मदास विश्वकर्मा (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला चौधरी-** बड़ा पत्थर रांझी निवासी श्री आशीष चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती कमला चौधरी (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री प्रहलाद रजक-** बेलबाग छुई मोहल्ला निवासी श्री प्रहलाद रजक (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चनन कौर-** कोबरा ग्राउंड के सामने सिविल लाइन निवासी श्री गुरबक्श सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती चनन कौर (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती गायत्री देवी गौर-** जीसीएफ हाउसिंग सोसायटी अशोक नगर अधारताल निवासी श्री भगवती प्रसाद गौर की धर्मपत्नी श्रीमती गायत्री देवी गौर (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राधा बाई चौधरी-** रद्दी चौकी शिव मंदिर के पास अधारताल निवासी श्री फूलचंद चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती राधा बाई चौधरी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम विलास विश्वकर्मा-** सुहागी पंजाब एंड सिंध बैंक के पास निवासी श्री राम विलास विश्वकर्मा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सावित्री बाई कोरी-** शुक्ला होटल लालमाटी निवासी श्री भगदीन कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री बाई कोरी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अनिल कोल-** बड़वारा कटनी निवासी श्री लालाराम कोल के पुत्र श्री अनिल कोल (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोती लाल-** प्रेमसागर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री मोती लाल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती जानकी देवी चतुर्वेदी-** समदड़िया होम्स पूर्व शीला टाकीज के पास सिविल लाईन निवासी श्री एनके चतुर्वेदी की धर्मपत्नी श्रीमती जानकी देवी चतुर्वेदी (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विद्या दुबे-** साईं कॉलोनी करमेता निवासी श्री धनीराम दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती विद्या दुबे (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कृष्णा विश्वकर्मा-** मॉडल रोड दवा बाजार के पास निवासी श्री जगदीश विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा विश्वकर्मा (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती गनेशी बाई-** बधैया मोहल्ला मिलौनीगंज निवासी श्री स्वामी प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती गनेशी बाई (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।



**श्री ममता रानी बबेले-** पाटन नगर के बबेले परिवार के श्री लक्ष्मी प्रसाद बबेले की पत्नी श्री ममता रानी बबेले का निधन हो गया। वे अनोज बबेले, संदीप बबेले कुलदीप बबेले की चाची हैं। उनका अंतिम संस्कार पाटन मुक्ति धाम में आज शुक्रवार सुबह 10 बजे संपन्न होगा।

## खबर संक्षेप

### कंतार की शीर्ष 100 सूची में भारतीय ब्रांड शामिल




**नई दिल्ली।** कंतार की सूची में शामिल शीर्ष 100 सबसे मूल्यवान भारतीय ब्रांड का कुल मूल्य 2025 में 523.5 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। यह देश के जीडीपी का लगभग 13 प्रतिशत है। जारी 2025 की नवीनतम कंतार ब्रांड रिपोर्ट में 100 ब्रांड को शामिल किया गया है, जिनका कुल ब्रांड मूल्य सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़ा है।

### रुपया 23 पैसे टूटकर 88.71 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 23 पैसे लुढ़ककर 88.71 पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रा में आई बड़ी मजबूती तथा अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की उम्मीद कम होने से रुपये में यह गिरावट आई। दिसंबर में ब्याज कटौती के खिलाफ थे, डॉलर में तेजी आई है।

### आईटीसी ने कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज से अपने शेयर हटाए




**नई दिल्ली।** विविध कारोबार करने वाली कंपनी आईटीसी ने कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड (सीएसई) से अपने शेयर को स्वैच्छिक से हटाने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज ने 20 नवंबर 2025 से आईटीसी के साधारण शेयर को अपनी 'आधिकारिक एक्सचेंज सूची' से स्वैच्छिक रूप से हटाने की मंजूरी दे दी है।

### एसपीएनआई के अधिकारी तुषार शाह का इस्तीफा




**नई दिल्ली।** सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने बृहस्पतिवार को बताया कि उसके मुख्य विपणन अधिकारी और व्यवसाय प्रमुख (फिल्म, क्षेत्रीय, एफटीए और सूचना मनोरंजन चैनल) तुषार शाह ने इस्तीफा दे दिया है। शाह 16 साल के कार्यकाल के बाद कंपनी छोड़ रहे हैं। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने कहा कि उनका आखिरी कार्य दिवस 31 मार्च, 2026 होगा।

### फुजियामा पावर पहले दिन करीब नौ प्रतिशत टूटा




**नई दिल्ली।** रूफटॉप सोलर उद्योग के लिए समाधान प्रदान करने वाली कंपनी फुजियामा पावर सिस्टम्स का शेयर अपने कारोबार के पहले दिन बृहस्पतिवार को निर्गम मूल्य 228 रुपये के मुकाबले करीब नौ प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई पर शेयर 4.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 218.40 रुपये सूचीबद्ध हुआ।

### पैजसन एग्रो को आईपीओ से धन जुटाने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** पैजसन एग्रो इंडिया ने एसएमई श्रेणी में आईपीओ के जरिये धन जुटाने के लिए बीएसई लिमिटेड से सैद्धांतिक मंजूरी मिलने की बृहस्पतिवार को जानकारी दी। आईपीओ दस्तावेजों के अनुसार, यह 10 रुपये प्रति शेयर अंकित मूल्य वाले 63.09 लाख से अधिक शेयर के नए निर्गम पर आधारित है। नए निर्गम से हासिल 57 करोड़ रुपये की शुद्ध आय का उपयोग आंध्र प्रदेश के विजयनगरम में दूसरा काजू प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

# भारत से बोरिया-बिस्तर समेट रहा एक और विदेशी बैंक, कई अमीरों के हैं खाते

## जर्मनी का डॉयचे बैंक अपना रिटेल और वेल्थ मैनेजमेंट बिजनेस समेटने की तैयारी में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जर्मनी का डॉयचे बैंक भारत में अपना रिटेल और वेल्थ मैनेजमेंट बिजनेस समेटने की तैयारी में है। इसे खरीदने की होड़ में देश के दो बड़े प्राइवेट बैंक कोटक महिंद्रा बैंक और फेडरल बैंक शामिल हैं।

- इस बैंक को खरीदने की दौड़ में भारत के दो बड़े प्राइवेट बैंक

आठ साल में यह दूसरा मौका है जब डॉयचे बैंक भारत में अपना कारोबार बेचने की फिराक में है। दोनों भारतीय बैंकों ने डॉयचे बैंक के इस पोर्टफोलियो का मूल्यांकन कर लिया है। फिलहाल, इस डील की कीमत को लेकर बातचीत चल रही है। इस पोर्टफोलियो में पर्सनल लोन और कुछ मॉर्टगेज शामिल हैं, जिन्हें डॉयचे बैंक बेचना चाहता है। बैंक के वेल्थ मैनेजमेंट कारोबार में करीब 25,000 करोड़ रुपए की एसेट अंडर मैनेजमेंट है। मार्च 2025 में खत्म हुए वित्तीय वर्ष में बैंक के रिटेल कारोबार से कुल 2,455 करोड़ रुपए का रेवेन्यू आया था। यह पिछले साल के 2,362 करोड़ रुपए के रेवेन्यू से 4 प्रतिशत ज्यादा है।

### भारतीय बैंकों को फायदा

*ताजा आंकड़ों के अनुसार मार्च 2025 के अंत तक डॉयचे बैंक के रिटेल बैंकिंग में कुल 25,038 करोड़ रुपए की संपत्ति थी। डॉयचे बैंक के सीईओ क्रिश्चियन सीविंग ने वैश्विक स्तर पर बैंक को और अधिक लाभदायक बनाने के लिए एक पुनर्गठन योजना शुरू की है। इसी योजना के तहत डॉयचे बैंक भारत में अपने रिटेल कारोबार से पूरी तरह बाहर निकलना चाहता है। एक सूत्र ने बताया कि बातचीत चल रही है, लेकिन हमें मूल्यांकन पर भी ध्यान देना होगा। कोटक और फेडरल बैंक दोनों ही पोर्टफोलियो खरीदकर अपने कारोबार का विस्तार करने के इच्छुक हैं और यह एक ऐसा ही मौका है। यह उन्हें डॉयचे बैंक के वेल्थ मैनेजमेंट कारोबार में भी हिस्सेदारी देगा, जो इन दोनों बैंकों की इस क्षेत्र में अपनी महत्वाकांक्षाओं और रिटेल कारोबार के साथ तालमेल बिठाएगा।*




### विदेशी बैंकों की मुश्किल

भारत में विदेशी बैंकों को बड़े स्थानीय बैंकों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। उनके खर्चे ज्यादा होते हैं और वे कीमतों के मामले में कड़ी प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाते। साल 2022 में सिटीबैंक ने अपना क्रेडिट कार्ड और रिटेल कारोबार 1 अरब डॉलर से अधिक में एक्सिस बैंक को बेच दिया था। इसी साल कोटक महिंद्रा बैंक ने स्टैंडर्ड चार्टर्ड से 3,330 करोड़ रुपए का पर्सनल लोन पोर्टफोलियो खरीदा था।

*__डॉयचे ने खुद क्रेडिट कार्ड कारोबार बेचा था :__ डॉयचे बैंक ने खुद 2011 में अपना क्रेडिट कार्ड कारोबार इंडसइंड बैंक को बेचा था। डॉयचे बैंक के भारत में वेल्थ मैनेजमेंट कारोबार में बैंक के कॉर्पोरेट कारोबार से जुड़े ऋण निवेश भी शामिल हैं। इसमें कुछ अमीरों के खाते भी शामिल हैं, जो कोटक महिंद्रा और फेडरल के लिए बहुत लाभदायक हो सकते हैं। संपत्ति के हिसाब से जर्मनी के सबसे बड़े बैंक ने इससे पहले साल 2017 में भारत में अपना रिटेल और वेल्थ मैनेजमेंट कारोबार बेचने की योजना बनाई थी, लेकिन बाद में इन योजनाओं को वापस ले लिया था।*

## आरबीआई गवर्नर ने कहा, रुपए के लिए किसी भी स्तर का कोई लक्ष्य नहीं

# रुपए के लिए कोई लक्ष्य नहीं, अमेरिकी डॉलर की मांग से इसमें गिरावट : मल्होत्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्रीय बैंक ने रुपये के लिए किसी भी स्तर का लक्ष्य नहीं बनाया है और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले घरेलू मुद्रा में हाल में आई गिरावट की वजह डॉलर की मांग में तेजी है।

गवर्नर ने कहा कि केंद्रीय बैंक के पास विदेशी मुद्रा का ''काफी अच्छा'' भंडार है और बाह्य क्षेत्र को लेकर चिंता की कोई आवश्यकता नहीं है। दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनमिक्स में वीकेआरवी राव स्मृति व्याख्यान में मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई की सर्वोच्च प्राथमिकता प्रणाली में वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करना है और केंद्रीय बैंक जहां तक संभव हो, आवश्यक सुरक्षा उपायों एवं सुरक्षा-व्यवस्था को बनाए रखते हुए विनियमनों को सरल बनाने का प्रयास कर रहा है।

### देश के चालू खाता शेष पर दबाव कम होगा

*डॉलर के मुकाबले रुपये के अवमूल्यन से जुड़े सवाल पर उन्होंने विश्वास जताया कि भारत, अमेरिका के साथ एक ''अच्छा व्यापार समझौता'' करेगा और इससे देश के चालू खाता शेष पर दबाव कम होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय रुपये का हालिया अवमूल्यन व्यापारिक गतिविधियों और अमेरिकी शुल्क मुद्दों के कारण है।*

- घरेलू मुद्रा में गिरावट की वजह डॉलर में मांग निकलना है
- केंद्रीय बैंक के पास विदेशी मुद्रा का अच्छा भंडार
- बाह्य क्षेत्र को लेकर चिंता की कोई आवश्यकता नहीं



### फेड के ब्याज दरों में कटौती करने की संभावना कम

अमेरिकी मुद्रा में व्यापक मजबूती एवं अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की कम होती संभावनाओं के बीच रुपया बृहस्पतिवार को 23 पैसे टूटकर 88.71 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से जुड़े ब्योरे में दिसंबर में नीतिगत दर में कटौती न करने का संकेत मिलने के बाद डॉलर में तेजी आई है और यह 100 के स्तर के पार पहुंच गया।

### डॉलर की मांग के कारण गिरावट

मल्होत्रा ने कहा, '' हम किसी स्तर को लक्ष्य नहीं बनाते। रुपये में गिरावट क्यों आ रही है? ऐसा मांग के कारण है...यह एक वित्तीय साधन है। डॉलर की मांग है और यदि डॉलर की मांग बढ़ती है तो रुपये में गिरावट आती है। यदि रुपये की मांग बढ़ती है तो डॉलर में गिरावट आती है और रुपया मजबूत होता है।''

### शीर्ष 100 बैंकों की सूची में और भारतीय बैंक होंगे शामिल

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि आर्थिक विस्तार और बैंकिंग प्रणाली में वृद्धि की गति को देखते हुए, भारत के और भी घरेलू बैंक जल्द ही दुनिया के शीर्ष 100 बैंकों की सूची में शामिल होंगे। मल्होत्रा ने दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनमिक्स में वीकेआरवी राव स्मृति व्याख्यान देने के बाद छात्रों से बातचीत में कहा कि आरबीआई भारत के कई बड़े बैंकों को वैश्विक सूची में शामिल नहीं कर सकता। जबकि इसमें उन्हें शामिल होना चाहिए।

### अभी एसबीआई और एचडीएफसी बैंक शामिल

मल्होत्रा ने कहा, ''...सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र में कई बैंक हैं। जिस गति से वे बढ़ रहे हैं, मुझे लगता है कि यह केवल समय की बात है कि दुनिया के शीर्ष 100 बैंकों में हमारे कई बैंक शामिल होंगे।'' वर्तमान में, केवल भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और एचडीएफसी बैंक ही दुनिया के शीर्ष 100 बैंकों में शामिल हैं। ये दोनों बैंक क्रमशः 43वें और 73वें स्थान पर हैं।

### बैंकों का विलय ही एक रास्ता

इस महीने की शुरुआत में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी कहा था कि देश को बड़े और वैश्विक स्तर के बैंकों की जरूरत है और इस संबंध में रिजर्व बैंक और वित्तीय संस्थानों के साथ बातचीत जारी है। उन्होंने कहा था, ''यह मौजूदा बैंकों से नए बैंक बनाने से नहीं हो सकता... विलय भी एक रास्ता हो सकता है। सही मायने में आपको एक ऐसे परिवेश की जरूरत है जिसमें ज्यादा बैंक काम कर सकें और आगे बढ़ सकें।

# शेयर बाजार में दूसरे दिन रही तेजी, सेंसेक्स 446 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



- वैश्विक बाजारों में मजबूत स्थिति बनी रही
- तेल और गैस कंपनियों के शेयरों में निकली खरीदी
- विदेशी निवेशकों ने बाजार में किया निवेश

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही। वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच तेल एवं गैस तथा चुनिंदा वित्तीय कंपनियों के शेयरों में लिवाली तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बीएसई सेंसेक्स 446 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी 139 अंक मजबूत हुआ। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 446.21 अंक चढ़कर 85,632.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 615.23 अंक चढ़कर 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर 85,801.70 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 139.50 अंक यानी 0.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 26,192.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर 26,246.65 अंक पर पहुंच गया था। विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में तेजी से मानक सूचकांक कारोबार के दौरान साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा और एक्सिस बैंक सबसे अधिक लाभ में रही। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक, टाइटन और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं।

### तेजी की अगुवाई रिलायंस आदि शेयरों ने किया

ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि भारतीय बाजार मजबूती के साथ बंद हुए और निफ्टी 26,100 अंक के प्रमुख मनोवैज्ञानिक स्तर से ऊपर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि इस तेजी की अगुवाई रिलायंस इंडस्ट्रीज समेत तेल और गैस क्षेत्र के प्रमुख शेयरों के साथ-साथ एचडीएफसी बैंक और बजाज ट्विन्स जैसे निजी क्षेत्र के वित्तीय संस्थान और चुनिंदा वाहन शेयरों ने किया।

### टीसीएस, टीपीजी डेटा सेंटर कारोबार में करेगी निवेश

**मुंबई।** टीसीएस ने बृहस्पतिवार को अपने आगामी डेटा सेंटर कारोबार के लिए निजी इक्विटी कंपनी टीपीजी के साथ गठजोड़ की घोषणा की। दोनों साझेदार मिलकर इस व्यवसाय में 18,000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। टीपीजी 'हाइपरवॉल्ट' नाम के एआई डेटा सेंटर व्यवसाय में एक अरब डॉलर या करीब 8,870 करोड़ रुपये निवेश करेगी। इस उद्यम में उसकी 27.5 प्रतिशत से 49 प्रतिशत के बीच हिस्सेदारी होगी। 'टीपीजी को एक रणनीतिक निवेश साझेदार के तौर पर लाने से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को अपने निवेशकों को बेहतर प्रतिफल दिलाने, अपने पूंजीगत व्यय को कम करने और डेटा सेंटर मंच के लिए दीर्घावधि मूल्य बनाने में मदद मिलेगी।''

# देश की 26 ई-कॉमर्स कंपनियां 'डार्क पैटर्न' से हुई मुक्त : सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की 26 प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियों ने उनके मंचों के 'डार्क पैटर्न' से मुक्त होने की घोषणा की है। सरकार ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। 'डार्क पैटर्न' अनुचित व्यापार व्यवहार की श्रेणी में आते हैं। सरकार, उपभोक्ताओं को गुमराह करने या उनके साथ छल करने वाली इन प्रथाओं पर अंकुश लगाने के प्रयास कर रही है। इन 26 ई-कॉमर्स मंचों में जेप्टो, जोमैटो, स्विगी, जियोमार्ट और बिगबास्केट शामिल हैं। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने बयान में कहा कि 26 प्रमुख ई-कॉमर्स मंचों ने स्वेच्छा से स्व-घोषणा पत्र प्रस्तुत किए हैं जो 'डार्क पैटर्न' की रोकथाम एवं विनियमन, 2023 के दिशानिर्देशों के अनुपालन की पुष्टि करते हैं।



- डार्क पैटर्न अनुचित व्यापार व्यवहार की श्रेणी में आते हैं
- सरकार, उपभोक्ताओं को गुमराह करने की प्रथा पर अंकुश

# सोना 600 रुपए टूटा, चांदी भी लुढ़की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कमजोर वैश्विक रुख और मजबूत डॉलर की वजह से राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतें 600 रुपये टूटकर 1,26,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 600 रुपये टूटकर 1,26,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गयी। चांदी की कीमतें 2,000 रुपये लुढ़ककर 1,58,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं।



- सोना गिरकर 1,26,700 रुपए पर
- चांदी 2000 रुपए लढ़कर 1,58, 000 रुपए किलो

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक - जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई। डॉलर के मजबूत होने और यूक्रेन में युद्ध खत्म करने की अमेरिका की नई कोशिशों की खबरों के बाद सोने की सुरक्षित निवेश की मांग में कमी आई।' गांधी ने कहा कि अमेरिकी ब्यूरो ऑफ़ लेबर स्टैटिस्टिक्स के अक्टूबर की रोजगार रिपोर्ट प्रकाशित न करने के ऐलान के बाद बाजार धारणा और खराब हो गयी, जिससे फेडरल रिजर्व के पास साल की अपनी आखिरी बैठक से पहले ज़रूरी श्रम आंकड़े नहीं रहे।


**LIC HFL**
LIC HOUSING FINANCE LTD

**एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.**
एरिया ऑफिस :–18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर – 482001 (म.प्र.) फोन नं. 0761–2401338, Website: www.lichousing.com

**परिशिष्ट–IV नियम 8(1) आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणीग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा है अत: ऋण ग्रहिता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतरिमन नीचे वर्णित संपत्ति का आधिपत्य को ग्रहण कर लिया गया है। ऋणगहिता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये निम्न खाते के सामने अंकित एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. प्रभार के अधीन होगा।

| क्रं. | ऋण खाता संख्या | खातेदार का नाम एवं पता | संपत्ति विवरण | मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना | उल्लेखित राशि ₹ मांग सूचना पत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 120500014985 8002050003192 | श्री नर्बद सिंह धुर्वे श्रीमती कंचन धुर्वे पता: नर्मदा ग्रीन वैली मौजा जोतपुर जबलपुर मध्य प्रदेश | पता: प्लॉट नंबर 90, नर्मदा ग्रीन वैली, मौजा जोतपुर, एनबी 172, पटवारी हल्का नंबर 25/37, खसरा नंबर 57,58,59, 64 और 65 का हिस्सा, आरएनएम जबलपुर–2, तहसील और जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट | 23.05.2025 / 20.11.2025 | 18,22,295.54 + ब्याज व अन्य खर्चे |
| 2. | 120500011561 120500015076 | श्री मनोज खियानी श्रीमती सुनीता खियानी पता: फ्लैट नंबर 508, 5वीं मंजिल, बी–विंग, ट्यूलिप गंगा सागर, वीर सावरकर वार्ड, जबलपुर एम.पी. | फ्लैट नंबर 508, 5वीं मंजिल, बी–विंग, ट्यूलिप गंगा सागर, वीर सावरकर वार्ड, मौजा रानीपुर, छठ 401, पटवारी हल्का नंबर 25/31, जबलपुर मप्र बिल्ट अप एरिया 887 वर्गफीट | 13.05.2025 / 20.11.2025 | 27,35,394.35 + ब्याज व अन्य खर्चे |

ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित (Notice) किया जाता है। कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर, वे उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चो का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित ऋणी एवं जमानतदार से की जावेगी।

दिनांक : 21.11.2025
स्थान : जबलपुर

आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.



**पश्चिम मध्य रेल**
**ई–निविदा सूचना**

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/ कर्षण–वितरण/ पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हो) आई. ई. नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। (1) एन.आई.टी नं. जबल–टीआरडी–निविदा–2025–04R दिनांक 17.11.2025. (1) **कार्य का नाम:** बांदकपुर तथा सोहागपुर स्टेशन पर पुराने एफ.ओ.बी. (पैदल यात्री पुल) के स्थान पर 3 मीटर चौड़ा नया एफ.ओ.बी. प्रदान करने हेतु टी.आर.डी./ओ.एच.ई. कार्य एवं एनएच–39 (रीवा बाइपास) के मिसिंग लिंक सेक्शन में चार–लेन डिवाइडेड कैरिजवे पर गर्डर लॉन्चिंग कार्य के लिए बाधा बन रहे ओवरहेड उपकरण मास्ट संख्या 1235/34 का स्थानांतरण (2) **कार्य स्थल:** जबलपुर मंडल (3) **कार्य की अवधि:** 12 माह (4) **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू):** ₹ 46,60,018.06/– (रुपये छियालीस साठ हजार अठारह और छह पैसे मात्र) (5) **बयाना राशि:** ₹93,200.00/– (6) **निविदा जमा करने/ खुलने की अंतिम तिथि एवं समय:** 08.12.2025 15:00 बजे/08.12.2025 15:30 बजे (7) **निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट:** https://www.ireps.gov.in (8) निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई आर ई पी एस के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेंडर फॉर्म के अनुसार और ज्वांइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।

(हस्ता.)
वरि.मं.वि. इंजी./क.वि., प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**SHRI RAM COLLEGE, JABALPUR**
Near ITI, Madhotal, Jabalpur (M.P.)
Affiliated to Rani Durgawati Vishwavidyalaya, Jabalpur
ESTD 2001

**Required Professor, Associate Professor & Assistant Professor for UG & PG course**
Under College Code-28 as per UGC/RDVV Norms for following subjects.

| Sr. No. | Subject | Professor | Associate Professor | Assistant Professor |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Botany | 01 | 01 | 03 |
| 2 | Chemistry | 01 | 01 | 03 |
| 3 | Management (BBA) | 02 | 02 | 12 |
| 4 | Zoology | 01 | 01 | 02 |
| 5 | Commerce | 01 | 01 | 04 |
| 6 | Maths | 01 | 01 | 03 |

**Qualification :** Minimum 55% in Post Graduate in relevant Subject with NET/SLET exam qualified, Ph.D. and experience candidates are preferred. Reservation & Salary as per UGC and M.P. Government Norms. Send/Submit your application alongwith complete Bio-data and all supporting documents with 2 recent passport size Photographs on or **before 10/12/2025.**
**Contact : 9755042292/93**
**Email : srccjabalpur@gmail.com**

Chairman



**बैंक ऑफ़ बड़ौदा**
**Bank of Baroda**
क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, गौ माता चौक, राईट टाउन, जौहरी हॉस्पिटल के बाजू में, जबलपुर- 482002
Phone - +91-761-2409255,

**शुद्धि पत्र**

आपको सूचित किया जाता है कि हमने दिनांक 11.03.2025 के डिमांड नोटिस द्वारा शुरु की गई सभी SARFAESI कार्रवाइयों को वापस ले लिया है, जिसमें नीचे सूचीबद्ध अचल संपत्ति के संबंध में इन तिथियों से पहले या बाद में की गई कोई भी अन्य SARFAESI कार्रवाइयां शामिल हैं, जो मेसर्स पिनाक एसोसिएट्स के हमारी राइट टाउन शाखा के NPA खाते के संबंध में हैं। अचल संपत्ति की अनुसूची - **संपत्ति 1:** आवासीय भूखंड सर्वे संख्या 351/1/3 और 352/1/3 का एक अभिन्न अंग, जिसका क्षेत्रफल 1200 वर्ग फुट है, ग्राम कोलगवां में स्थित है। वार्ड क्रमांक 25, रा.इ.का. सतना, पटवारी हल्का क्रमांक 83/97, तहसील रघुराज नगर सतना, जिला सतना (मध्य प्रदेश) **श्रीमती सुनीला पांडे पत्नी चंद्र मोहन पांडे के नाम पर है। संपत्ति की सीमाएँ:** पूर्व: चंद्र मोहन पांडे का मकान, पश्चिम: ममता मिश्रा का मकान, उत्तर: रामलाल काछी के कानूनी वारिस की अर्ज़ी, दक्षिण: 20 फीट पीसीसी रोड। **संपत्ति 2:** अचल संपत्ति का पूरा भाग: के.एच. संख्या 137/2 क्षेत्रफल 1.250 हेक्टेयर, खसरा संख्या 143 क्षेत्रफल 0.460 हेक्टेयर, के.एच. संख्या 144 क्षेत्रफल 0.700 हेक्टेयर और खसरा संख्या 236 क्षेत्रफल 1.640 हेक्टेयर - कुल क्षेत्रफल 4.05 हेक्टेयर, मौजा ग्राम ककरतला, एन.बी. 524 में स्थित है। पी.एच. संख्या 14, आर.एन.एम. बड़ौदा/महाराजपुर, विकासखंड एवं तहसील पनागर, जिला जबलपुर (मध्य प्रदेश) **श्रीमती प्रेमलता चौहान पत्नी लेफ्टिनेंट श्री अमर सिंह चौहान** के नाम पर है। बिक्री विलेख के अनुसार **संपत्ति की सीमाएँ इस प्रकार हैं: खसरा नंबर 143 और 144,** पूर्व: खसरा नंबर 146, पश्चिम: खसरा नंबर 142, उत्तर: खसरा नंबर 104 और 105, दक्षिण: खसरा नंबर 181 और 145। **खसरा नंबर 236,** पूर्व: खसरा नंबर 237, 238 और 239, पश्चिम: खसरा नंबर 220 और 225, उत्तर: खसरा नंबर 241,242 243 और 244, दक्षिण: खसरा नंबर 234. **खसरा नंबर 137,** पूर्व: खसरा नंबर 136, पश्चिम: खसरा नंबर 128 भाग भूमि, उत्तर: खसरा नंबर 137 की शेष भूमि, दक्षिण: खसरा नंबर 138 इस पत्र का तात्पर्य बैंक या उसके अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा संबंधित उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को वसूली के उपायों में कोई रियायत या विशेषाधिकार प्रदान करना नहीं है। हम आपको यह भी सूचित करना चाहते हैं कि बैंक उपर्युक्त अचल संपत्ति पर वसूली के मामलों में SARFAESI अधिनियम 2002 और अन्य कानूनी कार्यवाही के अनुसार कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और यह पत्र बैंक के हितों और अधिकारों को प्रभावित नहीं करेगा।

दिनांक .
21/11/2025

प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा



**कार्यालय नगरपालिका परिषद् मण्डला (म.प्र.)**

क्रमांक /लो.नि.शा./2025/3810 — मण्डला, दिनांक 19.11.2025

निम्नलिखित वाहन क्रय हेतु अधिकृत विक्रेता/स्पलायर/फर्म से ऑन–लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य/ सामग्री का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_463604_1 Date- 19/11/2025 | सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट अंतर्गत 01 नग Backhoe Loader 4WD 6 in 1 Bucket Loader क्रय | 01 माह राशि रू 4000000.00 | राशि 5000.00 ईएमडी राशि 30000.00 | 24.12.2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में ऑन–लाईन https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा। समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद मण्डला



**नर्मदा शिक्षा महाविद्यालय**
मुख्य कार्यालय: दीवान बहादुर वल्लभ दास महल हनुमानताल, जबलपुर
ई-मेल: narmadashikshamahavidyalaya@gmail.com Ph.: 0761-2759003, 9399026633

**आवश्यकता है**

महाविद्यालय में कॉलेज कोड 28 के तहत NCTE/UGC तथा म.प्र. शासन के आरक्षण नियम के अनुसार शिक्षा संकाय के विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं।

| क्रं. | पद | पद संख्या | अपेक्षित विषय | न्यूनतम योग्यता एवं अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सहायक प्राध्यापक (शिक्षा) | 1 | भौतिकी | संबंधित विषय में पीजी 55% एवं M.ED./M.A. (शिक्षा शास्त्र), PHD/NET को प्राथमिकता/अनिवार्य है। |
| 02 | | 1 | राजनीति शास्त्र | |
| 03 | | 1 | इतिहास/समाजशास्त्र | |
| 04 | | 1 | अर्थशास्त्र | |

नोट– उपरोक्त पदों पर चयन NCTE/UGC/मध्यप्रदेश शासन के नियम के आधार पर किया जावेगा। आवेदक अपनी शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति दो सेट में दो फोटो सहित महाविद्यालय के पते पर संचालक/प्राचार्य को दिनांक 30/11/2025 तक कार्यालीन समय पर स्वयं या डाक द्वारा उक्त योगिताओं के प्रमाणीकरण हेतु सत्यापित दस्तावेजों के साथ अथवा कॉलेज के ई–मेल आई.डी. पर भेज सकते हैं।

संचालक/प्राचार्य
नर्मदा शिक्षा महाविद्यालय, जबलपुर

## चिंतन

# बिहार में एक बार फिर सुशासन बाबू सरकार

बिहार में एक बार फिर से सुशासन राज का श्रीगणेश हो गया। मिस्टर क्लीन नाम से प्रसिद्ध नीतीश कुमार 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बन गए हैं। गुरुवार को उन्होंने पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री के साथ 26 मंत्रियों ने भी शपथ ली है। जमुई से जीतीं श्रेयसी सिंह समेत 10 नए चेहरों को नीतीश कैबिनेट में जगह दी गई है। चुनाव से पहले नितीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर तरह- तरह की बातें होती रहीं, लेकिन उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान सैकड़ों रैलियां करके दिखा दिया कि वे पूरी तरह से तैयार हैं। जेडीयू ने 2020 में मिली अपनी सीटों की संख्या लगभग दोगुनी करते हुए 85 सीटें हासिल कीं। नतीजों ने नीतीश की उस क्षमता को भी दिखाया, जिसमें वे गठबंधन को अपना वोट ट्रांसफर कर सकते हैं। चाहे वह किसी भी गठबंधन में हों। हालांकि यह क्षमता लालू प्रसाद और तेजस्वी, मायावती, मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव और चिराग पासवान में भी है, लेकिन नीतीश को जो बात विशिष्ट बनाती है, वह यह है कि वे अपने साथ जुड़ी सभी जातियों के बीच यह कर दिखाते हैं। नीतीश की अपनी जाति, कुर्मी की संख्या बेहद कम है, लेकिन यह तथ्य उनके लिए कोई बाधा नहीं रहा है, ईबीसी, गैर-यादव ओबीसी और महिलाओं का गठबंधन बनाने में उनकी राजनीतिक प्रतिभा को दर्शाता है। अगड़ी जातियों में भी उनके प्रति कोई द्वेष नहीं है। ऐसे राज्य में जहां जातिगत समीकरण गहरे हैं, यह उन्हें एक खास स्थान दिलाता है। नीतीश अपने विकास कार्यों और नेक नियति के लिए जाने जाते हैं। राजनीति में इतनी लंबी पारी गुजारने के बाद भी विरोधियों के पास उनके खिलाफ बोलने के लिए कुछ नहीं है। न तो कोई भ्रष्टाचार का मामला और न ही फेराफेरी की गुंजाइश। इसीलिए उन्हें मिस्टर क्लीन भी कहा जाता है। उनके मंत्रियों पर आरोप लगते हैं, लेकिन किसी ने भी सीएम पर भ्रष्टाचार की उंगली नहीं उठाई। राजद प्रमुख लालू यादव के उलट, उन पर अपने बेटे को बढ़ावा देने का आरोप भी नहीं लगाया जा सकता। लालू-राबड़ी के शासनकाल के बाद बिहार को फिर से पटरी पर लाने के लिए उनके शासन और नीतिगत प्रयासों की व्यापक रूप से सराहना की जाती है। बिजली की नियमित उपलब्धता, जो अब समाज के बड़े हिस्से के लिए लगभग मुफ्त है, राजमार्गों और ग्रामीण सड़कों का जाल और बेहतर कानून-व्यवस्था ने उन्हें प्यार दिलाया। वे बिहार के चहेते बन गए। उनके द्वारा किए गए विकास के चर्चे पूरे बिहार ही नहीं देशभर में होते हैं। पहली बार वह मार्च 2000 में सीएम बने, लेकिन बहुमत न होने के कारण सिर्फ सात दिन बाद ही इस्तीफा देना पड़ा। 2005 में उन्होंने लालू प्रसाद के वर्चस्व को खत्म कर एनडीए सरकार बनाई। 2010 के चुनाव में भी उन्हें बड़ी जीत मिली, जिसके बाद वह फिर मुख्यमंत्री बने। हालांकि 2014 लोकसभा चुनाव में जदयू की हार के बाद उन्होंने पद छोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने जीतन राम मांझी को सीएम बनाया, लेकिन फरवरी 2015 में एक बार फिर खुद मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाल ली। नवंबर 2015 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को भारी सफलता मिली और उस सरकार में भी नीतीश ही मुख्यमंत्री रहे। 2017 में राजद से टकराव के बाद उन्होंने फिर एनडीए सरकार बनाई। 2020 चुनाव के बाद वे फिर से मुख्यमंत्री बने। 2022 में 8 बार सीएम बने और फिर 2024 में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। ये अपने आप में रिकार्ड है और नीतीश इसके नायक। उम्मीद की जानी चाहिए कि वे अपनी सुशासन बाबू की छवि को और बेहतर निखारेंगे।

# अंतिम सांसें गिनता नक्सली माओवाद



अंकुश
प्रमोद भार्गव

मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने शीर्ष माओवादी क्रूर हिंसा के प्रतीक बन चुके हिड़मा को मार गिराने के बाद सात अन्य नक्सलियों को भी मार गिराया है। इसके साथ तय है कि अब नक्सली हिंसा अपने अंतिम चरण में है। मार्च 2026 तक इसका समूल नाश हो जाएगा, क्योंकि अब प्रमुख नक्सली सरगनाओं की गिनती मात्र 3-4 तक सिमट गई है। यदि वे हथियार डालकर समर्पण नहीं करते हैं तो उनका भी अंत होना तय है। माओवादी किसी भी प्रकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पसंद नहीं करते हैं। इसलिए जो भी उनके खिलाफ जाता है, उसकी बोलती बंद कर दी जाती है लेकिन अब इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगने जा रहा है।

छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश की सीमा पर हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने शीर्ष माओवादी क्रूर हिंसा के प्रतीक बन चुके हिड़मा को मार गिराने के बाद सात अन्य नक्सलियों को भी मारने के साथ तय है कि अब नक्सली हिंसा अपने अंतिम चरण में है। मार्च 2026 तक इसका समूल नाश हो जाएगा, क्योंकि अब प्रमुख नक्सली सरगनाओं की गिनती मात्र 3-4 तक सिमट गई है। यदि वे हथियार डालकर समर्पण नहीं करते हैं तो उनका भी अंत होना तय है। हालांकि इस मुठभेड़ में मप्र के बालाघाट में पदस्थ निरीक्षक आशीष शर्मा को बलिदान देना पड़ा है। माओवादी अर्से से देश में एक ऐसी जहरीली विचारधारा रही है, जिसे नगरीय बौद्धिकों का समर्थन मिलता रहा है। ये बौद्धिक नक्सली संगठनों को आदिवासी समाज का हितचिंतक मानते रहे हैं, जबकि जो आदिवासी नक्सलियों के विरोध में रहे, उन्हें इनकी हिंसक क्रूरता का शिकार होना पड़ा है। बावजूद इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि देश के वामपंथी दलों को कभी भी सुरक्षाबलों का नक्सलियों के खिलाफ चलाया जा रहा सफाये का अभियान पसंद नहीं आया। इससे पहले छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षा बलों के नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता तब मिली थी, जब डेढ़ करोड़ के इनामी बसव राजू समेत 27 माओवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। यह कुख्यात दरिंदा होने के साथ गुरिल्ला लड़ाका था। माओवादी पार्टी का इसे पर्याय माना जाता था। इसका नक्सली सफर 1985 से शुरू हुआ था। इसने वारंगल के क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई की थी।

नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है। वामपंथी माओवादी उग्रवाद कभी देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता रहा है। चाहे जहां रक्तपात की नदियां बहाने वाले इस उग्रवाद पर लगभग नियंत्रण किया जा चुका है। नई रणनीति के अंतर्गत अब सरकार की कोशिश है कि सीआरपीएफ की तैनाती उन सब अज्ञात क्षेत्रों में कर दी जाएं जहां नक्सली अभी भी ठिकाना बनाए हुए हैं। इस नाते केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में सबसे अधिक नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में 4000 से अधिक सैन्यबल तैनात करने जा रहा है। केंद्र सरकार की कोशिश है कि 31 मार्च 2026 तक इस क्षेत्र को पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त कर दिया जाए। इतनी बड़ी संख्या में सैन्यबलों की अज्ञात क्षेत्र में पहुंच का मतलब है कि अब इस उग्रवाद से अंतिम लड़ाई होने वाली है। मजबूत और कठोर कार्य योजना को अमल में लाने का ही नतीजा है कि सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 2024 में 153 नक्सली मारे जा चुके हैं। शाह का कहना है कि 2004-14 की तुलना में 2014 से 2024 के दौरान देश में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 53 प्रतिशत की कमी आई है। 2004 से 2014 के बीच नक्सली हिंसा की 16,274 वारदातें दर्ज की गई थीं, जबकि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 10 सालों में इन घटनाओं की संख्या घटकर 7,696 रह गई। इसी अनुपात में देश में माओवादी हिंसा के कारण होने वाली मौतों की संख्या 2004 से 2014 में 6,568 थीं, जो पिछले दस साल में घटकर 1990 रह गई हैं और अब सरकार ने जो नया संकल्प लिया है। उससे तय है कि जल्द ही इस समस्या को निर्मूल कर दिया जाएगा। जिस



तरह से नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से आतंक और अलगाववाद खत्म करने की निर्णायक लड़ाई लड़ी थी, वैसी ही स्थिति अब छत्तीसगढ़ में अनुभव होने लगी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि छत्तीसगढ़ में नक्सली तंत्र कमजोर हुआ है, लेकिन उसकी शक्ति अभी शेष है। अब तक पुलिस व गुप्तचर एजेंसियां इनका सुराग लगाने में नाकाम होती रही थीं, लेकिन नक्सलियों पर शिकंजा कसने के बाद से इनको भी सूचनाएं मिलने लगी हैं। इसी का नतीजा है कि सैन्यबल इन्हें निशाना बनाने में लगातार कामयाब हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर नक्सली आदिवासी हैं। इनका कार्यक्षेत्र वह आदिवासी बहुल इलाके हैं, जिनमें ये खुद आकर नक्सली बने हैं। इसलिए इनका सुराग सुरक्षाबलों को लगा पाना मुश्किल होता है। लेकिन ये इसी आदिवासी तंत्र से बने मुखबिरों से सूचनाएं आसानी से हासिल कर लेते हैं। दुर्गम जंगली क्षेत्रों के मार्गों में छिपने के स्थलों और जल स्त्रोतों से भी ये खूब परिचित हैं। इसलिए ये और इनकी शक्ति लंबे समय से यहीं के खाद-पानी से पोषित होती रही है। हालांकि अब इनके हमलों में कमी आई है। दरअसल इन वनवासियों में अर्बन माओवादी नक्सलियों ने यह भ्रम फैला दिया था कि सरकार उनके जंगल, जमीन और जल-स्त्रोत उद्योगपतियों को सौंपकर उन्हें बेदखल करने में लगी है, इसलिए यह सिलसिला जब तक थमता नहीं है, विरोध की मुहिम जारी रहनी चाहिए। सरकारें इस समस्या के निदान के लिए बातचीत के लिए भी आगे आईं, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इन्हें बंदूक के जरिए भी काबू में लेने की कोशिशें हुई हैं। लेकिन नतीजे पूरी तरह अनुकूल नहीं रहे। एक उपाय यह भी हुआ कि जो नक्सली आदिवासी समर्पण कर मुख्यधारा में आ गए थे, उन्हें बंदूकें देकर नक्सलियों के विरुद्ध खड़ा करने की रणनीति भी अपनाई गई। इस उपाय में खून-खराबा तो बहुत हुआ, लेकिन समस्या बनी रही। गोया, आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने से लेकर विकास योजनाएं भी इस क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने में अब तक सफल नहीं हो पाई हैं। इस मुठभेड़ में मारे गए हिड़मा का बस्तर के इस जंगली क्षेत्र में बोलबाला रहा है। अब हिड़मा के मारे जाने के बाद नक्सली समस्या के हल की गुंजाइश बढ़ गई है। कांग्रेस की पूर्व केंद्र तथा छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार नक्सली समस्या से निपटने के लिए दावा करती रही हैं कि विकास इस समस्या का निदान है। यदि तत्कालीन छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के विकास संबंधी विज्ञापनों में दिए जा रहे आंकड़ों पर भरोसा करें तो छत्तीसगढ़ की तस्वीर विकास के मानदण्डों को छूती दिख रही है, लेकिन इस अनुपात में यह दावा बेमानी है कि समस्या पर अंकुश विकास की धारा से लग रहा है, क्योंकि इसी दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं को नक्सली बनाए जाने के प्रमाण भी मिले थे। 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को अपदस्थ कर भाजपा फिर सत्ता में आई, उसके बाद से ही नक्सलियों के सफाए का सिलसिला चल रहा है। दरअसल, देश में अब तक तथाकथित शहरी बुद्धिजीवियों का एक तबका ऐसा भी रहा, जो माओवादी हिंसा को सही ठहराकर संवैधानिक लोकतंत्र को मुखर चुनौती देकर नक्सलियों का हिमायती बना हुआ था। बावजूद इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जब ये राष्ट्रघाती बुद्धिजीवी पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किए गए तो बौद्धिकों और वकीलों के एक गुट ने देश के सर्वोच्च न्यायालय को भी प्रभाव में लेने की कोशिश की थी और गिरफ्तारियों को गलत ठहराया था। माओवादी किसी भी प्रकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पसंद नहीं करते हैं। इसलिए जो भी उनके खिलाफ जाता है, उसकी बोलती बंद कर दी जाती हैं। लेकिन अब इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगने जा रहा है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

डॉ.रमेश ठाकुर




# सूचना संसार पर 'टेलीविजन' ने जमाया अंगद की तरह कदम

चाहें सूचनाएं हों या मनोरंजन के साधन, दोनों ही धड़े अब टेलीविजन के इर्द-गिर्द ठहर गए हैं। सूचनाओं के प्लेटफार्म बेशक बहुतेरे हों, जैसे अखबार, रेडियो, सोशल मीडिया आदि, टीवी ने दर्शकों का सर्वाधिक हिस्सा अपनी ओर घुमा लिया है। आज 'विश्व टेलीविजन दिवस' है जो सालाना नवंबर की 21 तारीख को समूचे संसार में मनाया जाता है। वर्ष 1996 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस मकसद के साथ घोषित किया, ताकि निर्णय लेने में टेलीविजन के बढ़ते प्रभाव को पहचाना जा सके और शांति, सुरक्षा और आर्थिक व सामाजिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने में इसकी भूमिका को सराहा भी जा सके। टेलीविजन दर्शकों को उनकी पसंद का सारा मनचाहा मैटेरियल घर बैठे-बिठाए परोस रहा है। इसलिए कह सकते हैं कि टेलीविजन ने अंगद की भांति देश-दुनिया की तमाम सूचनाओं और मनोरंजनों के साधनों को पहुंचाने और विचारों के आदान-प्रदान के तौर पर अपने पांव मजबूती से जमा लिए हैं। भारत में टेलीविजन प्रसारण की शुरुआत दिल्ली से 15 सितंबर, 1959 को हुई, जो कुछ वर्षों में तेजी से रफ्तार पकड़ी। टीवी के आविष्कार की जहां तक बात है, तो एक प्रसिद्ध स्कॉटिश इंजीनियर थे जिन्होंने टीवी को पहली मर्तबा खोजा। नाम था 'जॉन लोगी बेयर्ड'। जॉन ने वर्ष-1924 में टीवी का श्रीगणेश किया। फिर 1927 में संसार में पहले वर्किंग टेलीविजन का निर्माण हुआ, जिसे सितंबर की पहली तारीख और सन 1928 को प्रेस के सामने प्रस्तुत किया गया। इसके बाद टीवी ने अपना ऐसा प्रभाव छोड़ा, जिसके सामने समूचा संसार नतमस्तक हो गया। वैसे, कलर टेलीविजन के आविष्कार का भी श्रेय महान वैज्ञानिक 'जॉन लोगी बेयर्ड' को ही जाता है जिन्होंने 1928 में टीवी के सफेद पर्दे को रंगीन में बदला था। उसके बाद से रंगीन टीवी का प्रचलन आरंभ हुआ। रेडियो ने जहां आवाज और अखबार ने पठनीय माध्यमों से सूचनाओं को पंख लगाए हैं। वहीं, टेलीविजन ने संचार को दृश्यात्मकता तौर पर आंखें प्रदान कर दी हैं। टेलीविजन की पकड़ सिर्फ मनोरंजन तक नहीं है, बल्कि, समाचार, विचार, शिक्षा और जागरूकता जैसे असंख्य क्षेत्रों में भी अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किए हैं। टीवी आमजनों की विभिन्न जिज्ञासाओं को भांप कर उन्हें वैसा ही स्वाद देने का प्रयास करता है। सरकारी योजनाएं हों या सार्वजनिक सूचनाएं सभी में टीवी का पर्दा अभूतपूर्व और अव्वल भूमिका निभा रहा है। कह सकते हैं कि टेलीविजन ने सशक्त और द्रुतगति का जरिया बनकर सुगमता के अनगिनत रास्ते खोलने की महती भूमिका निभाई है। विकास और आविष्कार हमेशा से एक-दूसरे के समानार्थी सहयोगी रहे हैं। ये तथ्य समानरूपी चरितार्थ इसलिए हैं कि विकास और आविष्कार ने मिलकर विगत तीन दशकों में बड़ा विस्तार किया है जिसमें टेलीविजन की अग्रणी भूमिका रही है। यूं कहें कि टेलीविजन का पर्दा प्रत्येक इंसान के जीवन का अहम हिस्सा बन गया है। वर्ष 1996 के आसपास की बात है, जब पहली मर्तबा विश्व टेलीविजन फोरम की याद में हर साल 21 नवंबर को 'विश्व टेलीविजन दिवस' मनाने का प्रचलन शुरू हुआ। उसके बाद संयुक्त राष्ट्र ने लोगों के निर्णय की क्षमता पर ऑडियो-विजुअल मीडिया के बढ़ते प्रभाव और अन्य प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने में टीवी की संभावित भूमिका को पहचानने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया। 21वीं सदी में टेलीविज़न ने मुद्रित माध्यम की साक्षर होने की शर्त को भी अनावश्यक प्रमाणित कर दिया। भारतीय संदर्भ में देखें, तो सिनेमा उद्योग आज भी अपनी फिल्मों के प्रमोशन से लेकर रिएलिटी शोज़ को आगे बढ़ाने के लिए टेलीविज़न की ओर ही दौड़ते हैं। दरअसल, उनको टीवी की ताकत का अंदाजा अच्छे से है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जब देशवासियों से कुछ कहना होता है, तो वह भी टीवी के जरिए ही अपनी जरूरी बात को सभी तक पहुंचाते हैं। मौजूदा वक्त में टीवी की भूमिका में एक और बड़ा अध्याय जुड़ गया है। संचार क्रांति फोटोग्राफी, टेलीग्राफी, रेडियो और टेलीविज़न के आविष्कारों से समृद्ध होते हुए बदलाव का सिलसिला अब इंटरनेट तक पहुंच गया है। ये बात तथ्यात्मक है कि इंटरनेट से पहले रेडियो-टेलीविज़न ने ही संचार क्रांति को आगे बढ़ाया था। मार्च 2025 तक, भारत में 918 निजी उपग्रह टेलीविजन चैनल थे जिनमें से 908 भारत में डाउनलिंकिंग के लिए उपलब्ध हैं। हालांकि चैनलों की संख्या घटती-बढ़ती रहती हैं। दृश्य टीवी की ताकत होते हैं। कवरेज के दौरान दिखाए गए दृश्यों पर दुनिया आंख मूंदकर विश्वास करती है। सूचनाओं के आदान-प्रदान में टीवी की भूमिका अहम रही है और सिलसिला आगे भी बदस्तूर जारी रहेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## हर मानव में होती हैं शुभ व अशुभ इच्छाएं



संकलित
दर्शन

शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है। शिव-तत्व अपने चरम पर होता है, यह सहजता से उपलब्ध होता है। इसलिए यह मास भगवान शिव की पूजा करने के लिए सर्वोत्तम मास है। हमारे प्राचीन ऋषि अत्यंत बुद्धिमान थे। वे जानते थे कि हर मानव के भीतर इच्छाएं होती हैं, कुछ शुभ और कुछ अशुभ। जीवन में प्रगति के लिए आवश्यक है कि शुभ इच्छाएं फलित हों। विवेक के उपयोग से मनुष्य यह निर्णय ले सकता है कि कौन-सी इच्छाएं उसके लिए लाभदायक हैं और उन इच्छाओं को प्राप्त करने के लिए क्या कार्य कर सकता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि व्यक्ति चाहे कितना भी प्रयत्न कर ले, लेकिन वह अपने इच्छित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाता है। उसे मार्ग में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कारण विविध हो सकते हैं, कुछ अत्यंत सूक्ष्म, कुछ अधिक सूक्ष्म नहीं। ऋषियों ने इस समस्या पर विचार किया और एक अद्भुत समाधान निकाला। उन्होंने मानव कल्याण के लिए संकल्प और पूजा की प्रक्रिया तैयार की। पूजा आरंभ करने से पूर्व पूजा करने वाले यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। संकल्प वह विशिष्ट उद्देश्य है, जिसके लिए पूजा आयोजित की जा रही है। संकल्प का उच्चारण करने से पहले स्थान (देश) और समय (काल) को परिभाषित किया जाता है, जहां पूजा आयोजित की जा रही है।

## श्रीकृष्ण ने अर्जुन को भ्रम से बचने की सलाह दी



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। कुरुक्षेत्र में कौरव और पांडव पक्ष की सेनाएं आमने-सामने खड़ी थीं। संख्या और शक्ति के हिसाब से कौरवों की सेना ज्यादा अच्छी दिख रही थी। जब अर्जुन ने कौरव पक्ष में अपने परिवार, कुटुंब के लोगों को देखा तो वे भ्रमित हो गए। अर्जुन ने अपने सारथी यानी श्रीकृष्ण से रथ को दोनों सेनाओं के बीच में ले जाने के लिए कहा। श्रीकृष्ण रथ लोग युद्ध मैदान के बीच में ले गए। वहां पहुंचकर अर्जुन ने भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य जैसे यौद्धाओं को देखा। इन सभी को देखकर अर्जुन ने युद्ध करने का विचार ही छोड़ दिया और अपने धनुष-बाण नीचे रख दिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि मेरे कुटुंब के सभी लोग मेरे सामने खड़े हैं, मैं उनसे युद्ध नहीं कर सकता।श्रीकृष्ण समझ गए कि अर्जुन भ्रम में फंस गए हैं। उस समय श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। भगवान ने समझाया कि जब लक्ष्य बड़ा हो तो सभी बातें चल सकती हैं, लेकिन भ्रम नहीं चल सकता है। तुम्हें अपने सारे भ्रम छोड़कर सिर्फ अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए। जब हम अपने काम अधूरे मन और भ्रम के साथ करते हैं तो सफलता नहीं मिलती है। सफलता चाहते हैं तो सभी भ्रम दूर करते हुए, अपने काम पूरे मन से और एकाग्रता के साथ करना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### आधुनिक तकनीक से कृषि करना जरूरी

फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक से कृषि करना जरूरी है, क्योंकि इससे किसानों को ज्यादा फायदा हो सकता है। हमारे देश का किसान अब आधुनिक तकनीक से कृषि करने भी लगा है। लेकिन अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह प्राणी जाति के लिए वरदान सिद्ध हो सकती है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। कुछ किसान अपनी फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी दवाइयों, खादों का प्रयोग करते हैं, जो उनकी फसलों को किसी भी रूप में खाता है, उस पर उनका विपरीत असर भी पड़ता है। फल-सब्जियों की पैदावार या इनकी संभाल करने के लिए भी जो रासायनिक खादों और अन्य कैमिकल का प्रयोग किया जा रहा है, वह भी शरीर के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। *- मनोज वर्मा, दुर्ग*


## ट्रेंड

### शपथ लेने पर बधाई



बिहार के मुख्यमंत्री पद की पुनः शपथ लेने पर नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा को हार्दिक बधाई! साथ ही आज शपथ लेने वाले सभी मंत्रियों को भी बहुत बधाई। सभी के सफल कार्यकाल की शुभकामनाएँ।
-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

### मिल्खा सिंह को श्रद्धांजलि



भारतीय खेल जगत के गौरव, 'फ्लाइंग सिख', 'पद्म श्री' मिल्खा सिंह को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि! उनके हर कदम में संघर्ष की गूंज थी, हर जीत में राष्ट्र का गौरव था। मिट्टी के ट्रैक से विश्व मंच तक पहुंचने की उनकी यात्रा ने दुनिया को सिखाया कि मेहनत ही सबसे बड़ा पदक है।
- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### हेली पर्यटन सेवा



मध्यप्रदेश में पर्यटन क्षेत्र के नए युग का शुभारंभ... आज से पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा का नियमित रूप से संचालन होने जा रहा है। इस सुविधा से कम समय में अधिक गंतव्यों की यात्रा पूर्ण होगी। अर्थव्यवस्था, रोजगार और पर्यटन में भी वृद्धि होगी।
- डा. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

### हवा स्वच्छ बनाने के प्रयास



दिल्ली की हवा को स्वच्छ बनाने के लिए स्प्रिंकलर, एंटी-स्मॉग गन, मैकेनिकल स्वीपर्स, मिस्ट-स्प्रे सिस्टम, निर्माण स्थलों पर एंटी-स्मॉग व्यवस्था और रोज़ाना कचरे की बायो-माइनिंग जैसे प्रयास निरंतर जारी हैं।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

### मेटा ने आस्ट्रेलियाई किशोरों को डेटा के लिए किया सचेत

प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी मेटा ने बृहस्पतिवार को ऑस्ट्रेलिया के हजारों किशोर उपयोगकर्ताओं को दो हफ्तों में अपनी डिजिटल 'हिस्ट्री' डाउनलोड करने तथा फेसबुक, इंस्टाग्राम और थ्रेड्स से अपना खाता हटाने की चेतावनी भेजनी शुरू कर दी है। यह कदम दुनिया में पहली बार लागू होने वाले उस सोशल मीडिया प्रतिबंध से पहले उठाया गया है, जिसके तहत 16 साल से कम उम्र के बच्चों के खाते बंद किए जाएंगे। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने दो सप्ताह पहले घोषणा की थी कि मेटा के तीनों मंचों फेसबुक, इंस्टाग्राम, थ्रेड्स के साथ ही स्नैपचैट, टिकटॉक, एक्स और यूट्यूब को भी 10 दिसंबर से 16 वर्ष से कम उम्र के ऑस्ट्रेलियाई खाता धारकों को हटाने के लिए कदम उठाने होंगे। कैलिफोर्निया स्थित मेटा ने बृहस्पतिवार को किशोर खाता धारकों को एसएमएस और ईमेल भेजकर चेतावनी दी कि चार दिसंबर से संदिग्ध नाबालिग उपयोगकर्ताओं की इन मंचों तक पहुंच रोक दी जाएगी। मेटा ने एक बयान में कहा, 'हम आज से प्रभावित किशोरों को सूचित करना शुरू कर रहे हैं ताकि वे अपने संपर्कों और यादों को सुरक्षित कर सकें।' मेटा ने यह भी कहा कि इस अवधि में किशोर उपयोगकर्ता अपनी संपर्क जानकारी अपडेट कर सकते हैं।




## ऑफ बीट

### भोजन के साथ आपके संबंध कैसे हैं

क्या आप अपने शरीर के संकेतों को समझते हैं, जिसका अर्थ है कि आपको पता है कि आपको कब भूख लगी है, कब नहीं और कब पेट भरा हुआ महसूस हो रहा है? सभी खाद्य समूहों में नियमित अंतराल पर उचित मात्रा और विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि आपकी पोषक तत्व, स्वास्थ्य और कल्याण संबंधी ज़रूरतें पूरी हों? दूसरों के साथ खाना और अकेले खाना भी आरामदायक है? क्या आप भोजन का आनंद लेने में सक्षम हैं, यदि आपको अधिक जवाब हां में नहीं मिले, तो आपको भोजन के साथ अपने रिश्ते को बेहतर बनाने पर काम करने की आवश्यकता हो सकती है। समस्या यह है कि यह मस्तिष्क के पुरस्कार केंद्र को ट्रिगर करता है, जिसका अर्थ है कि यद्यपि आप बेहतर महसूस करते हैं, यह व्यवहार प्रबल हो जाता है, इसलिए नकारात्मक भावनाओं के जवाब में आपके खाते रहने की संभावना अधिक होती है। भावनात्मक खान-पान और अनियंत्रित खान-पान की प्रवृत्ति खाने के विकार के लक्षणों और खराब गुणवत्ता वाले आहार से जुड़ी होने की अधिक संभावना है, जिसमें सब्जियों का कम सेवन और कम पोषक तत्वों वाले खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन शामिल है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# कार्यकर्ताओं की तपस्या से ही भाजपा की विजय यात्रा निरंतर बढ़ रही है आगे : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को सतना जिले के नागौद में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की हर उपलब्धि के मूल में कार्यकर्ताओं का परिश्रम और राष्ट्रभाव निहित है। कार्यकताओं की निष्ठा, समर्पण से ही भाजपा की विजय यात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है। कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और परिश्रम से भाजपा विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन के रूप में उभरा है। कार्यकर्ताओं के बिना सरकार की उपलब्धियों को भी जनता तक पूरी तरह से नहीं पहुंचाया जा सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता सिर्फ चुनाव के समय सक्रिय नहीं होता, बल्कि वर्ष भर सेवा, संपर्क और संघर्ष के माध्यम से समाज के बीच रहकर समस्याओं का समाधान करता है और सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सेतु का कार्य करता है। सम्मेलन में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रत्येक कार्यकर्ता 24 कैरेट खरे सोने के सिक्के की तरह



सम्मेलन को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

**मुख्यमंत्री ने सतना जिले के नागौद में सम्मेलन में भाजपा कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता 24 कैरेट खरे सोने के सिक्के की तरह है। कार्यकर्ताओं को जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाती है, उसे सर्वोच्च प्राथमिकता व पूरी निष्ठा से निभाते हैं। भाजपा का हर कदम कार्यकर्ताओं की शक्ति पर आधारित है। आने वाले समय में मध्यप्रदेश के विकास की गति और तेज होगी और उसका लाभ प्रदेश के प्रत्येक वर्ग को मिलेगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता भाजपा की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों, कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करें।

## पद से पहले संगठन और व्यक्ति से पहले कार्यकर्ता को सम्मान



सम्मेलन के दौरान मंचासीन सीएम डॉ. मोहन, मंत्री बागरी और भाजपा पदाधिकारी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश का एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है, जहां पद से पहले संगठन और व्यक्ति से पहले कार्यकर्ता को सम्मान मिलता है। यह भाजपा के अलावा किसी भी अन्य राजनीतिक दल में संभव नहीं है, क्योंकि भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के आधार पर ही आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। कार्यकर्ताओं को जितना सम्मान भाजपा संगठन में मिलता है, उतना किसी भी अन्य दल में नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि भाजपा की विजय यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर जनसेवा और संगठन विस्तार ही हर कार्यकर्ता का ध्येय होना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### औबेदुल्लागंज में लोगों ने की शव वाहन की मांग

**औबेदुल्लागंज।** नगर में लंबे समय से शव वाहन की सुविधा न होने के कारण स्थानीय रहवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अर्जुन नगर एवं अन्य नगरवासियों ने प्रशासन से शव वाहन उपलब्ध कराने की मांग की है। लोगों ने बताया कि अर्जुन नगर से 2 किलोमीटर तक दाह संस्कार करने जाना पड़ता है। पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, वचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया सहित अन्य नगरवासियों का कहना है कि किसी भी परिवार में मृत्यु होने पर शव को अंतिम संस्कार स्थल तक ले जाने के लिए निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है।

### जेसीएम बैठक आज, भेल यूनियन के प्रतिनिधि जाएंगे

**भोपाल।** भेल कर्मचारियों के हितों एवं समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एआईबीयू द्वारा 21 नवंबर को दिल्ली में होने वाली अति महत्वपूर्ण जेसीएम बैठक होने जा रही है। ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लॉईज यूनियन के अध्यक्ष सतेंद्र कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों हेतु किट अलाउंस बढ़ाने तथा महंगाई भत्ता संशोधन, कस्तूरबा अस्पताल में स्पेशलिस्ट डॉक्टर व तकनीकी स्टाफ की भर्ती और रात्रिकालीन भत्ता जनवरी 2020 से लंबित, पुनरीक्षण कर एरियर सहित बेसिक का 2 प्रतिशत भुगतान करने की मांग की जाएगी।

### मेट्रो स्टेशन के नीचे कार पर गिरी अज्ञात वस्तु

**भोपाल।** राजधानी के बोर्ड आफिस मेट्रो स्टेशन के नीचे से गुजर रही एक कार पर अचानक कोई अज्ञात वुस्त गिरने का मामला प्रकाश में आया है। यह घटना उस वक्त हुई जब कार सवार बुधवार को शाम करीब साढे सात बजे गायत्री मंदिर से दर्शन करके लौट रहे थे। कार नंबर 22-बीएच-6929-डी से गुजर रहे चालक राजेश कटारे ने बताया कि जब वे गायत्री मंदिर से दर्शन करके घर वापस लौट रहे थे तभी अचानक स्टेशन से कोई वस्तु नीचे आई कार थोडी दूर रोकी, देखने पर कुछ नजर नहीं आया।

### एसआईआर की रफ्तार बढ़ाने वोटर लिस्ट का सर्च इंजन लॉन्च, खामियों के कारण लोगों को खास फायदा नहीं

# शंकरलाल का नाम सर्च किया तो सीरियल नंबर पर मिला रामकिशन

## वोटर लिस्ट में नाम दर्ज होने पर भी सर्च इंजन में नो रिजल्ट शो

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का काम पिछड़ने के बाद भोपाल जिला निर्वाचन कार्यालय ने एसआईआरभोपाल डॉट कॉम नाम से वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट का पोर्टल लॉन्च किया है, जिसमें पहले दिन 11 लाख 81 हजार 531 मतदाताओं में से पांच लाख वोटर्स का डेटा ही अपलोड किया जा सका है। पोर्टल में जब शंकर लाल निवासी मालीखेड़ी का नाम सर्च किया गया, तो शंकर लाल के सीरियल नंबर पर रामकिशन का नाम आया। इधर, मुमताज और उनके पिता का नाम सर्च करने पर नो रिजल्ट शो हुआ। जबकि इनका नाम गोविंदपुरा की वोटर लिस्ट में दर्ज है। इस तरह मतदाताओं की सहुलियत के लिए लांच किया गया एसआईआरभोपाल डॉट कॉम के पोर्टल की खामियों से लोगों को खासा फायदा नहीं मिला। इधर, अफसरों का दावा है कि जल्द ही पोर्टल की खामियों को दूर कर लिया जाएगा। इसके साथ शेष एक हजार मतदान केंद्रों की जानकारी भी अपलोड कर दी जाएगी।

राजधानी के 21 लाख 25 हजार 908 मतदाताओं में से 42 हजार 474 मतदाताओं को अब तक गणना पत्रक ही नहीं बांटे गए हैं। इधर जिन 20 लाख 83 हजार 434 को गणना पत्रक दिए गए हैं, उनके फार्म भी बीएलओ अब तक वापस नहीं ले पाए हैं। बीएलओ अब तक जिले की बैरसिया, नरेला, उत्तर, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा के 1 लाख 97 हजार 441 फार्म ही बीएलओ एप पर डिजिटाइज हो पाए हैं। बुधवार को भी 2029 बीएलओ की मॉनीटरिंग के लिए 250 सुपरवाईजर्स ने बीएलओ से दो-दो घंटे में काम का अपडेट लिया, लेकिन प्रोग्रेस नहीं हो पाई। हालांकि शाम तक 9.29 प्रतिशत काम हुआ है।

### नरेला में 108 वोटर्स की जांच करने पहुंचे तहसीलदार



रोशनपुरा क्षेत्र में कार्य करते बीएलओ।

नरेला विधानसभा क्षेत्र स्थित रतन कॉलोनी के 800 वर्गफीट के एक मकान में 108 मतदाताओं के नाम सामने आने के बाद बुधवार को गोविंदपुरा तहसीलदार सौरभ वर्मा मौके पर पहुंचे, हालांकि इस मामले की जांच संयुक्त संचालक निर्वाचन आयोग संजय श्रीवास्तव को सौंपी गई है। इन मतदाताओं को एबसेंट दर्ज किया गया है।

### पोर्टल में अब माता-पिता, दादा-दादी रिश्तेदार का ऑप्शन भी

गणना फार्म में पहले जहां रिश्ते में पिता और दादा के नाम का ऑप्शन था, जिसकी वजह से कई मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज करने में दिक्कत आ रही थी। अब इसमें रिश्ते में माता-पिता और दादा-दादी का ऑप्शन खुल रहा है, जिससे एसआईआर के काम में तेजी आने की उम्मीद है।

### एसआईआरभोपाल डॉट कॉम पोर्टल लॉन्च, मिलेगी सुविधा

भोपाल में वर्ष-2003 की गोविंदपुरा, उत्तर, दक्षिण पश्चिम और बैरसिया विधानसभा में नाम सर्च करने के लिए एसआईआरभोपाल डॉट कॉम पोर्टल लांच किया है। जिससे लोगों को नाम सर्च करने में मदद मिलेगी।

### एसआईआर में लापरवाही, एक बीएलओ सस्पेंड, चार को नोटिस

राजधानी में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के काम को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह बीएलओ के काम की प्रत्येक दो-दो घंटे में मॉनिटरिंग कर रहे हैं, लेकिन बीएलओ मनमानी पर उतारु हैं। बुधवार को कलेक्टर ने एक बीएलओ को सस्पेंड कर चार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने बताया कि महेश कुमार राज हेडमास्टर शासकीय माध्यमिक शाला मिसरोद को काम नहीं करने पर सस्पेंड किया गया है। जबकि मनोज कुमार चौधरी सहायक संचालक कृषि, मोहनलाल विश्वकर्मा उच्च माध्यमिक शिक्षक बबचिया, नीता यादव उच्च माध्यमिक शिक्षक एमपी नगर और महेश मूलचंदानी प्राचार्य राज्य शिक्षा केंद्र को नोटिस जारी किए गए हैं। वहीं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव झा 6 बीएलओ को अच्छा काम करने पर सम्मानित भी किया है।

## एसआईआर कार्य के लिए प्रत्येक मतदाता के घर अनिवार्य रूप से जाएं बीएलओ



बैठक में दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करते सीईओ मप्र झा।

- सीईओ मप्र संजीव कुमार झा ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक
- प्रदेश में चल रहे एसआईआर कार्य के बारे में कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) मप्र संजीव कुमार झा ने बुधवार को निर्वाचन सदन भोपाल में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और प्रदेश में चल रहे एसआईआर कार्य के बारे में जानकारी दी। साथ ही मतदाता सूची को शुद्ध व त्रुटिरहित बनाने को लेकर चर्चा की।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने कहा कि एसआईआर कार्य के लिए बीएलओ अपने मतदान केंद्र अंतर्गत आने वाले प्रत्येक मतदाता के घर जाएंगे और मतदाता का भौतिक सत्यापन करेंगे। उन्होंने कहा कि भ्रमण आधारित सत्यापन से न केवल नई मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया मजबूत होगी, बल्कि त्रुटियों में भी सुधार होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र झा ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बीएलओ को सही जानकारी उपलब्ध कराने में सहयोग करने का आग्रह किया है। जिससे मतदाता सूची को शुद्ध व त्रुटि रहित बनाया जा सके। बैठक के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सुझाव प्राप्त किए। साथ ही उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। बैठक में आम आदमी पार्टी से सुमित सिंह चौहान, बहुजन समाज पार्टी से सीएल चौहान, भारतीय जनता पार्टी से भगवानदास सबनानी, रजनीश अग्रवाल, एसएस उप्पल, कांग्रेस सज्जन सिंह वर्मा, जेपी धनोपिया, ललित सेन, सीपीआई मार्स्कसिस्ट वीवी रामचंद्रन, पूषन भट्टाचार्य उपस्थित रहे।

### वन विभाग मुस्तैद, ग्रामीणों से हाथियों के पास ना जाने की अपील

# हाथियों का झुंड पहुंचा रहा फसलों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वन मंडल में 52 हाथी घूम रहे हैं। हाथियों ने 26 किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाया है। बालको के नजदीक पहुंचा हाथियों का दल बदेर शाम ग्राम दोंदरो पहुंच गया। इसकी वजह से कॉलोनी के लोग भी डरे हुए हैं। हाथियों के अजगरबहार की ओर से होकर कटघोरा जाने की संभावना है। हाथी अभी एक जगह नहीं रुक रहे हैं।

स्थानीय लोगों की माने तो हाथियों का झुंड बस्ती के पास लगातार किसानों के फसलों को बर्बाद कर रहा है। अभी धान कटाई का समय है और लोग खेत धान काटने के लिए जा रहे हैं, लेकिन हाथी के आने की सूचना पर ग्रामीण डरे सहमे हुए हैं और जाने की हिम्मत नहीं कर रहे हैं अगर धान काटने जाते हैं तो उनकी जान भी जा सकती है और नहीं जाते हैं तो हाथी फसल बर्बाद कर रहे हैं, ऐसे में वह करें तो करें? इन सब बातों को लेकर किसान चिंतित हैं और रतजगा करने को भी मजबूर हैं। वहीं वन विभाग की टीम हाथी के आने की सूचना मिलते ही गांव के आसपास मुनादी कराकर ग्रामीणों को हाथी के पास जाने से मना कर रही है। लगातार हाथियों के झुंड पर वन विभाग की टीम नजर रखे हुई है और रेस्क्यू कर जंगल की ओर खदेड़ा जा रहा है। वहीं करतला रेंज में ही छह झुंड में हाथी घूम रहे हैं। ग्राम बेहरचुंआ में 11 हाथी सक्ती रेंज से पहुंचे हैं। ग्राम केराकछार में तीन हाथी हैं।

# युवक ने लगाई 25 फीट ऊंचे ओवरब्रिज से छलांग, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के बीच पवन टॉकीज रेलवे फाटक के पास बुधवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जहां एक युवक ने लगभग 25 फीट ऊंचे ओवरब्रिज से नीचे रेलवे ट्रैक पर छलांग लगा दी। इस हादसे में युवक बुरी तरह घायल हो गया, जिसे तत्काल जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बुधवार की दोपहर को पवन टॉकीज रेलवे फाटक पर मालगाड़ी के आने से ठीक पहले, एक व्यक्ति ओवरब्रिज के ऊपर चढ़ गया। कुछ ही पल बाद, उसने नीचे रेलवे ट्रैक की ओर छलांग लगा दी। आवाज



सुनकर फाटक पर मौजूद लोग और आसपास के दुकानदार मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि व्यक्ति गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही 112 और कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल युवक को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। काफी मशक्कत के बाद घायल युवक की पहचान सुजीत बक्शी के रूप में की गई। घटना की सूचना उसके परिजनों को दे दी गई है, जो मौके पर पहुंचकर घटनाक्रम की जानकारी ले रहे हैं। कोतवाली थाना प्रभारी एमबी पटेल ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह आत्मघाती कदम किस परिस्थिति में और क्यों उठाया गया, यह जांच का विषय है। फिलहाल, घायल युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह भी बताया जा रहा है कि रेलवे ट्रैक के ऊपर से बिजली के तार भी गुजरे हुए हैं। यदि युवक इन तारों की चपेट में आ जाता, तो उसकी स्थिति और भी गंभीर हो सकती थी। गनीमत रही कि वह सीधे ट्रैक पर गिरा।

### जनसंपर्क अधिकारियों की राज्य स्तरीय कार्यशाला में हुए माइंड स्टॉर्मिंग सेशन

# न्यूज मेकर बनें जनसंपर्क अधिकारी, जनकल्याण के लिए शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाएं: आयुक्त सक्सेना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आयुक्त जनसंपर्क दीपक सक्सेना ने कहा कि जनसंपर्क अधिकारी न्यूज मेकर बनें। वे जनता के कल्याण के लिए शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और डिजिटल, सोशल मीडिया के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाएं। साथ ही जनता की भावनाओं, आवश्यकताओं से निरंतर शासन और प्रशासन को अवगत कराएं। वे मीडिया, अधिकारिओं, जनप्रतिनिधियों और समाज के विभिन्न वर्गों से संवाद और सम्पर्क कर जनहित में सूचनाओं का त्वरित संप्रेषण करें।

जनसंपर्क आयुक्त सक्सेना बुधवार को होटल अशोका लेक व्यू में जनसंपर्क अधिकारियों की राज्य स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में अपर संचालक जीएस वाधवा एवं संजय जैन संयुक्त संचालक पंकज मित्तल, अशोक मनवानी, आरआर पटेल सहित प्रदेश के सभी संभागीय और जिला जनसंपर्क अधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला में सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक माइंड स्टॉर्मिंग सेशन हुए, जिनमें आयुक्त जनसंपर्क ही सक्सेना और विषय विशेषज्ञों की ओर से जनसंपर्क अधिकारियों से गहन संवाद किया गया।

## जनसंपर्क विभाग जनता और शासन के बीच सेतु




राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते जनसंपर्क आयुक्त सक्सेना।

आयुक्त सक्सेना ने कहा कि जनसंपर्क विभाग जनता और शासन के बीच एक प्रभावी सेतु का कार्य करता है। एक ओर जहां विभाग जनता की भावनाओं को शासन प्रशासन को संप्रेषित करता है, वहीं दूसरी ओर शासन की योजनाओं और कार्यों को आम जनता तक पहुंचाता है। विभाग मीडिया के सहयोग से इस कार्य को बखूबी अंजाम देता है। जनसंपर्क अधिकारी अपनी इस ताकत को पहचाने और कार्य करें।

### पॉजिटिव न्यूज़ फोल्डर का करें व्यापक प्रचार प्रसार

आयुक्त सक्सेना ने बताया कि जनसंपर्क संचालनालय की ओर से प्रतिदिन प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल और सोशल मीडिया की खबरों के आधार पर एक डिजिटल पॉजिटिव न्यूज़ फोल्डर तैयार किया जाता है, जिसमें शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों और प्रदेश के प्रत्येक जिले की उपलब्धियां को प्रमुखता से लिया जाता है।

### रियल टाइम रिपोर्टिंग पर ध्यान दें: सक्सेना

आयुक्त सक्सेना ने कहा कि बीते वर्षों में मीडिया का परिदृश्य बहुत बदल गया है। आज रियल टाइम रिपोर्टिंग की आवश्यकता है। जनसंपर्क अधिकारी प्रिंट मीडिया को समाचार देने के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल/ मीडिया को भी उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप समाचार उपलब्ध कराए। उसे नए मीडिया के साथ भी कदम-ताल मिलाकर चलना होगा। जनसंपर्क अधिकारी केवल शासकीय बैठकों और कार्यक्रमों के कवरेज तक ही सीमित न रहें, अपितु फील्ड में जाकर जनता की भावनाओं और आवश्यकताओं को समझें तथा समाचार बनाएं।

### हेडिंग और वन लाइनर्स पर ध्यान दें: आयुक्त

जनसंपर्क आयुक्त ने कहा कि मीडिया के बदलते हुए स्वरुप के अनुसार अब जनसंपर्क अधिकारी समाचारों की हैडिंग और वन लाइनर्स पर विशेष ध्यान दें। शासन के प्राथमिकता वाले विषयों जैसे किसान, महिला, बच्चे, युवा कल्याण, कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाए. शासन के मेगा प्रोजेक्ट का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। जनसंपर्क आयुक्त ने कहा कि शासन के प्रचार-प्रसार में जिला कार्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी जिला जनसंपर्क कार्यालयों को आवश्यक संसाधन और मैनपॉवर देकर सशक्त बनाया जाएगा। आयुक्त ने कार्यशाला में उपस्थित प्रत्येक जनसंपर्क अधिकारी से संवाद किया, कार्य के संबंध में मार्गदर्शन दिया और समस्याओं का निराकरण किया।

### जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में छग के सरगुजा पहुंची राष्ट्रपति

# जनजातीय समाज प्रमुखों से मिलीं राष्ट्रपति मुर्मु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगुजा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में 20 नवम्बर को पीजी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में जनजातीय समाज प्रमुखों से मिलीं। इस दौरान राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले पंडो जनजाति के लोगों से मिलकर उनका कुशलक्षेम पूछा। बसन्त पंडो से मिलकर उनका हाल चाल पूछा। शॉल भेंट कर सम्मान किया। बसन्त ने राष्ट्रपति को बताया कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ.राजेंद्र प्रसाद जब वर्ष 1952 में अंबिकापुर आए थे, तब वे आठ वर्ष के थे। राष्ट्रपति ने बसन्त पण्डो को गोद लिया और उनका नामकरण किया था।

बसंत पंडो को गोद लेने के बाद पण्डो जनजाति को 'राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र' कहलाने का दर्जा प्राप्त हुआ। राष्ट्रपति मुर्मु ने बसन्त पण्डो को कहा कि आप मेरे भी पुत्र की तरह हैं। उन्होंने जनजातीय समाज प्रमुखों, पीवीटीजी समुदाय के समाज प्रमुखों, जनजातीय समाज के उत्थान में विशेष योगदान देने वालों, जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम में सेनानियों के परिजनों से मुलाकात की। सभी के साथ समूह फोटो खिंचवाई। राष्ट्रपति मुर्मु ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले जनजातीय जननायकों एवं सेनानियों के परिजनों का सम्मान किया।




राष्ट्रपति ने सोनाखान क्रांति के जननायक शहीद वीर नारायण सिंह एवं शहीद वीर नारायण सिंह के सेनापति, परलकोट क्रांति के जननायक शहीद गेंदसिंह, झण्डा सत्याग्रह के जननायक सुकदेव पातर, जंगल सत्याग्रह के जननायक शहीद रामधीन गोड़, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजनाथ भगत एवं माझी राम गोंड़ के परिजनों से भेंट की। कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राज्यमंत्री जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार दुर्गा दास उईके, राज्यमंत्री आवास एवं शहरी मंत्रालय भारत सरकार तोखन साहू, आदिम जाति विकास विभाग कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री रामविचार नेताम, प्रभारी मंत्री जिला सरगुजा एवं वित्त वाणिज्यिक कर विभाग मंत्री ओमप्रकाश चौधरी, पर्यटन संस्कृति एवं धर्मस्व विभाग मंत्री राजेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### इन जनजातीय समाज प्रमुखों से की भेंट

राष्ट्रपति ने बिरहोर जनजाति के राजेश बिरहोर, अबुझमाड़िया जनजाति के रामजी ध्रुव, बैगा जनजाति के एतवारी राम मछिया एवं पहाड़ी कोरवा जनजाति के जोगीराम से सौजन्य भेंट की और हाल-चाल पूछा। राष्ट्रपति ने इसी तरह उरांव जनजाति के मंगल उरांव, नगेशिया जनजाति के धनराम नागेश, खैरवार जनजाति के वीर सिंह खैरवार, कंवर जनजाति केसंजय सिंह, नागवंशी जनजाति के लक्कू राम नागवंशी, मुरिया जनजाति के धनीराम शोरी, गोंड़ जनजाति केमोहन सिंह, पंण्डो जनजाति केविनोद कुमार पंण्डो एवं चेरवा जनजाति के डीएन चेरवा से भी भेंट की।

# भगवान को खोज करने में अलग ही है आनंदः श्री गिरि बापु जी

## श्री शिव समाराधन महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा में गूंजा राम नाम...

जबलपुर।

संस्कारधानी के घड़ी चौक विजय नगर स्थित नर्मदा एक्सीलेंस कॉलेज परिसर में आयोजित श्री शिव समाराधन महायज्ञ में श्री शिव महापुराण कथा का पंडाल श्री राम जय राम...। ऊं नमः शिवायः के मंत्रों से गूंजा। आयोजन चतुर्थ दिवस गुरुवार को कथाअंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक पूज्य श्री गिरि बापु जी महाराज अपने ओजस्वी श्रीमुख से शिव महापुराण कथा का वाचन करते हुए कहा तीन बार भगवान नारायण को याद करने की महिमा है। मंगल भवन अमंगल हरि ....। भगवान को खोज करने में अलग ही आनंद है। भगवान वेदव्यास जी ने शिव महापुराण में भगवान विष्णु और नारद जी का सुंदर संवाद कहा है। इसमें नारद जी संतापित हो रहे हैं। भगवान विष्णु जी देवर्षि नारद जी को संतापन से मुक्त होने के लिए मार्गदर्शन कर रहे हैं। कथा का वृतांत कहते हुए श्री गिरि बापू जी ने बताया कि भगवान विष्णु नारद जी को तीन बातें समझाई। महादेव के भक्तों के संग में रहकर महादेव की सेवा करो। भगवान महादेव की कथा का श्रवण करें चिंतन करे और महादेव के भक्तों के संग में रहकर सेवा करें। महादेव के भक्तों की सेवा ही शिव की पूजा है महादेव के भक्तों का आधार ही उनका अर्चन है। कोई भी जीव मात्र को तृप्त करना शिवजी का अर्चन है हे नारद कथा का श्रवण करना ही श्रेष्ठ सदगुण है। आध्यात्मिक बनने के लिए और भगवान की भक्ति में प्रवेश करने के लिए कथा में श्रवण करना चाहिए और निरंतर कथाओं का श्रवण करने से भक्ति का बीज अंकुरित होता है। भगवान महादेव को मिलने की जिज्ञासा ही श्रेष्ठ उपासना है।



### इन्होंने किया पोथी पूजन एवं स्वागत

कथा में विशेष रूप से पधारे प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री शैतान पाल सिंह, श्री शिव महापुराण कथा समिति के मुख्य समायोजक स्वामी महेंद्रानंद महाराज एवं सुरेन्द्रानंद महाराज, चंदकिरण महंत दयानंद गिरि जी जनपद अध्यक्ष ने पूज्य गिरि बापू का माल्यापर्ण कर स्वागत किया।इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री शैतान पाल सिंह ने कहा पूज्य बापु जी के दर्शन पाकर धन्य हो गया। जो भगवान के दर्शन कराए उसके दर्शन ही सौभाग्य शाली मनुष्य को होते हैं इनमें मैं और मेरा परिवार भी आज शामिल हो गया। आपका वंदन करने का अवसर इस कथा के माध्यम से प्राप्त हुआ हैं मैं समिति का भी आभार व्यक्त करता हू जिन्होंने इस आयोजन का प्रकल्प बनाया।

## इन्होंने किया पोथी का पूजन

कथा स्थल पर पोथी का पूजन मुख्य यजमान पं. देवेन्द्र पचौरी, यज्ञ मुख्य यजमान पं. जितेन्द्र पचौरी, कार्यवाहक समायोजक चित्रा देवी जी, कार्यक्रम अध्यक्ष पंडित राममूर्ति मिश्रा, नवनीत माहेश्वरी जी, कार्यवाह समायोजक पं. हरकृष्ण पचौरी, पुष्पा पचौरी, आयोजन के प्रभारी बलराम यादव हरगोविंद सिंह, पुर्विया राजा भैया, श्याम मनोहर पचौरी कोषाध्यक्ष, महामंत्री कौशल यादव, भंडारा प्रमुख मुकेश ठाकुर, वरुण पचौरी द्वारा किया गया। श्री गिरि बापू जी का सत्कार प्रदीप रानू दुबे, अवधेश भाग्यश्री दुबे, दया निधि गोस्वामी, नूतन पांडे, नेहा गिरि, विष्णु शंकर पटेल, पार्षद कमलेश अग्रवाल, संतोष धुर्वे, पूर्णेंद्र श्रोती, इंद्रपुरी गोस्वामी, राकेश पचौरी, राम हरि पचौरी, शिव हरि पचौरी, छाया पचौरी, कौशल पलहा, राम प्रकाश शर्मा, सुदामा श्रोती, समर्थ गोंटिया, नीरज कुचिया व श्रीमति सरला दुबे ने माल्यापर्ण कर किया।



## मानस मंडल का नवान्हपारायण पाठ एवं 24वां वार्षिकोत्सव संपन्न

**जबलपुर**। मानस मंडल ने अपनी स्थापना के 25वें वर्ष में प्रवेश करते हुए डॉ. गोविन्द प्रसाद नेमा के मार्गदर्शन में सामूहिक श्रीरामचरितमानस नवान्हपारायण पाठ का आयोजन किया। नेमा समाज भवन में 8 से 16 नवंबर 2025 तक प्रतिदिन दोपहर 3 से 5:30 बजे तक हुआ यह पाठ युवाओं में रामायण पढ़ने की प्रेरणा के उद्देश्य से आयोजित किया गया। प्रतिदिन पाठ के तीन प्रसंगों पर प्रतिभागियों ने अपने विचार साझा किए। अंतिम दिवस पर परायण उपरांत 24वां वार्षिकोत्सव अखिल भारतीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम नेमा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। आय-व्यय रिपोर्ट महेश कुमार नेमा और वार्षिक प्रतिवेदन एड. संजय नेमा ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि आचार्य महामहोपाध्याय डॉ. हरीशंकर दुबे ने कहा कि जीवन का वास्तविक लक्ष्य अपने स्वरूप को पहचानना है और रामचरितमानस की सही समझ जीवन की समस्याओं का समाधान देती है। नवदिवसीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान क्रमशः डॉ. संगीता नेमा, डॉ. नेहा शाक्य, और श्रीमती नीता गुप्ता ने प्राप्त किया। आगामी वर्ल्ड रामायण कांफ्रेंस की तैयारी हेतु 100 परिवारों द्वारा 21 दिसंबर को सामूहिक सुंदरकांड पाठ का प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम का समापन महाआरती और महाप्रसादी के साथ हुआ।

# दयोदय तीर्थ गौशालाः नवनिर्मित जिनालय में पंचकल्याणक चौबीसी जिनविंब प्रतिष्ठा व सप्तरथ महोत्सव का शुभारंभ

जबलपुर।

दयोदय तीर्थ गौशाला में बने नवनिर्मित जिनालय में श्री 1008 माज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक चौबीसी जिनविंब प्रतिष्ठा एवं सप्तरथ महोत्सव 2025 का आयोजन 1 दिसंबर से 7 दिसंबर 2025 तक दद्दा ग्राउंड, पिसनहारी की मढ़िया के सामने भव्य रूप से किया जाएगा। महोत्सव में लगभग दो लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसी क्रम में गजरथ महोत्सव के पुण्य पात्रों का चयन 25 दिसंबर को आचार्य श्री समयसागर महाराज के सान्निध्य में पिसनहारी की मढ़िया में किया जाएगा।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य श्री समयसागर महाराज ने कहा कि तीर्थंकर वैभवयुक्त होते हुए भी परवस्तुओं से मोह नहीं रखते। द्वेष से अधिक राग विषैला होता है और लोभ सबसे भयानक कषाय है। उन्होंने कहा कि धार्मिक क्षेत्र में वित्त का सही उपयोग आवश्यक है, अन्यथा वह सांसारिक विषयों में व्यय होकर बंधन बढ़ाता है। विषयानुराग मोक्षमार्ग में बाधक है।



## अतिथि शिक्षक मानदेय से वंचित

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि नवम्बर माह के पन्द्रह दिन बीत जाने के बावजूद आज दिनांक तक अतिथि शिक्षकों का माह अक्टूबर का मानदेय उनके खाते में नहीं पहुंचा जिससे अतिथि शिक्षकों को मानसिक तनाव के साथ ही आर्थिक नुकसान भी हो रहा है जिससे अतिथि शिक्षकों में रोष व्याप्त है। संघ ने आगे बताया कि एक तरफ मंहगाई के बढ़ते तेवर और दूसरी तरफ न्यूनतम मानदेय में ये अतिथि शिक्षक कार्य करने मजबूर हैं ऐसे में यदि उन्हें समय पर उनका मानदेय नहीं मिलेगा तो उनका जीवकोपार्जन कैसे चलेगा। यह बहुत बड़ा सवाल है शासन प्रशासन के सामने।संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, गुडविन चार्ल्स, राजेश सहारिया,विनोद सिंह, फिलिप अन्थोनी, सुनील झारिया, एनोस विक्टर, उमेष सिंह ठाकुर, रवि जैन, मानसिंह आर्मो, मनमोहन चौधरी, सुनील झारिया, संतोष चौरसिया, धनराज पिल्ले, देवेन्द्र भट्ट, सुधीर अवधिया, आशीष कोरी आदि ने शासन से मांग की है कि अतिथि शिक्षकों को माह अक्टूबर का मानदेय अतिशीघ्र दिया जाए।

## हार्ट वॉल्व की सर्जरी, पेशेन्ट को मिली राहत

**जबलपुर**। हृदय रोग आज एक बड़ी समस्या बनकर उभरे हैं, हार्ट अटैक, हार्ट के वॉल्व खराब होना जैसी समस्याएं इन दिनों आम हो चली हैं। इसी कड़ी में गत दिवस मंडला से आए पेशेंट किशोर दुबे को विशेष उपचार प्रदान किया गया। श्री दुबे ने बताया कि अचानक से उनकी हृदय की धड़कन बहुत तेज हो गई व उन्हें बहुत घबराहट होने लगी। इसके बाद वे कई चिकित्सकों से मिले। वहीं शासकीय अस्पताल में हुई जांच में उन्हें पता चला कि उनके हार्ट का वॉल्व खराब हो गया है, इसके लिए ओपन सर्जरी करनी होगी। ऐसे में वे उपचार के लिए गैलेक्सी हॉस्पिटल पहुंचे। जहां विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश दुबे, डॉ.हरि शंकर प्रताप सिंह चंदेल की टीम ने उन्हें उपचार प्रदान किया। आज वे पूरी तरह स्वस्थ हैं।



## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत भाजपा का युवा सम्मेलन आज

**जबलपुर**। भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत युवा सम्मेलन का आयोजन आज शुक्रवार, 21 नवंबर 2025 को दोपहर 2 बजे भाजपा कार्यालय रानीताल में किया गया है। सम्मेलन को भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री एवं जबलपुर संभाग प्रभारी श्री राहुल कोठारी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ नेता उपस्थिति रहेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर ने युवाओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## पावर मैनेजमेंट कंपनी के पेंशनर के लिए समस्या निवारण शिविर 24 को

**जबलपुर**। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मानव संसाधन व प्रशासन कार्यालय के द्वारा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मदनमहल शाखा के सहयोग से कंपनी के पेंशनर व परिवार पेंशनर के लिए जीवन प्रमाण पत्र व पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण के लिए एक शिविर का आयोजन 24 नवम्बर को किया गया है। यह शिविर शक्तिभवन स्थित पावर मैनेजमेंट कंपनी के लेखाधिकारी वेतन व पेंशन के ब्लॉक नंबर 14 भूतल स्थित कार्यालय में आयोजित किया गया है।मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल एवं उसकी उत्तरवर्ती कंपनियों से सेवा से सेवानिवृत्ति उपरांत एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी से पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनर व परिवार पेंशनर प्रातः 11.30 बजे से शाम 4.00 बजे तक शिविर में उपस्थित होकर जीवन प्रमाण पत्र और पेंशन संबंधी समस्याओं का निराकरण करवा सकते हैं। मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन ने सभी पेंशनर व परिवार पेंशनरों से इस शिविर का लाभ उठाने का अनुरोध किया है।




## जनेकृविवि : डॉ. बी.एस. द्विवेदी तीसरी बार बने आईएसएसएस के काउन्सलर

**जबलपुर**। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. बी.एस. द्विवेदी ने एक बार फिर अपना परचम लहराते हुए इंडियन सोसायटी ऑफ सॉइल साइंस (ISSS), नई दिल्ली के काउन्सलर पद पर तीसरी बार विजय हासिल की है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर हैट्रिक बनाकर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। मतगणना में देशभर के 19 प्रत्याशियों में डॉ. द्विवेदी को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। ISSS देश की सबसे बड़ी मृदा विज्ञान संस्था है, जो शिक्षा, अनुसंधान और विस्तार कार्यों के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करती है। काउन्सलर का कार्यकाल दो वर्ष का होता है। उनकी सफलता पर कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा सहित विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, संचालक, वैज्ञानिक और कर्मचारियों ने बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि डॉ. द्विवेदी की मृदा विज्ञान में उत्कृष्ट सेवा, समर्पण और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है।


# जबलपुर में होगा भव्य नाट्य प्रस्तुति "हमारे राम" का प्रीमियर

## बॉलीवुड अभिनेता आशुतोष राणा करेंगे विशेष प्रस्तुति

जबलपुर।

भारत की प्रतिष्ठित थिएटर कंपनी फेलिसिटी थिएटर द्वारा निर्मित और निर्देशक गौरव भारद्वाज द्वारा निर्देशित भव्य नाट्य प्रस्तुति "हमारे राम" का शानदार प्रीमियर 29 और 30 नवंबर 2025 को जबलपुर के तरंग ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। देशभर में हाउसफुल शो देने के बाद यह मेगा प्रोडक्शन पहली बार शहर में प्रस्तुत किया जा रहा है। इस भव्य मंचन में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता आशुतोष राणा प्रतिष्ठित रावण की भूमिका में नज़र आएंगे। उनके साथ राहुल आर. भुचर भगवान राम, हरलीन कौर रेखी माता सीता, दानिश अख्तर भगवान हनुमान, तरुण खन्ना भगवान शिव तथा करण शर्मा सूर्य देव की भूमिका निभाएंगे। नाटक में देशभर के अनुभवी और नामी थिएटर कलाकार भी शामिल होंगे।

इस प्रस्तुति की एक विशेष उपलब्धि यह है कि पार्श्व संगीत में कैलाश खेर, शंकर महादेवन और सोनू निगम जैसे सुप्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी आवाज दी है। नाटक में मूल रचनाएँ, शक्तिशाली संवाद, मनमोहक कोरियोग्राफी, भव्य वेशभूषा और अत्याधुनिक प्रकाश एवं विशेष प्रभाव दर्शकों को एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करेंगे।"हमारे राम" की कथा लव–कुश से शुरू होती है और उनके द्वारा भगवान राम से माता सीता को लेकर पूछे गए प्रश्नों पर आधारित है। यह नाटक राम–सीता के प्रेम, त्याग, संघर्ष और विजय की मार्मिक यात्रा को दर्शाता है तथा रामायण के कई अनकहे अध्यायों को पहली बार मंच पर प्रस्तुत करता है।



## संकीर्तन की अलख जगाने वालों का सम्मान 23 नवंबर को

जबलपुर। नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा समिति भेड़ाघाट द्वारा जबालीपुरम क्षेत्र में प्रतिदिन प्रभात फेरी और संकीर्तन के माध्यम से आध्यात्मिक वातावरण निर्मित करने वाले श्रद्धालुओं का सम्मान 23 नवंबर को सुबह 9:00 बजे किया जाएगा। यह सम्मान समारोह आर्य समाज भवन, बारात रोड, रसल चौक के पास आयोजित होगा। कार्यक्रम में हनुमान बाग के संस्थापक पं. बृजेश मिश्रा, कमांडेंट नीरज सिंह, महाकौशल प्राचार्य डॉ. अल्केश चतुर्वेदी, पूर्व कमिश्नर वेद प्रकाश, रोहित महाराज बड़ी खेरमाई, अध्यक्ष शरद अग्रवाल तथा उद्योगपति मुकेश सुहागन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और संकीर्तन सेवा में सक्रिय लोगों का सम्मान करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित रहने की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं परिक्रमा समिति के अध्यक्ष डॉ. सुधीर अग्रवाल, संरक्षक सुषमा शंकर पटेल, पं. मनमोहन दुबे, संतोष अग्रहरि, श्याम मनोहर पटेल, सत्य प्रकाश नामदेव, देवेंद्र नेमा, देववृत्त सोनी, विनोद दीवान, मोहित तिवारी, पवन साहू, मनोज गुलब्बानी सहित अन्य पदाधिकारियों ने की है।

## महामंडलेश्वर स्वामी मृत्युंजय पुरी जी (मौनी बाबा) का नगर आगमन आज

जबलपुर। पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी द्वारा महंत स्वामी मृत्युंजय पुरी जी (मौनी बाबा) को उनके आध्यात्मिक ज्ञान, अनुभव और सनातन धर्म के प्रति समर्पण के आधार पर महामंडलेश्वर की उपाधि प्रदान की गई है। इस उपलक्ष्य में उनका प्रथम नगर आगमन श्री द्वादश ज्योतिर्लिंग पिपलेश्वर महादेव मंदिर, सेठी नगर में 21 नवंबर 2025 को होगा। स्वागत समारोह हेतु एकत्रीकरण दोपहर 1 बजे पिपलेश्वर महादेव मंदिर में किया जाएगा, जिसके बाद यात्रा मंदिर परिसर से ग्वारीघाट के लिए प्रस्थान करेगी। आयोजकों ने अधिक से अधिक भक्तों से यात्रा में शामिल होकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है।

# संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर**। 16 नवंबर को जिला पंचायत सदस्य किसान एवं ओबीसी समाज के नेता इंद्र कुमार पटेल के ऊपर ग्राम कंदराखेड़ा थाना पनागर के अंतर्गत विकास कार्य करते वक्त दारूखोर शराबखोरी के नशे में ग्रसित बदमाश युवकों ने पेट में चाकू मारकर प्राण घातक हमला किया, जिसके कारण इंद्र कुमार पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना से समूचे क्षेत्र में सनसनी मच गई कि जनप्रतिनिधि, समाज सेवक, ओबीसी समाज और किसानों की लड़ाई लड़ने वाले भी अब सुरक्षित नहीं हैं नगर में एवं ग्रामीण व्यवस्था को लेकर और शराबखोरी के अड्डे जो स्थापित हैं उनके कारण घटनाएं बढ़ रही हैं, वहीं 18 अक्टूबर से सेन समाज की नाबालिग श्रीनाथ की तलैया थाना लार्डगंज निवासी बेटी जो मां के यहां अध्ययन करती थी कोचिंग क्लास गई थी और लापता हो गई जिसकी लाश सालीचौका जिला नरसिंहपुर रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध हालत में पुलिस ने प्राप्त की और आज तक उस बेटी को भी न्याय नहीं प्राप्त हुआ एवं नगर और ग्रामीण में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और आरोपी अपराधियों पर शीघ्र कार्रवाई करने दलित और पिछड़ा समाज के लोगों के ऊपर अत्याचार अन्याय पर रोक लगाने की कार्यवाही को लेकर संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा जबलपुर एवं अखिल भारतीय ओबीसी महासभा अनुसूचित जाति जनजाति संयुक्त मोर्चा के द्वारा आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की गई।

ज्ञापन देते समय संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा के समाजसेवी रामरतन यादव, बैजनाथ कुशवाहा, नोखेलाल प्रजा, घनश्याम यादव, सत्येंद्र यादव, वृंदावन वर्मा, राजेंद्र पिल्लई, जितेंद्र कुर्मी, एडवोकेट गयाप्रसाद कुशवाहा, शैलेश लोधी, एडवोकेट परमानंद साहू, एडवोकेट मनोज चौधरी, विनय भगत, ओबीसी समाज अनुसूचित जाति जनजाति के प्रतिनिधि एवं विभिन्न समाजों के समाजसेवी प्रदर्शन ज्ञापन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन में शामिल हुए।





## एसआरआईटी और जीजीआईटीएस के बीच होगा फाइनल मुकाबला

**जबलपुर**। श्रीराम इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में श्रीराम कॉलेज ग्राउंड में आयोजित नोडल लेवल क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन, दिन का पहला मैच सेमी फाइनल जीजीआईटीएस कॉलेज और श्रीराम ग्रुप्स के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीतकर जीजीआईटीएस कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर्स में 7 विकेट खोकर 120 रन बनाए, जीजीआईटीएस की ओर से अंबर शर्मा ने 43 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीराम ग्रुप्स की टीम 95 रन ही बना पाई और यह मैच 25 रनों से हारा। दिन का दूसरा सेमी फाइनल एसआरआईटी कॉलेज और जेईसी कॉलेज के बीच हुआ, जिसमें एसआरआईटी कॉलेज ने पहले बैटिंग करते हुए 12 ओवर्स में 104 बनाये और यह मैच 54 रनों से जीता। एसआरआईटी कॉलेज की तरफ़ से हिमांशु ने 44 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जेईसी कॉलेज 50 ही बना पाई। एसआरआईटी कॉलेज की तरफ़ से भागवत ने 4 विकेट लिए। आज के अतिथि श्रीराम कॉलेज के चेयरमैन रामेंद्र कर्सोलिया, श्रीराम कॉलेज के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. एल.के. पटेल, श्रीराम लॉ कॉलेज की एचओडी बरखा गुप्ता, नोडल अधिकारी भगवान सिंह, ज्ञान गंगा कॉलेज के खेल अधिकारी नितेन्द्र सिंह, श्रीराम कॉलेज के खेल अधिकारी हरविंदर सिंह, भानु सूर्यवंशी उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका रामराव और अशोक सर ने निभाई।

# प्रभु श्रीराम की भक्ति से फैलता है जीवन में उजाला : भानुदेवाचार्य महाराज

**जबलपुर**। श्रीराम मानस महिला मंडल के तत्वावधान में अनंत श्री विभूषित परम पूज्य स्वामी राम प्रपन्नाचार्य महाराज के कृपा पात्र शिष्य मानस प्रपन्न भानु देवाचार्य महाराज ने संगीतमय चल रही श्रीराम कथा के षष्ठम दिवस व्यासपीठ की आसंदी से कहा कि यह संसार मिथ्या है, मोह-माया में उलझा व्यक्ति इसे समझता नहीं है, मोह-माया रूपी इस कारागार से मुक्ति दिलाने के लिए प्रभु श्रीराम की भक्ति ही एक ऐसा उपाय है। राम भक्ति की रोशनी से ही जीवन में उजाला फैलता है, जब ज्ञान का उजाला हमारे जीवन में आ जाता है, तो भ्रम और बंधनों का मायाजाल स्वतः ही समाप्त हो जाता है। सद्गुरु की शरण गति में जाने से मानव को परमात्मा की अनुभूति होती है जिससे उसके संपूर्ण भ्रम मिट जाते हैं। कथा प्रारम्भ के पूर्व व्यास पीठ का पूजन अर्चन यजमान श्रीमती गीता शुक्ला, एड. अमोल सिंह राजपूत, सुधा राजपूत, गणेश दत्त दुबे, संध्या दुबे, प्रतीक श्वेता दुबे ने किया। इस अवसर पर संतों सहित ब्रजेश दीक्षित, आशीष शुक्ला, अरविन्द तिवारी, प्रसन्न उपाध्याय, राजेश पटेल, देवेन्द्र कुमार तिवारी, जवाहर पटेल, भानुप्रताप सिंह, विराज तिवारी, एड. राजकुमार अवस्थी, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. अरुण मिश्रा, नितिन बसेडिया, एड. विनीत टहनगुरिया, डॉ. अजय फौजदार, सौरभ सिंह, राज चोपड़ा के साथ ही दीपांशु शुक्ला, मातृशक्तियों में संध्या अवस्थी, श्रीमति सीमा चौबे सहित असीमित संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही।



## मां नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा 21 नवंबर से

**जबलपुर**। श्री सिद्ध शक्तिपीठ कालीधाम कालीघाट भटौली में पूज्य गुरुदेव, परम पूज्य दंडी स्वामी कलिकानंद सरस्वती जी महाराज तथा पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 डॉ. स्वामी राधे चैतन्य जी महाराज के मार्गदर्शन में मां नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा का आयोजन 21 नवंबर 2025, शुक्रवार सुबह 9:00 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भगवती विराट काली के पूजन-अर्चन के साथ किया जाएगा। इसके उपरांत भक्तगण माँ नर्मदा की दिव्य पालकी के साथ परिक्रमा यात्रा पर प्रस्थान करेंगे।

### सीजन में अब तक सोयाबीन के भाव में आई 500 रुपए की तेजी, 7 नवंबर से अब तक भावांतर मॉडल रेट में 43 रुपए क्विंटल की बढ़त हुई

## मप्र में सोयाबीन की 3 लाख बोरे से अधिक की आवक

# भावांतर के चलते प्रदेश भर की मंडियों में सोयाबीन की बंपर आवक, किसानों में खुशी छाई



मंडी प्रांगण स्थित नीलामी शेड

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी करोंद स्थित अनाज मंडी प्रांगण के अलावा मध्यप्रदेश की मंडियों में भावांतर योजना के फेर के चलते सोयाबीन की बंपर आवक हो रही है। मंडियों में सोयाबीन से भरे ट्रेक्टर ट्रालियों की लंबी लाइन लग रही है। करोंद स्थित भोपाल गल्ला मंडी में सोयाबीन की जहां रिकार्ड 6 हजार से साढ़े छह हजार बोरे की रोजाना आवक हो रही है तो वहीं समूचे प्रदेश की कृषि उपज मंडियों में हर रोज 3 लाख से साढ़े 3 लाख बोरा सोयाबीन पहुंच रहा है।

भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के प्रवक्ता संजीव जैन, सकल दलहन, अनाज व्यापारी महासंघ सिरोंज मंडी के अध्यक्ष समीर भार्गव ने बताया कि शुरूआती सीजन से अब तक सोयाबीन के भाव में 500 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी आई है। शुरूआत में सोयाबीन 4000 से 4200 रुपए क्विंटल बिका था, लेकिन अब मंडियों में 4600 से 4650 रुपए क्विंटल के भाव बिक रहा है। जबकि समर्थन मूल्य 5325 रुपए क्विंटल है। वहीं सरकार द्वारा भावांतर योजना की घोषणा के 10 दिन बाद 7 नवंबर को 4220 रुपए प्रति सोयाबीन का मॉडल भाव जारी किया है, जो बुधवार यानी 19 नवंबर को सोयाबीन का मॉडल भाव 4263 रुपए जारी हुआ। कुल मिलाकर 13 दिनों में सरकार द्वारा जारी मॉडल भाव में 43 रुपए क्विंटल की मूल्य वृद्धि दर्ज हुई है।

एसोसिएशन के प्रवक्ता संजीव जैन ने बताया कि भावांतर के फेर में इन दिनों किसान मंडियों में सोयाबीन खूब बेच रहे हैं क्योंकि राज्य सरकार द्वारा किसानों को समर्थन मूल्य और भावांतर मॉडल रेट के बीच के अंतर की राशि किसानों के खाते में डाली जा रही है। जिसके चलते किसानों भरपूर सोयाबीन की बिक्री करने मंडी पहुंच रहे हैं।

### 13 दिन में मॉडल रेट बढ़कर 4020 से 4263 रुपए तक पहुंचा

सोयाबीन का 13 दिन में मॉडल रेट बढ़कर 4020 से 4263 रुपए तक पहुंचा। भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 19 नवंबर को 4263 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है।

यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था।

इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए तथा 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर 4255 रुपए और 19 नवंबर को 4263 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ।





गल्ला मंडी में लगी ट्रैक्टरों की लाइन

### समर्थन मूल्य 2400 रुपए और मंडी में बिक रहा 1300 से 1600 रुपए क्विंटल

# बंपर पैदावार और आवक से मक्का समर्थन मूल्य से 800 से 1000 रुपए नीचे बिक रहा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2025-26 सीजन के लिए 2400 प्रति क्विंटल है, लेकिन बंपर पैदावार और मंडियों में अधिक आवक के कारण यह 1300 से 1600 प्रति क्विंटल के बीच बिक रहा है, जो कि समर्थन मूल्य से 800 से 1000 कम है। यह स्थिति किसानों के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि बाजार मूल्य समर्थन मूल्य से काफी नीचे है।

- भोपाल गल्ला मंडी में 800 बोरा तो मध्यप्रदेश की मंडियों में करीब 2 से ढ़ाई लाख बोरे की आवक

राजधानी के करोंद मंडी स्थित अनाज कारोबारी और भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी और प्रवक्ता संजीव जैन ने बताया कि समूचे मध्यप्रदेश में इस बार मक्के की बंपर पैदावार है। पैदावार की अधिकता होने के साथ मंडियों में आवक भी बंपर होने से इसके भाव समर्थन मूल्य से 800 से 1000 रुपए नीचे है तो गत वर्ष की तुलना में भाव में 800 रुपए नीचे है। गल्ला व्यापारियों के अनुसार राजधानी के करोंद स्थित गल्ला मंडी में मक्के की आवक 700 से 800 बोरा रोजाना की आवक है जबकि मध्यप्रदेश की मंडियों में मक्के की आवक दो से ढ़ाई लाख बोरी की बताई जा रही है। कारोबारी संजीव जैन ने बताया कि मंडियों में अनाज व्यापारी मक्के की जो खरीदी कर रहे हैं वह शराब फैक्ट्री, एथेनॉल और स्टॉर्च उपयोगी के लिए प्लांटों में पहुंच रहा है। उन्होंने ने बताया कि प्लांटों की लेवाली फिलहाल कमजोर है वजह भारी उत्पादन है। यह कारण है कि किसान अपने मक्का को मंडियों में कम भाव पर बेचने को मजबूर है।



### डिस्टिलरी को फायदा... तो किसान एमएसपी से नीचे मक्का बेचने को मजबूर

किसानों का कहना है कि ओएमसी के जरिए डिस्टिलरी से 71.86 रुपए /लीटर पर एथेनॉल खरीदी रही है। जबकि मंडियों में उपलब्ध औसत मक्का भाव (1821 रुपए/क्विंटल) के आधार पर एथेनॉल का मूल्य 54 रुपए /लीटर होना चाहिए। किसानों ने कहाकि लाभ किसानों को देने का वादा तो किया गया, लेकिन फायदा डिस्टिलरी को मिला और किसान एमएसपी से बहुत नीचे मक्का बेचने को मजबूर हैं।

### मक्के पर कंट्रोल ऑर्डर लाने की मांग हुई तेज

मक्का उत्पादक किसानों ने सरकार से मक्के पर कंट्रोल ऑर्डर लाने की मांग की है। ताकि इथेनॉल डिस्टिलरीज को किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर मक्का खरीदने के लिए मजबूर किया जा सके। किसानों ने डिस्टिलरी के साथ किए जा रहे व्यवहार में सरकारी नीति में पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहते हैं कि जब सरकार ओएमसी के माध्यम से गारंटीकृत मूल्य पर उपज (इथेनॉल) खरीद रही है। तो उसे कच्चे माल की कीमत भी निर्धारित करनी चाहिए।

# सीमेंट परिवहन हुआ सस्ताः परिवहन के लिए 90 पैसे प्रति 'जीटीकेएम' की एकसमान दर लागू की



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देशभर में सीमेंट परिवहन लागत कम करने के उद्देश्य से एक बड़े सुधार की घोषणा की। सरकार का मानना है कि इस कदम से घर बना रहे मध्यमवर्गीय परिवारों को सीधी राहत पहुंचेगी। मंत्री ने बल्क सीमेंट टर्मिनल पॉलिसी और कंटेनर रेट रेशनलाइजेशन कार्यक्रम के बाद बताया कि रेलवे ने बल्क सीमेंट परिवहन के लिए 90 पैसे प्रति जीटीकेएम की एकसमान दर लागू की है। जीटीकेएम का अर्थ है सकल टन-किलोमीटर। यह रेलवे और माल ढुलाई उद्योग में परिवहन शुल्क की गणना के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक मानक उपाय है। 1 जीटीकेएम, 1 किलोमीटर के लिए 1 सकल टन भार परिवहन के बराबर है। जब रेलवे 90 पैसे प्रति जीटीकेएम दर बताता है, तो इसका मतलब है कि एक किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर परिवहन किए गए प्रत्येक सकल टन सीमेंट के लिए शुल्क 0.90 रुपये है। इससे माल ढुलाई शुल्क को मानकीकृत करने और लागत की गणना को सरल और अधिक पारदर्शी बनाने में मदद मिलती है।

### सीमेंट उद्योग और उपभोक्ताओं दोनों को मिलेगा लाभ

वैष्णव ने बताया कि एक समान दर से सीमेंट निर्माताओं को सीमेंट संयंत्रों के स्थान, परिवहन मार्गों और अनलोडिंग टर्मिनलों के बारे में अधिक स्पष्टता मिलेगी। इससे बेहतर योजना बनाने, सीमेंट की बेहतर आवाजाही और उपभोक्ताओं के लिए कम लागत की उम्मीद है। मंत्री ने कहा कि नई टैंक कंटेनर प्रणाली और एक समान दर संरचना भारत भर में सीमेंट परिवहन को युक्तिसंगत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उद्योग और उपभोक्ताओं दोनों को समर्थन प्रदान करेगी।

### रेमेडियम लाइफकेयर का धमाकेदार प्रदर्शन

**जबलपुर।** फार्मा और स्पेशियलिटी केमिकल सेक्टर में सक्रिय रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड ने सितंबर-2025 को समाप्त दूसरी तिमाही और अर्धवार्षिक अवधि के नतीजे जारी करते हुए बेहतरीन परफॉर्मेंस दर्ज किया है। कंपनी के मुताबिक परिचालन दक्षता, पोर्टफोलियो की मजबूती और विस्तार रणनीति ने वित्तीय परिणामों को नई ऊंचाई दी है। 30 सितंबर, 2025 को समाप्त हुई तिमाही के दौरान एकीकृत वित्तीय परिणामों ने मजबूत परिचालन गति दिखाई। प्रति शेयर आय 0.10 हुई, जो वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही की तुलना में दोगुनी है।

REMEDIUM LIFECARE

### सैमसंग टीवी प्लस ने की पहली कंटेंट डील

**गुरुग्राम।** सैमसंग टीवी प्लस ने दुनिया के शीर्ष क्रिएटर्स के साथ साझेदारी करते हुए उनके एक्सक्लूसिव फास्ट चैनल अब घर की सबसे बड़ी स्क्रीन पर उपलब्ध करा दिए हैं। इस नई सूची में प्रसिद्ध क्रिएटर मार्क रोबर के पहले समर्पित फ्री ऐड-सपोर्टेड स्ट्रीमिंग टीवी चैनल का विश्व प्रीमियर भी शामिल है। सैमसंग टीवी प्लस अब पूरे भारत में 1.40 करोड़ से अधिक सैमसंग स्मार्ट टीवी पर 160 चैनलों के साथ उपलब्ध है।

# एनडीडीबी के चेयरमैन डॉ. मीनेष शाह ने दुग्ध संघ संयंत्र का किया दौरा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अध्यक्ष डॉ. मीनेश शाह ने भोपाल दुग्ध संघ संयंत्र का भ्रमण किया। इस अवसर पर के अध्यक्ष, एनडीडीबी ने एनडीडीबी तथा एमपीसीडीएफ के बीच हुए सहकार्यता अनुबंध के बाद अप्रैल, 2025 से वर्तमान तक भोपाल दुग्ध संघ की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने लक्ष्यों के अनुरूप दुग्ध संकलन एवं नवीन दुग्ध समितियों के गठन की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया तथा दुग्ध संघ की विभिन्न योजनाओं के द्वारा दुग्ध उत्पादकों को दुग्ध मूल्य के अतिरिक्त अन्य लाभ देने पर भी जोर दिया, जिससे कि उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ हो सके और सहकारी ढांचा मजबूत हो सके। इस अवसर पर डॉ. संजय गोवाणी, प्रबंध निदेशक, एमपीसीडीएफ, प्रीतेश जोशी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, भोपाल सहकारी दुग्ध संघ सहित एमपीसीडीएफ और भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के अधिकारीगण उपस्थित रहे। डॉ. शाह ने दुग्ध संघ द्वारा विपणन गतिविधियों के अंतर्गत चलाए जा रहे ''दूध का दूध, पानी का पानी अभियान'' पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के नवाचारों से उपभोक्ताओं में सांची ब्राण्ड (सांची डेयरी) के प्रति विश्वसनीयता बढी है। डॉ. शाह ने दुग्ध संघ मुख्य गेट पर निर्माणाधीन सांची पार्लर का भी निरीक्षण किया। उन्होने भोपाल डेयरी संयंत्र में चल रहे निर्माणाधीन डेयरी परियोजनाओं के निरीक्षण के दौरान दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थों के प्रसंकरण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा डेयरी संयंत्र के आधारभूत ढांचे में विस्तार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही डेयरी संयंत्र परिसर में नवीन आइसक्रीम संयंत्र की स्थापना के लिए सुझाव भी दिए, जिससे उपभोक्ताओं को आइसक्रीम सुगमता से उपलब्ध हो सके।

### एबीएस मरीन का शुद्ध लाभ 334 फीसदी बढ़ा

**मुंबई।** एबीएस मरीन सर्विसेज़ लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में असमीक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी की कुल आय 139.53 करोड़ रुपए, साल-दर-साल वृद्धि 90.01 फीसदी दर्ज हुई।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।


**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

## शब्द पहेली - 6054



**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

### शब्द पहेली- 6053 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | ■ | स | म | झ | दा | र |
| म | ■ | र | ह | म | ■ | म | द | न | ■ | म |
| र | त | ■ | ■ | ची | ■ | झौ | ■ | ■ | वा | णी |
| ख | स | ■ | ना | न | ख | ता | ई | ■ | य | य |
| ना | ला | य | क | ■ | त्म | ■ | मा | त | ह | त |
| ■ | ■ | ■ | क | था | ■ | का | न | ■ | ■ | ■ |
| प | न | घ | ट | ■ | आ | ■ | दा | न | वी | र |
| व | र | ■ | ना | ना | स | सु | र | ■ | र | वि |
| न | म | ■ | ■ | म | ■ | चा | ■ | ■ | ता | न |
| सु | ■ | आ | स | व | ■ | ल | ह | र | ■ | य |
| त | ल | ब | गा | र | ■ | न | क | ब | ज | न |

## सूडोकु नवताल - 6064

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6063 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

# भारत और अमेरिका की भिड़ंत के साथ 15 जनवरी से शुरू होगा अंडर-19 विश्व कप क्रिकेट

## 6 फरवरी को फाइनल, 16 देशों की टीमें लेंगी भाग, आईसीसी ने जारी किया शेड्यूल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पुरुषों का अंडर-19 विश्व कप का अगला संस्करण 15 जनवरी, 2026 से शुरू होगा। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने विश्व कप के 16वें संस्करण के लिए शेड्यूल की घोषणा की है। आईसीसी के कार्यक्रम के अनुसार, 6 फरवरी को इसका फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। बता दें कि जिम्बाब्वे और नामीबिया में आयोजित होने वाले अगले संस्करण में कुल 16 टीमें भाग लेंगी। फाइनल मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में होगा।

### ग्रुप-ए में मौजूद है भारतीय टीम




अंडर-19 विश्व कप के लिए 16 टीमों को 4-4 टीमों के ग्रुपों में बांटा गया है। ग्रुप-ए में भारतीय टीम मौजूद है, जिसमें बांग्लादेश, अमेरिका और न्यूजीलैंड अन्य टीमें हैं। इसी तरफ ग्रुप-बी में जिम्बाब्वे, पाकिस्तान, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड शामिल हैं। ग्रुप-सी में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, जापान और श्रीलंका है। ग्रुप-डी में तंजानिया, वेस्टइंडीज, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका टीमों को शामिल किया गया है।

### 15 जनवरी को अपना पहला मैच खेलेगी भारतीय टीम

15 जनवरी: अमेरिका बनाम भारत, बुलावायो।
15 जनवरी: जिम्बाब्वे बनाम स्कॉटलैंड, हरारे।
15 जनवरी: तंजानिया बनाम वेस्टइंडीज, विंडहुक।
16 जनवरी : पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड, हरारे।
16 जनवरी: ऑस्ट्रेलिया बनाम आयरलैंड, विंडहुक।
16 जनवरी: अफगानिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका, विंडहुक।
17 जनवरी: भारत बनाम बांग्लादेश, बुलावायो।
17 जनवरी: जापान बनाम श्रीलंका, विंडहुक।
18 जनवरी: न्यूजीलैंड बनाम अमेरिका, बुलावायो।
18 जनवरी: इंग्लैंड बनाम जिम्बाब्वे, हरारे।
18 जनवरी: वेस्टइंडीज बनाम अफगानिस्तान, विंडहुक।

### ऐसा है 19 से 23 जनवरी का कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| 19 जनवरी | : पाकिस्तान बनाम स्कॉटलैंड, हरारे। |
| 19 जनवरी | : श्रीलंका बनाम आयरलैंड, विंडहुक। |
| 19 जनवरी | : द.अफ्रीका बनाम तंजानिया, विंडहुक। |
| 20 जनवरी | : बांग्लादेश बनाम न्यूजीलैंड, बुलावायो। |
| 20 जनवरी | : ऑस्ट्रेलिया बनाम जापान, विंडहुक। |
| 21 जनवरी | : इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड। |
| 21 जनवरी | : अफगानिस्तान बनाम तंजानिया, विंडहुक। |
| 22 जनवरी | : जिम्बाब्वे बनाम पाकिस्तान, हरारे। |
| 22 जनवरी | : आयरलैंड बनाम जापान। |
| 22 जनवरी | : वेस्टइंडीज बनाम द. अफ्रीका, विंडहुक। |
| 23 जनवरी | : बांग्लादेश बनाम अमेरिका। |
| 23 जनवरी | : श्रीलंका बनाम ऑस्ट्रेलिया। |
| 24 जनवरी | : भारत बनाम न्यूजीलैंड। |
| 24 जनवरी | : ए4 बनाम डी4 |

### ऐसा है सुपर-6 का निर्धारित कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| 25 जनवरी | : सुपर-6 ए1 बनाम डी3 |
| 25 जनवरी | : सुपर-6 डी2 बनाम ए3 |
| 26 जनवरी | : सुपर-6 बी4 बनाम सी4 |
| 26 जनवरी | : सुपर-6 सी1 बनाम बी2 |
| 26 जनवरी | : सुपर-6 बी1 बनाम ए2 |
| 27 जनवरी | : सुपर-6 सी2 बनाम बी3 |
| 27 जनवरी | : सुपर-6 सी3 बनाम बी1 |
| 28 जनवरी | : सुपर-6 ए1 बनाम डी2 |
| 29 जनवरी | : सुपर-6 डी3 बनाम ए2 |
| 30 जनवरी | : सुपर-6 डी1 बनाम ए3 |
| 30 जनवरी | : सुपर-6 बी3 बनाम सी1 |
| 31 जनवरी | : सुपर-6 बनाम सी3 |
| 01 फरवरी | : सुपर-6 बी1 बनाम सी2 |

## खबर संक्षेप



### अजहर अली ने पाकिस्तान की चयन समिति छोड़ी

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान अजहर अली ने राष्ट्रीय चयन समिति से इस्तीफा दे दिया है और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के युवा विकास विभाग के प्रमुख का पद भी छोड़ दिया है। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को इस्तीफा सौंप दिया। इससे पहले पूर्व टेस्ट कप्तान सरफराज अहमद को पाकिस्तान शाहींस और अंडर 19 टीमों की पूरी जिम्मेदारी सौंप दी गई। सूत्र ने कहा ,'' अजहर ने बोर्ड को इस सप्ताह इस्तीफा सौंप दिया जो स्वीकार कर लिया गया।'' पाकिस्तान के लिये 97 टेस्ट खेल चुके अजहर पिछले साल ही चयनकर्ता बने थे लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की कार्यप्रणाली से काफी नाराज थे।

### बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम का दिसंबर में होने वाला भारत दौरा स्थगित




**ढाका।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ दिसंबर में 3 वनडे और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलने के लिए बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम के प्रस्तावित भारत दौरे को स्थगित कर दिया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को इस खबर की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि बीसीबी को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से सीरीज के लिए बाद में तारीख निर्धारित किए जाने का पत्र मिला है। सूत्रों के अनुसार, दौरे को स्थगित किए जाने का कोई विशेष कारण नहीं बताया गया है, लेकिन ऐसा समझा जाता है कि भारत और बांग्लादेश के बीच मौजूदा राजनीतिक तनाव इसका प्रमुख कारण हो सकता है।

### चैंपियन वुहान जियांगदा ने 2 गोल से ईस्ट बंगाल को हराया



**वुहान (चीन)।** भारतीय क्लब ईस्ट बंगाल एफसी को बृहस्पतिवार को यहां एएफसी महिला चैंपियन्स लीग ग्रुप बी मैच में चीन के गत चैंपियन वुहान जियांगदा एफसी के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। मेजबान टीम की ओर से दोनों गोल पहले हाफ में वैंग शुआंग ने आठवें और 17वें मिनट में किए। पहले मैच में ईरान के बेम खातून एफसी को हराने वाली ईस्ट बंगाल एफसी की टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बना सकती है लेकिन इसके लिए उसे सुनिश्चित करना होगा कि 23 नवंबर को उज्बेकिस्तान के पीएफसी नसफ के खिलाफ वह दो गोल से अधिक के अंतर से नहीं हारे। तीन ग्रुप में से प्रत्येक में शीर्ष पर रहने वाली दो टीम के अलावा तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीम नॉकआउट में जगह बनाएंगी।

### द. अफ्रीका से एक टेस्ट में हार के बाद भारत के लिए करो या मरो जैसा मुकाबला

# गुवाहाटी टेस्ट कल से, पंत संभालेंगे टीम इंडिया की कमान, गिल का खेलना संदिग्ध

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

भारतीय क्रिकेट टीम गुवाहाटी में साउथ अफ्रीका के खिलाफ शनिवार, 22 नवंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए शुभमन गिल की चोट अभी भी चिंता का विषय बनी हुई है। हालांकि अब गिल अस्पताल से बाहर आ चुके हैं, लेकिन उनकी फिटनेस को लेकर दूसरे टेस्ट मैच में खेलना अभी तय नहीं है। बीसीसीआई ने यह भी जानकारी दी कि शुभमन गिल 19 नवंबर को टीम के साथ गुवाहाटी रवाना हो चुके हैं। मेडिकल टीम उनकी निगरानी जारी रखेगी और आज शुक्रवार को फिटनेस टेस्ट के बाद दूसरे टेस्ट में उनके खेलने का फैसला लिया जाएगा लेकिन फिलहाल गिल की टेस्ट में उपलब्धता अब भी अनिश्चित बनी हुई है। टीम की कमान विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को सौंपी गई है। वहीं युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन को गिल की जगह मौका मिलने की उम्मीद है।



### एक टेस्ट हारने के बाद टीम इंडिया पर दबाव

साउथ अफ्रीका ने पहला टेस्ट 30 रन से जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। ऐसे में गुवाहाटी टेस्ट भारत के लिए करो या मरो जैसा मुकाबला बन गया है। मैच से पहले टीम ने ईडन गार्डन्स में एक प्रैक्टिस भी करी गई, जिसमें साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल, आकाशदीप, रवींद्र जडेजा और देवदत्त पडिक्कल शामिल हुए। सभी खिलाड़ी जरूरत पड़ने पर खेलने के लिए तैयार हैं।

### गुवाहाटी टेस्ट में पहली बार शेड्यूल में बदलाव

इस टेस्ट मैच में एक और दिलचस्प बदलाव देखने को मिलेगा. टेस्ट क्रिकेट इतिहास में पहली बार लंच से पहले टी-ब्रेक रखा जाएगा। मैच रोज सुबह 9 बजे शुरू होगा और शाम 4 बजे तक खेल खत्म कर दिया जाएगा। टॉसः सुबह 8:30 बजे। पहला सत्रः 9:00 एएम से 11:00 एएम। टी-ब्रेकः 11:00 से 11:20। दूसरा सत्रः 11:20 से 1:20। लंच ब्रेकः 1:20 पीएम से 2:00 पीएम। तीसरा सत्रः 2:00 से 4:00 बजे तक।

### निशानेबाजी

## माहित ने निशानेबाजी में जीते तीन पदक



एजेंसी ▶▶| तोक्यो

भारतीय राइफल निशानेबाज माहित संधू ने यहां 25वें बधिर ओलंपिक की 50 मीटर प्रोन स्पर्धा में क्वालीफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ रजत पदक जीता जो प्रतियोगिता में उनका तीसरा पदक है। माहित ने फाइनल में 246.1 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया जबकि चेक गणराज्य की एलिस्का स्वोबोडोवा ने 247.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। हंगरी की मीरा सुजसाना बियातोवस्की ने 225.0 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। माहित ने इससे पहले 10 मीटर मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और 10 मीटर व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारत ने तोक्यो में निशानेबाजी में अब तक 12 पदक जीते हैं जिसमें से माहित के नाम तीन पदक हैं। फाइनल में जगह बनाने वाली भारत की नताशा जोशी शूट आउट में पिछड़ने के बाद आठवें स्थान पर रहीं।

### आस्ट्रिया को हराकर इटली डेविस कप सेमीफाइनल में

**बोलोगना।** दो बार की गत चैम्पियन इटली ने आस्ट्रिया को 2-0 से हराकर डेविस कप टेनिस सेमीफाइनल में जगह बना ली जहां उसका सामना बेल्जियम से होगा। इटली के लिये फ्लावियो कोबोली ने फिलिप मिसोलिच को 6-1, 6-3 से हराकर दूसरा मुकाबला जीता। इससे पहल मात्तेओ बेरेतिनी ने जुरिज रोडियोनोव को 6-3, 7-6 से मात दी थी। इटली लगातार 12 डेविस कप मुकाबला जीत चुका है। आखिरी बार उसे 2023 में कनाडा ने ग्रुप चरण में हराया था। अन्य मुकाबलों में स्पेन का सामना चेक गणराज्य से होगा जबकि जर्मनी की टक्कर अर्जेंटीना से होगी।

### एशिया कप राइजिंग स्टार्स

## भारत बनाम बांग्लादेश और पाकिस्तान-श्रीलंका के बीच आज सेमीफाइनल मुकाबला




एजेंसी ▶▶| दोहा

भारत एक और खिताब जीतने के करीब पहुंच चुका है। भारत की ए टीम ने जितेश शर्मा की कप्तानी में एशिया कप राइजिंग स्टार्स के सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। इस बीच बुधवार शाम को ये भी तय हो गया कि सेमीफाइनल में पहुचंने वाली चार टीमें कौन सी हैं और किस टीम का अब किससे मुकाबला होगा।

भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में होने के कारण इनके बीच सेमीफाइनल मुकाबला नहीं होगा। हालांकि अगर दोनों ही टीमें सेफा में जीतती हैं तो फाइनल मुकाबला भारत-पाक के बीच हो सकता है। आज होने वाले दोनों सेमीफाइनल मुकाबले में भारत की भिड़ंत बांग्लादेश से और पाकिस्तान का मुकाबला श्रीलंका की टीम से होगा।

### एशिया कप राइजिंग स्टार्स में ये टीमें पहुंची सेफा में

एशिया कप 2025 राइजिंग स्टार्स के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चार टीमें भारत के अलावा पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश हैं। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप थे, लीग फेज में इनका मैच भी हुआ था। दोनों टीमों ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। ग्रुप ए में बांग्लादेश ने पहले नंबर पर फिनिश किया है, वहीं श्रीलंका की टीम दूसरे नंबर पर रही है।

### दोनों ही सेमीफाइनल मुकाबले आज

सेमीफाइनल में जहां एक ओर भारत का मैच बांग्लादेश से होगा, वहीं पाकिस्तान की टक्कर श्रीलंका से होगी। दोनों खास बात ये है कि दोनों सेमीफाइनल एक ही दिन यानी आज 21 नवंबर को ही खेले जाएंगे। पहले भारत और बांग्लादेश के बीच दोपहर तीन बजे से मैच खेला जाएगा। इसके बाद शाम को आठ बजे से पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमें आमने सामने होंगी।

### फाइनल में हो सकती है भारत-पाक की टक्कर

इस बीच भले ही सेमीफाइनल में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच ना हो रहा हो, लेकिन इस बात की संभावना काफी ज्यादा है कि फाइनल में इन दोनों टीमों की भिड़ंत हो जाए। इसके लिए शर्त ये है कि भारतीय टीम अपने मैच में बांग्लादेश को मात दे और पाकिस्तान टीम अपने दूसरे सेमीफाइनल में श्रीलंका को हरा दे। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के एक और फाइनल का मंच तैयार हो जाएगा।

## गोल्फर दीक्षा ने बधिर ओलंपिक में जीता स्वर्ण



**तोक्यो।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने आखिरी दौर में 11 अंडर स्कोर करके बृहस्पतिवार को बधिर ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता। चौबीस वर्ष की दीक्षा ने 2017 बधिर ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करके रजत पदक जीता था जब पहली बार खेलों में गोल्फ को शामिल किया गया था। तोक्यो ओलंपिक में अंतरराष्ट्रीय गोल्फ महासंघ से खेलने का अचानक न्योता पाने वाली दीक्षा ने 54 होल में 26 अंडर स्कोर किया। फ्रांस की मारग्यू ब्रेजो को रजत और कनाडा की एरिका डान रिवार्ड को कांस्य पदक मिला। जकार्ता में 2018 एशियाई खेलों में भाग लेने वाली दीक्षा इसके एक साल बाद 18 वर्ष की उम्र में लेडीज यूरोपीय टूर पर जीत दर्ज करने वाली अदिति अशोक के बाद दूसरी गोल्फर बनी थीं।

## आस्ट्रेलियाई ओपन बैडमिंटन : शेट्टी और लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में, प्रणय बाहर

एजेंसी ▶▶| सिडनी



भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन बृहस्पतिवार को यहां विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जबकि सीनियर खिलाड़ी एच एस प्रणय हारकर बाहर हो गए।

शेट्टी और लक्ष्य अंतिम आठ के मुकाबले में आमने-सामने होंगे। शीर्ष वरीयता प्राप्त सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी चीनी ताइपै के सू चिंग हेंग और वु गुआन शुन को 21-18, 21- 11 से हराकर अंतिम आठ में पहुंच गए। वहीं इस साल प्री क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं जा सके प्रणय को आठवीं वरीयता प्राप्त पूर्व जूनियर विश्व चैम्पियन इंडोनेशिया फरहान अलवी ने 21-19, 21-10 से हराया।

### लक्ष्य ने चीनी ताइपे के ची यू जेन को हराया

सात्विक और चिराग क्वार्टर फाइनल में फजर अल्फियान और मोहम्मद शोहीबुल फिकरी की इंडोनेशिया की पांचवीं वरीय जोड़ी से भिड़ेंगे।

ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के विजेता शेट्टी ने चौथी वरीयता प्राप्त जापान के कोडाइ नराओका को 21-17, 21-16 से हराया। लक्ष्य ने कड़े प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में चीनी ताइपे के ची यू जेन को 63 मिनट में 21-17, 13-21, 21-13 से हराया।

VEHICLE AVAILABLE for SALE
Maruti Eeco 5 seater
MP-20-ZN-5223 Model 2024
Maruti Swift LXI
MP20-ZN-9753 Model 2024
Tata Nexon
MP51-CA-6915 Model 2022
"as is where is condition"
Contact within 7 days at
M/s Sundaram Finance Ltd.
II Floor, Digamber Tower 936, Wright Town, Jabalpur- 482002
0761-2451218, 9425600590

## 69वीं राज्य स्तरीय शालेय तैराकी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीते





**जबलपुर।** 69 वीं मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय शालेय तैराकी प्रतियोगिता 2025 में जबलपुर संभाग तैराक बालक बालिकाओं ने जिसमें समरथ खरे, रित्विक बाफना, आदित्य मिश्रा, अक्षित शर्मा, अर्थव सिंह, गौरिका जैन, शिल्पी कोल, शेरा दुबे, त्रिशा दुबे, सरकार शेर सिंह, रोहन अम्बूरे, प्रिंस सिंह, संस्कार विश्वकर्मा, तनिष्क झरिया ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने इवेंट में गोल्ड मेडल प्राप्त कर बालक 17 वर्ष में विजेता होने का स्थान प्राप्त कर चैंपियनशिप प्राप्त की, इन तैराको की इस महत्वपूर्ण सफलता पर जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष संजय पटेल, सचिव सुनील कुमार पटेल सत्यप्रकाश स्विमिंग अकादमी के चेयरमेन अनिल ग्रोवर एवं श्रीमती तरंग ग्रोवर डायरेक्टर, शिवम श्रीवास्तव कोच, जनरल मैनेजर राकेश विश्वकर्मा, नवराज सिंह, शिवम पटेल, अमन लोधी, अमित शर्मा ने श्रीमती आशा सिसोदिया सहायक संचालक कीड़ा एवं श्रीमती मधुमिता हाजरा जिला कीड़ा अधिकारी ने बधाई दी है ।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
प्लेटफार्मों की ऊंचाई बढ़ाने के लिए ई-निविदा सूचना
सीपीएम / जीएसयू, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:
**निविदा क्र.:** सीपीएम-जीएसयू-27-एनएजी-2025-26
**कार्य का नाम:** नागपुर मंडल के तुमसर रोड (TMR) - तिरोड़ी (TRO) - बालाघाट (BTC) सेक्शन के स्टेशनों पर प्लेटफार्मों की ऊंचाई बढ़ाना और विस्तार।
**अनु. निविदा मूल्य:** ₹ 14,97,59,932/-
**बयाना राशि:** ₹ 8,98,800/-
बोलीदाता उपरोक्त निविदाओं के लिए अपनी मूल / संशोधित बिड्स दिनांक **08.12.2025** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते हैं।
मैन्युअल निविदाओं की अनुमति नहीं है व ऐसे प्राप्त सभी मैन्युअल निविदा ऑफर्स अस्वीकार कर दिए जाएंगे। अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
उप. मुख्य अभियंता - जीएसयू,
MS/39-181 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर




## याचिकाकर्ताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांत रेखांकित किए गए

# हाईकोर्ट में प्रमोशन में आरक्षण मामले की हुई सुनवाई, आज फिर होगी

जबलपुर।

**मप्र हाईकोर्ट के समक्ष गुरुवार को प्रमोशन में आरक्षण मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट के संबंधित न्यायदृष्टांत रेखांकित कर अपना पक्ष मजबूत करने भरसक प्रयास किया गया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने बहस पूरी न होने के कारण शुक्रवार को सुनवाई जारी रखने की व्यवस्था दे दी। याचिकाकर्ताओं की बहस पूरी होने के बाद इस प्रकरण में राज्य शासन की ओर तर्क प्रस्तुत किए जाएंगे।**

हाईकोर्ट ने नियत किया है कि यह मामला संवैधानिक दृष्टि से बेहस अहम है, अतः सुनवाई को द्रुतगति दी जाएगी।याचिकाकर्ताओं की ओर से हाई कोर्ट को अवगत कराया गया कि जरनैल सिंह के प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने एम नागराज केस के निर्णय का पुनर्मूल्यांकन किया था। कोर्ट ने साफ किया था कि आक्षरण का समुचित लाभ तय करने के लिए उच्च पदों पर पहुंचे अधिकारियों का डेटा आवश्यक है। जब तक क्रीमीलेयर के वास्तविक आंकड़े नहीं जुटाए जाते, तब तक यह पता करना कठिन है कि पिछड़े वर्ग को उचित प्रतिनिधित्व मिल रहा है या नहीं। लिहाजा, प्रमोशन में आरक्षण देने से पहले सरकार को यह साबित करना होगा कि संबंधित वर्गों का प्रतिनिधित्व कम है। दलील दी गई कि मप्र शासन ने प्रमोशन में आरक्षण लागू करने से पूर्व यह डेटा एकत्र नहीं किया था। पिछड़े वर्गों की स्थिति, प्रतिनिधित्व और



क्रीमी लेयर का आकलन नहीं किया गया था। लिहाजा, 2025 का यह नया नियम संविधान के अनुच्छेद-14 और 16-1 के विरुद्ध है। कुल मिलाकर बिना डेटा जांच के आरक्षण लागू नहीं कया जा सकता।

### क्या है मामला :

भोपाल निवासी डॉ. स्वाति तिवारी व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं में मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को चुनौती दी गई है। दलील दी गई कि वर्ष 2002 के नियमों को हाई कोर्ट के द्वारा आरबी राय के केस में समाप्त किया जा चुका है। इसके विरुद्ध मप्र शासन ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट में मामला अभी लंबित है, इसके बावजूद मप्र शासन ने महज नाम मात्र का शाब्दिक परिवर्तन कर जस के तस नियम बना दिए।

## हाईकोर्ट ने हाईवे के किनारे शराब दुकानों को चुनौती पर मांगा जवाब

**केंद्र व राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस**

मप्र हाईकोर्ट ने हाईवे के किनारे संचालित शराब दुकानों को चुनौती के मामले में जवाब-तलब किया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने इस सिलसिले में केंद्र व राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी किए हैं। जवाब पेश करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया है। मामले में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, प्रदेश के आबकारी आयुक्त व आबकारी सचिव को भी पक्षकार बनाया गया है।जनहित याचिकाकर्ता राजधानी भोपाल निवासी सामाजिक कार्यकर्ता राशिद नूर खान की ओर से अधिवक्ता आर्यन उरमलिया ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि राजमार्गों के किनारे शराब दुकानें होने से ट्रक चालक और अन्य यात्री शराब पीकर गाड़ी चलाते हैं, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ती हैं और लोगों की जान जा रही है। यह संविधान के अनुच्छेद 21 और अनुच्छेद 47 का भी उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे शराब की दुकानें खुलेआम चल रही हैं, जो आदेश का उल्लंघन है। याचिकाकर्ता में अपनी बात को प्रमाणित करने के लिए याचिका के साथ शराब दुकानों की तस्वीरें और दस्तावेज भी संलग्न किए गए हैं।

### ये हैं सुप्रीम कोर्ट के निर्देशः

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता आर्यन उरमलिया ने कोर्ट को बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों से 500 मीटर की दूरी के अंदर कोई शराब दुकान नहीं चल सकती, न ही वह राजमार्ग से दिखनी चाहिए और न ही उसकी सीधी पहुंच होनी चाहिए। एक जून, 2017 को केंद्र सरकार ने इस आशय का सर्कुलर जारी किया था। फिर भी मध्य प्रदेश में 2025-26 की नई आबकारी नीति में भी कई दुकानों का नवीनीकरण कर दिया गया और नई दुकानें राजमार्गों के पास ही आवंटित की गई हैं।

## हाईकोर्ट ने पन्ना के प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश राजाराम भारती को किया निलंबित

**विशेष न्यायाधीश प्रदीप कुशवाह को अस्थाई तौर पर सौंपी प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश पद की जिम्मेदारी**

**जबलपुर।** हाईकोर्ट ने पन्ना के प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश राजाराम भारती को निलंबित कर दिया है। गुरुवार को एक आदेश जारी कर विशेष न्यायाधीश प्रदीप कुशवाह को प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश पद की जिम्मेदारी अस्थाई तौर पर सौंप दी है। इससे पूर्व हाईकोर्ट ने दमोह के जिला सत्र न्यायाधीश हितेंद्र सिंह सिसोदिया को भी निलंबित किया था। इन निलंबनों की वास्तविक वजह जानने आधिकारिक जानकारी हासिल करने का प्रयास किया गया। किंतु उच्चाधिकारियों ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

### कलेक्टर द्वारा अवैध खनन मामले में एक अरब से अधिक का जुर्माना लगाए जाने के प्रकरण से जोड़कर देखी जा रही कार्रवाई

हाई कोर्ट की ताजा कार्रवाई को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं जारी हैं। पूर्व में पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार ने मेसर्स डायमंड स्टोन क्रशर के मालिक कांग्रेस नेता श्रीकांत दीक्षित पर अवैध खनन मामले में एक अरब से अधिक का जुर्माना अधिरोपित किया था। यह कार्रवाई उप संचालक खनिज प्रशासन और गुनौर के एसडीएम की जांच रिपोर्ट में गिट्टी के अवैध खनन की शिकायत को गंभीरता से लेकर की गई थी। दीक्षित ने इस कार्रवाई को राजनीतिक दबाव में किए जाने का आरोप लगाया था। साथ ही अदालत की शरण ली थी। उस प्रकरण में अदालत से मिली राहत के बाद मामले में नया मोड़ आने की चर्चा है।

# टास्क देकर दवा बिक्रेता से लाखों की ठगी

जबलपुर।

ओमती थानांतर्गत अज्ञात जालसाज ने एक दवा कारोबारी को मोबाइल फोन पर टास्क देकर ऑनलाईन पैसा कमाने का झांसा देकर एक लिंक भेजकर उसके खाते से एक लाख 32 हजार रुपये नगदी उड़ा दिये। अज्ञात जालसाज पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। ओमती पुलिस ने बताया कि लालमाटी निवासी संस्कार बचपानी तुलाराम चौक पर सर्जिकल डाइपर बेचने का व्यवसाय करता है। गत 27 मार्च 2024 को सुबह 10 बजे संस्कार के मोबाइल फोन पर एक व्हाट्स अप मैसेज आया। जिसमें आनलाईन गेम के माध्यम से कुछ टास्क देकर पैसा कमाने की ात की गई थी। संस्कार को अज्ञात जालसाज ने बातों में फंसा कर इलेक्शन कमीशन का मैप फालो करने कहा। इसके बाद एक लिंक भेजकर उसे क्लिक कर टेलीग्राम पर एक कोड से मैसेज कराया गया। जिसमें 150 रुपये की राशि संस्कार के कार्ड पर भेजी गई। इसके बाद पुनः एक टास्क आया। जिसमें कहा गया कि दो हजार रुपये भेजने पर 2800 रुपये मिलेंगे। दो हजार पेटीएम के माध्यम से भेजने पर संस्कार को 2800 रुपये मिले। जालसाजों ने जब 500 रुपये राशि पुनः पेटीएम यूपीआईडी से ट्रांसफर करवाई। इसके बाद मैसेज से लिंक भेजी गई। लिंक क्लिक करने पर एक मैसेज आया। जिसमें खाते में तीन लोगों के नाम दिखाई दिए। इस तरह जालसाजों ने दवा कारोवारी संस्कार बचवानी को टास्क देकर पैसा कमाने का प्रलोभन देकर उसके खाते से एक लाख 32 हजार रुपये निकाल लिए।

**अज्ञात जालसाजों पर धोखाधड़ी का मामला**

# बीईओ कार्यालय का बाबू रिश्वत लेते पकड़ाया

## वेतन वृद्धि लगाने प्राथमिक शिक्षक से मांगी थी घूस

**जबलपुर।** लोकायुक्त पुलिस जबलपुर की टीम ने गुरुवार को यहां ब्लॉक एजुकेशन ऑफिस (बीईओ) कार्यालय में सहायक ग्रेड 2 बाबू को 15 सौ रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी बाबू ने ट्रांसफर होकर आए प्राथमिक शिक्षक से वेतन और वेतन वृद्धि निर्धारित करने के लिए रिश्वत की मांग की थी। लोकायुक्त एसपी अंजूलता पटले ने बताया कि बरगी निवासी 45 वर्षीय नन्हे सिंह धुर्वे, जो पिपरिया स्थित 'एक शाला एक परिसर' में प्राथमिक शिक्षक हैं, जून 2025 में बालाघाट से जबलपुर ट्रांसफर होकर आए थे। ट्रांसफर के बाद उनका वेतन एवं वेतन वृद्धि बीईओ कार्यालय में लंबित थी। इस समस्या के समाधान हेतु जब वे कार्यालय पहुंचे तो सहायक ग्रेड-2 शशिकांत मिश्रा (उम्र 54 वर्ष) ने वेतन और




वृद्धि लगाने के बदले रिश्वत की मांग की। पीड़ित शिक्षक ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त अंजूलता पटले से की। सत्यापन में रिश्वत मांगने की पुष्टि होने पर गुरुवार को लोकायुक्त टीम ने पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार बीईओ कार्यालय के सामने आरोपी को 15 सौ रुपए लेते ही पकड़ लिया। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज-लोकायुक्त ने आरोपी शशिकांत मिश्रा के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7, 13(1)(बी) और 13(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

कार्रवाई के दौरान राहुल गजभिए, ट्रैपकर्ता बृजमोहन सिंह नरवरिया, निरीक्षक जितेंद्र यादव आदि शामिल थे।

## विभागीय जांच के बिना नहीं कर सकते कठोर सजा से दंडित

**हाई कोर्ट ने सेवा समाप्ति आदेश किया निरस्त**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि विभागीय जांच के बिना कठोर सजा से दंडित किया जाना प्राकृतिक न्याय के प्रमुख सिद्धांत का उल्लंघन है। इस मत के साथ जस्टिस दीपक खोत की सिंगल बेंच ने पुलिस विभाग में पदस्थ आरक्षक की सेवा समाप्ति के आदेश को निरस्त कर दिया।याचिकाकर्ता राजधानी भोपाल निवासी सुभाष गुर्जर की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि वह पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ था। उसके विरुद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज होने के कारण बिना सुनवाई के अवसर दिये सेवा से बर्खास्त कर दिया। उसके विरुद्ध साजिश के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज हुए थे। जिनमें से कुछ में वह दोषमुक्त हो गया और कुछ लंबित हैं। किसी भी प्रकरण में उसे दोषी करार नहीं दिया गया है। बर्खास्ती की कार्यवाही करने के पूर्व उसे कारण बताओं नोटिस जारी नहीं किया गया था। सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण व अपील) नियम, 1966 और पुलिस नियमों के अंतर्गत किसी विभागीय जांच के बिना बर्खास्ती का आदेश पारित करना अवैधानिक है। सरकार की ओर से तर्क दिया गया कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 311 (2) के संवैधानिक अधिदेश को लागू करते हुए याचिकाकर्ता को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। याचिकाकर्ता को पुलिस कांस्टेबल के पद में होने के बावजूद आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के कारण निलंबित कर दिया गया था।




# आभूषण व नगदी से भरा बैग सुरक्षित तलाशा

## चलती ट्रेन में पिपरिया स्टेशन में भूलवश अन्य यात्री ने उतार लिया था

जबलपुर।

**जबलपुर रेल मंडल ने गुरुवार को टीम वर्ग का उदाहरण प्रस्तुत किया जब एक यात्री का कीमती सामान से भरा बैग भूलवश अन्य यात्री द्वारा पिपरिया स्टेशन में उतार लिया गया, लेकिन रेलवे की तत्परता से बैग सुरक्षित यात्री को वापस किया गया। दरअसल गुरुवार 20 नवंबर को गाड़ी संख्या 11033 पुणे–दानापुर एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे एक यात्री का कीमती सामानों से भरा सूटकेस मानवीय भूलवश पिपरिया स्टेशन पर अन्य यात्री द्वारा उतार लिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही जबलपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग की टीम द्वारा तुरंत सक्रियता दिखाते हुए सूटकेस को सुरक्षित वापस लाने की जिम्मेदारी उठाई।**

संबंधित यात्री कोच ए1 में बर्थ संख्या 52,



30 और 45 पर यात्रा कर रहा था। जबलपुर पहुंचकर जब उसे सूटकेस गायब मिला, तो उसने तत्काल स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) संजय जयसवाल एवं आशीष चड्ढा से संपर्क किया। दोनों रेलवे स्टाफ ने बिना विलंब किए पिपरिया स्टेशन के स्टाफ से संपर्क किया तथा ट्रेन में उतरे अन्य यात्री का विवरण और मोबाइल नंबर प्राप्त किया।

बातचीत के दौरान उस यात्री ने स्वीकार किया कि सूटकेस गलती से उनके साथ उतर गया था और वे इसे वापस करने के लिए तैयार हैं। इस सूचना के बाद पिपरिया स्टेशन पर रेलवे स्टाफ द्वारा सूटकेस सुरक्षित रूप से लेकर उसे गाड़ी संख्या 12322 के माध्यम से जबलपुर भेजने की तत्काल व्यवस्था की गई।

सूटकेस मिलने के उपरांत यात्री ने बताया कि उसके भीतर कीमती सोने के आभूषण एवं नगद धनराशि रखी हुई थी। सुरक्षित वापसी के बाद यात्री ने जबलपुर रेल मंडल के अधिकारियों की तत्परता, ईमानदारी, पेशेवर पारदर्शिता और समन्वित प्रयासों की सराहना करते हुए रेलवे प्रशासन को हृदय से धन्यवाद दिया।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि जबलपुर रेल मंडल यात्रियों की सुविधाओं में निरंतर सुधार, संवेदनशील व्यवहार और त्वरित सहायता के लिए प्रतिबद्ध है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240